# शाह टाइम्स

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

अधिकतम : $34^{\circ}$C
न्यूनतम : $22^{\circ}$C

देहरादून, शुक्रवार 5 जून 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 297 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2083 18 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper




दिल्ली में होटल अग्निकांड के बाद यूपी में अलर्ट जारी पेज 2



सूर्यकुमार की कप्तानी लेने की दौड़ में श्रेयस अय्यर, ईशान किशन व तिलक वर्मा खेल टाइम्स



प्रकृति से समझौते का नहीं, संकल्प का समय सम्पादकीय



भारत और वेनेजुएला द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत बनाएंगे पेज 12

# ईरान युद्ध से ट्रम्प को रोकने वाला युद्ध शक्ति प्रस्ताव मंजूर

**वाशिंगटन, वार्ता**



■ अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में वॉर पावर्स रेजोल्यूशन ( युद्ध शक्ति प्रस्ताव ) 215-208 मतों से पारित

**रिपब्लिकन के नेतृत्व** वाली अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान में आगे कोई भी सैन्य कार्रवाई करने से रोकने के लिए एक प्रस्ताव वॉर पावर्स रेजोल्यूशन (युद्ध शक्ति प्रस्ताव) को मंजूरी दे दी है। यह प्रस्ताव 215-208 मतों से पारित हुआ है। यह प्रस्ताव तब सफल हुआ जब चार रिपब्लिकन सदस्यों ने डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर इस युद्ध के प्रति अपनी असहमति जताई।

यह युद्ध 28 फरवरी को शुरू हुआ था। यह प्रस्ताव ट्रम्प को ईरान से अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने के निर्देश देता है, जब तक कि कांग्रेस युद्ध की घोषणा न कर दे या सैन्य बल के इस्तेमाल को अधिकृत न कर दे। सदन के जिन चार रिपब्लिकन सदस्यों ने युद्ध शक्तियों वाले प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया, उनमें मिशिगन के प्रतिनिधि टॉम बैरेट, ओहियो के वॉरेन डेविडसन, पेंसिल्वेनिया के ब्रायन फिट्ज़पैट्रिक और केंटकी के थॉमस मैसी शामिल थे। उन्होंने चेतावनी दी कि ट्रम्प बिना किसी साफ रणनीति के देश को एक लंबे संघर्ष में घसीट सकते हैं। साथ ही उन्होंने 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हवाई हमलों की शुरुआत के बाद से गैसोलीन, खाने-पीने की चीजों और दूसरे उत्पादों की बढ़ती कीमतों पर भी चिंता जताई। इस प्रस्ताव का पारित होना इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह व्हाइट हाउस पर ईरान युद्ध को समाप्त करने का दबाव बढ़ाता है, क्योंकि पेट्रोल की कीमतें आसमान छू रही हैं और युद्ध के प्रति जनता का विरोध भी बढ़ गया है। श्री ट्रम्प की युद्ध संबंधी शक्तियों पर लगाम लगाने का सदन का यह चौथा प्रयास था। सीनेट ने मई में इसी तरह का एक प्रस्ताव आगे बढ़ाया था, लेकिन अभी तक उस पर पूरी तरह से मतदान नहीं हुआ है। कांग्रेस में ट्रम्प के लिए यह एक और झटका था, भले ही सदन और सीनेट दोनों में उनकी पार्टी के पास मामूली बहुमत है। यह वोट इस प्रस्ताव को अपनाने के लिए था, जिसके तहत ट्रम्प को अमरीकी सेना को वापस बुलाना होगा या इस संघर्ष के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी। व्हाइट हाउस ने इस प्रस्ताव की अहमियत को खारिज करते हुए कहा है कि यह राष्ट्रपति की शक्तियों को सीमित करने का एक असंवैधानिक प्रयास है।

# मानसून ने केरल में दी दस्तक

## तमिलनाडु के सीमावर्ती जिलों में भीषण गर्मी से मिलेगी राहत

**चेन्नई, वार्ता**

**दक्षिण-पश्चिम** मानसून ने गुरुवार को केरल में दस्तक दी, केरल के कई हिस्सों में पिछली रात से भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने कहा है कि मानसून भारत में प्रवेश कर चुका है। जिससे पश्चिमी घाट व तमिलनाडु के सीमावर्ती जिलों में भारी बारिश होने तथा भीषण गर्मी के प्रकोप से राहत मिलने के आसार हैं।

मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व अरब सागर के शेष हिस्सों, मध्य-पश्चिम और मध्य- पूर्व अरब सागर के कुछ हिस्सों, पूरे लक्षद्वीप द्वीप समूह, केरल और माहे में आगे बढ़ गया है। इसके साथ ही मानसून गुरुवार को कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों, कोमोरिन क्षेत्र के शेष हिस्सों, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम, मध्य- पश्चिम, मध्य-पूर्व एवं उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों में भी आगे बढ़ चुका है। अगले दो-तीन दिनों के दौरान मध्य अरब सागर के कुछ और हिस्सों, पूरे गोवा, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों, कर्नाटक के कुछ और हिस्सों, तमिलनाडु के शेष हिस्सों, दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी, मध्य-पश्चिम, मध्य-पूर्व और उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों तथा पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां बिल्कुल अनुकूल हैं।

## दिल्ली में आंधी व तेज बारिश से लोगों को मिली गर्मी से राहत



**नई दिल्ली।** दिल्ली के कई हिस्सों में गुरुवार दोपहर को हुई बारिश से पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से राहत मिली है।

राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में दिन में तेज आंधी के बाद बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, गुरुवार दोपहर 2:30 बजे तक मयूर विहार स्टेशन पर सबसे अधिक 23 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो 'मध्यम बारिश' की श्रेणी में आती है। आयानगर, पुष्प विहार, पालम और प्रगति मैदान में भी हल्की बारिश दर्ज की गई, जहां सुबह 11:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे के बीच क्रमशः 14.2, 10.5, 5.8 मिमी और 3.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने शाम तक मध्य दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, उत्तरी दिल्ली, उत्तर पूर्वी दिल्ली, उत्तर पश्चिमी दिल्ली, शाहदरा, दक्षिणी दिल्ली, दक्षिण पूर्वी दिल्ली, दक्षिण पश्चिमी दिल्ली और पश्चिमी दिल्ली सहित दिल्ली के सभी जिलों में 'रेड अलर्ट' जारी किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मैं भगोड़ा नहीं, दुनिया घूम रहा हूं: ललित मोदी

**नई दिल्ली।** आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने कहा कि मेरे लिए भगोड़े शब्द का इस्तेमाल मीडिया की तरफ से किया गया। मेरे खिलाफ आज तक कोई केस नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं बिल्कुल भी नहीं भाग रहा हूं। मैं पूरी दुनिया में घूम रहा हूं। अगर मैं भाग रहा होता, तो आप मुझे कहीं न कहीं पकड़ ही लेते। भारत सरकार की पहुंच बहुत लंबी है। आप भारत सरकार से पंगा नहीं ले सकते। और मेरा ऐसा कोई इरादा भी नहीं है।

### दिल्ली होटल आग: मालिक चार दिन की पुलिस रिमांड पर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लोरिश होटल में लगी आग मामले में मालिक लवकेश बजाज को 4 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। बजाज को पुलिस ने दिल्ली कोर्ट में पेश किया था। वहीं, बजाज ने पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार, आग लगने के दौरान बजाज अपनी कार से जलती हुई इमारत के पास से गुजरा, लेकिन लोगों की मदद करने के बजाय वहां से निकल गया। उसने बताया कि वह डर के कारण मौके से भाग गया था। उसने यह भी स्वीकार किया कि उसने न तो किसी की मदद की और इसके बजाय वह शहर में इधर-उधर घूमता रहा।

### मालवीय नगर हादसा मृतक आश्रितों को 10-10 लाख मदद

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मालवीय नगर हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। श्रीमती रेखा गुप्ता ने गुरुवार को मालवीय नगर भीषण अग्निकांड के बाद साकेत स्थित मैक्स अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना।

# कुछ पद सिर्फ कम शिक्षितों के लिए: सुप्रीम कोर्ट

## बड़ी डिग्री छुपाकर नौकरी हासिल करना गलत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ कहा: यह असली हकदार से रोजगार छीनने जैसा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि कम शैक्षणिक योग्यता के लिए आरक्षित नौकरी के लिए अपनी शिक्षा छुपाना पद के असली हकदार से रोजगार छीनना है।

इसलिए उच्च योग्यता छिपाकर ली गई नौकरी कानूनन अमान्य होगी। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने मद्रास हाई कोर्ट के 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कोर्ट ने सिंडिकेट बैंक के अटेंडेंट की नौकरी पाने के लिए ग्रेजुएशन की डिग्री छुपाने वाले एक व्यक्ति के पक्ष में फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कम पढ़े-लिखे लोग कम योग्यता वाली नौकरियों में ज्यादा पढ़े-लिखे लोगों का मुकाबला नहीं कर सकते हैं। ऐसे में सरकार का कुछ पदों को कम पढ़े-लिखे लोगों के लिए सुरक्षित रखना पूरी तरह सही है। कोर्ट ने 2025 के एक पुराने फैसले का हवाला देते हुए कहा कि सार्वजनिक रोजगार सभी योग्य उम्मीदवारों को तय नियमों के तहत ही मिलना चाहिए। सिर्फ इसलिए कि कोई उम्मीदवार तय सीमा से अधिक पढ़ा-लिखा है, उसे उस कम योग्यता वाले पद पर नियुक्ति का कोई स्वतः अधिकार नहीं मिल जाता।

## WFI को लगा सुप्रीम झटका



डब्ल्यूएफआई के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट की टिप्पणियों को हटाने से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विनेश फोगाट मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की वह याचिका खारिज कर दी है, जिसमें उसने दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा उनके खिलाफ की गई टिप्पणियों को हटाने की मांग की थी।

न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि डब्ल्यूएफआई द्वारा दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर याचिका अब बेमानी हो गई है, क्योंकि विनेश फोगाट ने आखिरकार 29 मई को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद चयन ट्रायल में हिस्सा ले लिया था। पीठ ने डब्ल्यूएफआई के खिलाफ हाईकोर्ट की टिप्पणियों को हटाने से इन्कार करते हुए साफ किया कि विशेष अनुमति याचिका ) के निपटारे को सुप्रीम कोर्ट द्वारा उन निष्कर्षों का समर्थन नहीं माना जाना चाहिए।

### चीन से हैलोसल्फ्यूरॉन मिथाइल हर्बीसाइड के आयात पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कृषि रसायनों और जनसुरक्षा से जुड़े मामलों में नियामकीय मानकों के कड़ाई से पालन की आवश्यकता पर जोर देते हुए दिल्ली स्थित कंपनी सीसीपीएल को हर्बीसाइड हैलोसल्फ्यूरॉन मिथाइल के आयात और निर्माण के लिए दिया गया पंजीकरण रद्द कर दिया है।

## मोदी शासन में शिक्षा व्यवस्था हुई बर्बाद: राहुल गांधी

■ कहा: नीट छात्रा आकांक्षा की मौत इसी विफलता का परिणाम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नीट परीक्षा गड़बड़ी के लिए मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि नीट पेपर लीक के कारण जान गंवाने वाली आकांक्षा की मौत आत्महत्या नहीं, बल्कि एक भ्रष्ट और टूटी हुई व्यवस्था का परिणाम है।

श्री गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि आकांक्षा डाक्टर बनकर देश और समाज की सेवा करना चाहती थी। उसके पिता किसान हैं, जिन्होंने बेटी के सपने को पूरा करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड पर तीन लाख रुपये का कर्ज लिया और नागपुर में रसोइए की नौकरी की, ताकि वह कोचिंग कर सके। कांग्रेस नेता ने कहा कि एक पिता ने अपनी ओर से हर संभव प्रयास किया, लेकिन नीट पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने के बाद पैदा हुई अनिश्चितता के बीच आकांक्षा हमें छोड़कर चली गई।

### सीबीएसई चेयरमैन का ट्रांसफर सिर्फ दिखावा: सीजेपी

**नई दिल्ली।** काकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने दिल्ली में पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पार्टी की तरफ से तीन प्रवक्ता पहली बार अपनी मांगों को लेकर जनता के बीच आए। उन्होंने शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को दोहराया और कहा इसके लिए वे सरकार और विपक्ष दोनों से बातचीत को तैयार हैं। सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने सीबीएसई चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता के तबादले को सिर्फ दिखावा बताया। शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय होनी चाहिए।

# पीएम मोदी से मिलीं सिटी बैंक की अध्यक्ष व सीईओ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ पीएम से जेन फ्रेजर ने भारत के विकास की प्राथमिकताओं व सहयोग के अवसरों पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर काम करने वाले अमेरिका के प्रसिद्ध बैंकिंग संस्थान सिटी बैंक के संचालक मंडल की प्रमुख और मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) जेन फ्रेजर ने यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और भारत के आर्थिक विकास में सहयोग देने की अपनी कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराया।

सिटी अगले वर्ष भारत में अपने परिचालन के 125 साल पूरे करने जा रहा है। सिटी बैंक की ओर से गुरुवार को हुई इस मुलाकात पर जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रधानमंत्री के साथ सिटी की सीईओ की बुधवार को हुई बातचीत में देश में वैश्विक निवेश आकर्षित करने, विदेशों में भारतीय कंपनियों को बढ़ावा देने और वैकल्पिक ऊर्जा तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्रों में अवसरों की तलाश करने जैसे विषय शामिल थे।




## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में तीन दिन बारिश-आंधी के आसार, लौटेगी लू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों तक मौसम का मिजाज बदला हुआ रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार चार से छह जून के बीच प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश और बौछारें पड़ सकती हैं। इस दौरान तेज हवाएं चलने तथा कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका जताई गई है। मौसम केंद्र, लखनऊ द्वारा गुरुवार को जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार 4, 5 और 6 जून को पश्चिमी एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर वर्षा और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। हालांकि 7 जून से मौसम फिर शुष्क होने लगेगा और 10 जून तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश की संभावना नहीं है। विभाग ने चार जून को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने के साथ मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

### शिक्षा क्षेत्र में पंजाब बना देश में नंबर वन: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भगवंत मान सरकार की तारीफ करते हुए कहा है कि महज चार साल में ही शिक्षा के क्षेत्र में पंजाब को नंबर वन बना दिया। केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि सरकारी स्कूलों की शिक्षा में कभी 27वें स्थान पर रहा पंजाब आज पहले स्थान पर पहुंच गया है। यह सर्वे केंद्र सरकार के नीति आयोग का है, जिसके अनुसार, पंजाब ने केरल को भी पीछे छोड़ दिया है। दिल्ली में शिक्षा क्रांति के बाद अब पंजाब के सरकारी स्कूलों में भी ऐतिहासिक बदलाव हो रहा है।

# अर्थव्यवस्था की स्थिति से घबराई मोदी सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि देश की अर्थव्यवस्था सुस्त निवेश, कमजोर मांग और निजी क्षेत्र की निवेश में घटती रुचि जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है और सरकार इन समस्याओं के समाधान के ठोस उपाय करने की बजाय विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) को राहत देने के लिए आयकर कानून में संशोधन संबंधी अध्यादेश लाने की तैयारी में है। पार्टी का कहना है कि यह कदम अर्थव्यवस्था की बुनियादी समस्याओं का समाधान नहीं कर सकता इसलिए सरकार को आर्थिक स्थिति को लेकर घबराहट में कदम उठाने के बजाय ठोस उपाय करने की दिशा में पहल कर दीर्घकालिक उपाय करने चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि एक समाचार चैनल की रिपोर्ट के अनुसार सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करने वाले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों पर लगने वाले 12.5 प्रतिशत दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स) को समाप्त करने के लिए सरकार आयकर अधिनियम में संशोधन संबंधी अध्यादेश लाने की योजना बना रही है। यह कर दर जुलाई 2024 के केंद्रीय बजट में निर्धारित की गई थी। उन्होंने कहा कि वास्तविक समस्या यह है कि देश में निजी कॉरपोरेट निवेश बेहद कमजोर बना हुआ है। जिन कंपनियों को भारत में निवेश करना चाहिए, वे या तो विदेशों में निवेश कर रही हैं अथवा घरेलू निवेश को टाल रही हैं। उनका दावा है कि कॉरपोरेट मुनाफा रिकॉर्ड स्तर पर होने के बावजूद जीडीपी में निजी कॉरपोरेट निवेश की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय गिरावट आई है। रमेश ने कहा कि अध्यादेश जैसे तात्कालिक कदम केवल सुर्खियां बटोर सकते हैं, लेकिन निजी निवेश में गिरावट के संरचनात्मक कारणों का समाधान नहीं कर सकते। वास्तविक मजदूरी में ठहराव, आय एवं संपत्ति की बढ़ती असमानता, आर्थिक शक्ति के बढ़ते केंद्रीकरण तथा जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग से बने भय के माहौल को उन्होंने इसके प्रमुख कारण बताया।



■ एफपीआई को राहत देने के लिए आयकर कानून में संशोधन अध्यादेश लाने की तैयारी जारी: कांग्रेस

# पर्यटन को सांस्कृतिक पुनर्जागरण और रोजगार से जोड़ें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उप्र केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक परंपरा और ज्ञान-विरासत का प्रतिनिधि प्रदेश है। इसलिए पर्यटन विकास को केवल आधारभूत ढांचे तक सीमित न रखकर उसे सांस्कृतिक पुनर्जागरण, स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और वैश्विक पहचान से जोड़कर आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

गुरुवार को पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन प्रदेश की सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को नई गति देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, पारंपरिक कला, खानपान और सेवा क्षेत्र को व्यापक अवसर मिलेंगे। बैठक में भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण से जुड़े 'ज्ञान भारत मिशन' की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राचीन पांडुलिपियां भारत की सभ्यता, दर्शन और वैज्ञानिक परंपरा की अमूल्य धरोहर हैं। इनके संरक्षण और डिजिटलीकरण से नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ सकेगी। अधिकारियों ने बताया कि अब तक 13.70 लाख से अधिक पांडुलिपियों का सर्वेक्षण, डिजिटलीकरण और संरक्षण किया जा चुका है। पर्यटन नीति-2022 में प्रस्तावित संशोधनों पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने निवेश और अनुभव आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। बैठक में नीम करोली बाबा सर्किट और बुंदेलखंड फोर्ट सर्किट विकसित करने के साथ-साथ 'परंपरा' विरासत अनुभव केंद्र, कृषि पर्यटन और वाइनयार्ड पर्यटन जैसी नई अवधारणाओं को प्रोत्साहित करने पर विचार किया गया। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में नव-लोकार्पित नौसेना शौर्य वाटिका और निर्माणाधीन आईएनएस गोमती शौर्य संग्रहालय की समीक्षा करते हुए कहा कि यह परियोजनाएं युवाओं में राष्ट्रभक्ति और सैन्य गौरव की भावना को मजबूत करेंगी। वहीं आगरा में निर्माणाधीन छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय में उनके जीवन, स्वराज्य स्थापना, आगरा प्रवास और सुशासन की अवधारणा को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। नैमिषारण्य के विकास की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने इसे वैदिक ज्ञान, योग, आयुर्वेद और वेलनेस का वैश्विक केंद्र बनाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि यहां धार्मिक आस्था, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक सुविधाओं के बीच संतुलन स्थापित किया जाए। मास्टर प्लान के तहत वेद विज्ञान केंद्र, वैदिक थीम पार्क, रिवरफ्रंट, तीर्थयात्री आवास और इंटरप्रिटेशन सेंटर विकसित किए जाएंगे। मिर्जापुर-विध्याचल क्षेत्र के लिए तैयार हो रहे मास्टर प्लान की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने त्रिकोण परिक्रमा क्षेत्र के समग्र विकास पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि शक्तिपीठों के निकट माता सती की पौराणिक कथा का आकर्षक और प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया जाए।



■ उप्र भारत की सांस्कृतिक चेतना आध्यात्मिक परंपरा और ज्ञान-विरासत का प्रतिनिधि प्रदेश: मुख्यमंत्री

## प्रदेश भर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ाई गई

# दिल्ली में अग्निकांड के बाद यूपी में अलर्ट जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/वाराणसी।** दिल्ली में हुए भीषण अग्निकांड के बाद उप्र सरकार ने प्रदेश भर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस, अग्निशमन विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों को व्यापक जांच और सुरक्षा ऑडिट के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश की सभी हाईराइज इमारतों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, सरकारी और निजी कार्यालयों, होटल, मॉल तथा अन्य सार्वजनिक भवनों की सघन जांच कराई जाए। जहां भी अग्निशमन मानकों में कमी पाई जाए, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री योगी ने विशेष रूप से सभी होटलों की विस्तृत जांच कराने और उनकी फायर सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट तलब करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अग्निकांड जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा आपातकालीन निकास, अग्निशमन उपकरणों और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की कार्यशीलता की भी जांच की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले संस्थानों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अग्निशमन व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त रहे। अधिकारियों का कहना है कि समय रहते सुरक्षा उपायों को मजबूत कर जनहानि और संपत्ति के नुकसान की संभावनाओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से प्रदेशभर में फायर सेफ्टी को लेकर विशेष अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है। वहीं दिल्ली के एक होटल में हुए भीषण अग्निकांड के बाद वाराणसी में गुरुवार को अग्निशमन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी आनंद सिंह राजपूत के नेतृत्व में अग्निशमन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने शहर के होटलों, लॉजों तथा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान कैंटोनमेंट क्षेत्र और रेलवे स्टेशन के सामने स्थित परेड कोठी इलाके के कई बड़े व छोटे होटलों का निरीक्षण किया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी आनंद सिंह राजपूत ने कहा कि अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन सभी प्रतिष्ठानों के लिए अनिवार्य है।



■ मुख्यमंत्री ने पुलिस, अग्निशमन विभाग अन्य संबंधित विभागों को व्यापक जांच के निर्देश दिए

### लापरवाही बन सकती है हादसे का सबब

थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इसलिए होटल संचालकों को चाहिए कि वे अपने कर्मचारियों को नियमित रूप से अग्निशमन और आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जा सके। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने होटल प्रबंधन व कर्मचारियों से सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही बेसमेंट व अन्य स्थानों पर जमा ज्वलनशील कूड़ा-कचरा और कबाड़ को तुरंत हटाने के निर्देश दिए, ताकि आग लगने की स्थिति में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।

# यूपी पुलिस में 206 पीपीएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस प्रशासन में बड़ा बदलाव करते हुए प्रांतीय पुलिस सेवा (पीपीएस) के 206 अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। गृह विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार डिप्टी एसपी स्तर के अधिकारियों को विभिन्न जिलों, कमिश्नरेटों, पीएसी बटालियनों तथा विशेष इकाइयों में नई तैनाती दी गई है।

तबादला सूची में लखनऊ, कानपुर नगर, वाराणसी, आगरा, गाजियाबाद, प्रयागराज, गोरखपुर, मेरठ, अयोध्या, झांसी, बरेली और नोएडा सहित प्रदेश के कई महत्वपूर्ण जिलों एवं पुलिस कमिश्नरेटों के अधिकारियों के नाम शामिल हैं। इस प्रशासनिक फेरबदल के तहत कई अधिकारियों को जिला पुलिस से कमिश्नरेट प्रणाली में स्थानांतरित किया गया है, जबकि कुछ अधिकारियों को पीएसी, सीआईडी, रेलवे पुलिस और अन्य विशेष सुरक्षा इकाइयों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सरकार के आदेश के अनुसार विभिन्न जनपदों में तैनात क्षेत्राधिकारियों (सीओ) और पुलिस उपाधीक्षकों के कार्यक्षेत्र में भी व्यापक बदलाव किया गया है। कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियों के साथ संवेदनशील और महत्वपूर्ण तैनाती दी गई है।

■ डिप्टी एसपी स्तर के अधिकारियों को विभिन्न जिलों, कमिश्नरेटों, पीएसी बटालियनों तथा विशेष इकाइयों में नई तैनाती दी

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 74360.01
निफ्टी 23416.55

सोना 156000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 259000 प्रति किलो

# शेयर बाजारों में लौटी तेजी

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को लिवाली लौट आई, हालांकि आईटी कंपनियों के दबाव में प्रमुख सूचकांक दिनभर के उतार.चढ़ाव के बाद हल्की बढ़त में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 13.84 अंक (0.02 प्रतिशत) की तेजी में 74,360.01 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 10.95 अंक यानी 0,05 प्रतिशत ऊपर 23,416.55 अंक पर पहुंच गया। प्रमुख सूचकांकों में बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया। दिनभर ए कभी लाल तो कभी हरे निशान में रहे। इस दौरान सेंसेक्स नीचे 73,807.30 अंक तक और ऊपर 74,544.24 अंक तक गया। वृहत बाजार में शुरू से ही अच्छी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.43 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.49 प्रतिशत टूट गया। धातु, आईटी और रसायन सेक्टरों की कंपनियों में निवेशक बिकवाल रहे। वहीं टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और मीडिया समूहों के सूचकांक दो प्रतिशत से अधिक चढ़े। बैंकिंग, वित्त, फार्मा, स्वास्थ्य, ऑटो और एफएमसीजी समूहों में भी तेजी देखी गई। एनएसई में जिन 3,396 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,815 के शेयर बढ़त में रहे और 1,471 के फिसल गए।



अन्य 110 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार.चढ़ाव के बाद अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर लाल निशान में रहे। टाइटन में सबसे अधिक 3.43 प्रतिशत की तेजी रही। इटरनल का शेयर 2.91 प्रतिशत, आईटीसी का 1.21 प्रतिशत और टेक महिंद्रा का 0.95 प्रतिशत चढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बीईएल और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। इंफोसिस का शेयर 1.76 फीसदी टूट गया। बजाज फिनसर्व में 1.32 प्रतिशत और अल्ट्राटेक सीमेंट में 0.96 प्रतिशत की गिरावट रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, अडानी पोर्ट्र्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनीलिवर, टाटा स्टील, सन फार्मा, एलएंडटी, भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस के शेयर भी लाल निशान में रहे।

### सोना 545 बढ़कर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हुआ, चांदी 2,432 गिरकर 2.59 लाख पर आई

**नई दिल्ली।** सोने के दाम में 4 जून को बढ़त है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम आज 545 रुपये बढ़कर 1.56 लाख रुपये हो गया है। हालांकि चांदी के दाम में आज गिरावट है। 1 किलो चांदी की कीमत 2,432 रुपये कम होकर 2.59 लाख रुपये पर आ गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी रही है। सोना 2026 में अब तक 23 हजार रुपये और चांदी 29 हजार रुपये महंगी हुई है। 31 दिसम्बर 2025 को 10ह सोना 1.33 लाख रुपये पर था, जो अब 1.56 लाख रुपये पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 2.30 लाख रुपये किलो थी, जो अब 2.59 लाख रुपये पर पहुंच गई है।

# गेहूं मजबूत, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल का औसत भाव लगभग स्थिर रहा। चावल के साथ चीनी की कीमत भी कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही टिकी रही। गेहूं में तेजी देखी गई, जबकि दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,857 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं तीन रुपये महंगा हुआ और 2,785 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी दो रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में मसूर दाल औसतन 10 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। उड़द दाल 10 रुपये और मूंग दाल पांच रुपये महंगी हो गई। चना दाल और तुअर दाल के भाव में टिकाव रहा। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अगस्त का पाम ऑयल वायदा 75 रिगिट गिरकर 4,602 रिगिट प्रति टन बोला गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.36 प्रतिशत की गिरावट में 78.43 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल की औसत कीमत 15 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। सोया तेल नौ रुपये और सरसों तेल आठ रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल 18 रुपये और वनस्पति सात रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल में चार रुपये प्रति क्विंटल का टिकाव रहा। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव पांच रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। वहीं चीनी कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही पड़ी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल. दलहन: दाल चना 7723.67 रुपये, मसूर काली 8121.59 रुपये, मूंग दाल 10168.63 रुपये, उड़द दाल 10846.19 रुपये, तुअर दाल 11268.79 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: गेहूं दड़ा 2784.68 रुपये और चावल 3857.22 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3259.77 रुपये प्रति क्विंटल रहा।



स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# महिलाओं, बच्चों के पोषण में विफल सरकार छिपा रही है आंकड़े : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए केंद्र सरकार पर महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य तथा पोषण के मुद्दों पर विफल रहने का आरोप लगाया।

खड़गे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि देश में प्रत्येक पांच में से एक बच्चा तीव्र कुपोषण का शिकार है। एक-तिहाई बच्चे कम वजन के हैं, छह से 23 माह आयु वर्ग के 84 प्रतिशत से अधिक बच्चों को पर्याप्त पोषण नहीं मिल रहा है तथा 15 से 49 वर्ष आयु वर्ग की 57 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। उनका आरोप है कि मोदी सरकार अपनी नाकामियों को उजागर करने वाले महत्वपूर्ण आंकड़ों को जानबूझकर छिपा रही है। उन्होंने कहा कि एनएफएचएस-6 के आंकड़ों ने भारतीय जनता पार्टी की अक्षमता को बेनकाब कर दिया है। खड़गे ने आरोप लगाया कि सरकार चुनिंदा आंकड़ों को दबाने, कमजोर वर्गों की उपेक्षा करने, प्रचार के माध्यम से सकारात्मक छवि पेश करने, वास्तविक स्थिति से ध्यान भटकाने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि बचाने की रणनीति अपनाते हुए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार को जवाबदेह होना चाहिए और सभी आंकड़े सार्वजनिक कर वास्तविक स्थिति सामने रखनी चाहिए।



### अर्थव्यवस्था पर दहशत फैला रहे हैं राहुल: भाजपा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा आर्थिक संकट को लेकर दी गई चेतावनी के एक दिन बाद भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने गुरुवार को तीखा पलटवार करते हुए विपक्ष के नेता पर अर्थव्यवस्था के संबंध में 'दहशत' फैलाने का आरोप लगाया। पूनावाला ने गांधी की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ष्एलओपी का मतलब 'लीडर ऑफ प्रोपेगैंडा' (प्रचार का नेता) है, न कि 'लीडर ऑफ अपोजिशन' (विपक्ष का नेता)। वह अर्थव्यवस्था और लोकतांत्रिक संस्थाओं के बारे में उन दावों के जरिए दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे थे, जो बेबुनियाद हैं। पूनावाला ने आपातकाल जैसी स्थिति की संभावना पर गांधी की टिप्पणियों का जक्रि करते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास खुद आपातकाल से जुड़ा रहा है और लोकतांत्रिक मूल्यों पर दूसरों को उपदेश देने की उनकी विश्वसनीयता बहुत कम है।

# एक पेड़ मां के नाम: पर्यावरण दिवस पर यूपी में पांच करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य

■ ■ विश्व पर्यावरण दिवस पर कुकरैल में होगा वृहद पौधरोपण, मुख्यमंत्री योगी करेंगे शुभारंभ

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुकरैल वन क्षेत्र से इसका शुभारंभ करेंगे। उनके नेतृत्व में पूरे राज्य में एक दिन में 5 करोड़ पौधरोपण किए जाएंगे। इसके लिए सभी विभागों व मंडलों के लक्ष्य निर्धारित कर दिए गए हैं।

पर्यावरण दिवस पर वन विभाग की तरफ से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्य आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कुकरैल वन क्षेत्र में वृहद पौधरोपण होगा। सबसे पहले यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पौधरोपण करेंगे। यहां 200 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में वन मंत्री अरुण सक्सेना, प्रभारी मंत्री, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।

इसके पश्चात प्रदेश के 17 नगर निगमों, 825 विकास खंडों, 762 नगर निकायों समेत सभी ग्राम पंचायतों में यह अभियान पूरे दिन चलेगा। वन विभाग के संयोजकत्व में ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि, उद्यान, नगर विकास आदि विभागों के सहयोग से अमृत सरोवर, तालाबों, सड़कों, एक्सप्रेसवे, नदियों, नहरों आदि के किनारे पौधे लगाए जाएंगे। इसमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि की भी सहभागिता होगी।

### मंडल वार पौधारोपण का लक्ष्य किया निर्धारित

**लखनऊ।** सरकार ने उत्तर प्रदेश के अंतर्गत सभी मंडलों का अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित कर दिया है जिसके तहत मंडल के प्रत्येक जनपद में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधे लगाए जाएंगे। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लखनऊ मंडल में 62 लाख, बरेली में 32.21 लाख व प्रयागराज में लगेंगे 32.17 लाख पौधे लगेंगे। मेरठ मण्डल में 19,06,000, सहारनपुर मण्डल में 14,86,000, आगरामण्डल में 24,67,000, अलीगढ़ मण्डल में 18,97,000 मुरादाबाद मण्डल में 27,60,000, बरेली मण्डल में 32,21,000, प्रयागराज मण्डल में 32,17,000,वाराणसी मण्डल में 24,83,000, मीरजापुर मण्डल में 28,63,000, गोरखपुर मण्डल में 24,75,000, बस्ती मण्डल में 16,01,000, आजमगढ़ मण्डल में 18,93,000, लखनऊ मण्डल में 62,77,000, अयोध्या मण्डल में 30,41,000, देवीपाटन मण्डल में 29,34,000, कानपुर मण्डल में 31,83,000 झांसी मण्डल में 31,67,000, चित्रकूट मण्डल में 31,29,000 लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके साथ-साथ विभागों को ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसके अंतर्गत ग्राम्य विकास विभाग- 3 करोड़ कृषि विभाग- 75 लाख वन विभाग- 50 लाख उद्यान विभाग- 50 लाख पंचायती राज विभाग- 20 लाख नगर विकास- 5 लाख लक्ष्य है, जबकि कुल 5 करोड़ पौधे इस अभियान के अंतर्गत लगाए जाएंगे।

### ईंधन अधिभार वसूली को लेकर पावर कॉरपोरेशन कर रहा नियमों का उल्लंघन

**लखनऊ।** उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड पर विद्युत नियामक आयोग के आदेशों की अवहेलना करने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। परिषद ने इस संबंध में उप्र विद्युत नियामक आयोग में विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 142 और 146 के तहत अवमानना एवं विधिक कार्रवाई का प्रस्ताव दायर किया है। परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाया कि आयोग द्वारा 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार (फ्यूल सरचार्ज) की प्रस्तावित वसूली को नियमों के विपरीत करार दिए जाने के बावजूद पावर कॉरपोरेशन ने कथित रूप से बिलिग सॉफ्टवेयर में बदलाव कर उपभोक्ताओं से यह राशि वसूलनी शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री ने 9.74 लाख लाभार्थियों को 176.59 करोड़ की पेंशन राशि की हस्तांतरित

## राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यशाला में नशा मुक्ति एवं वरिष्ठ नागरिक सम्मान की दिलाई शपथ, जन कल्याण और समामाजिक न्याय के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : धामी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न योजनाओं के तहत माह मई 2026 की पेंशन वन क्लिक के माधयम से लाभार्थियों के खाते में हस्तांतरित की। 09 लाख 74 हजार 338 लाभार्थियों के खाते में कुल 176 करोड़ 59 लाख 24 हजार की धनराशि का हस्तांतरण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने नशा मुक्त अभियान एवं वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान और देखभाल की शपथ भी दिलाई।

गुरुवार को सर्वे चौक स्थित आई. आर.डी. टी सभागार में राज्य स्तरीय सामूहिक जागरूकता अभिमुखीकरण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय सामूहिक जागरूकता कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यशाला सामाजिक कल्याण योजनाओं को समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव, देरी और बाधा के योजनाओं का लाभ प्रदान करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ देश में जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक विस्तार हुआ है। जन-धन योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना और मुफ्त राशन योजना जैसी योजनाओं से करोड़ों लोगों को लाभ मिला है। वहीं स्टैंड-अप इंडिया, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि, दीनदयाल अंत्योदय योजना और राष्ट्रीय आजीविका मिशन के माधयम से वंचित वर्गों को स्वरोजगार एवं आर्थिक सशक्तिकरण के अवसर प्राप्त हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सामाजिक न्याय को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। अंत्योदय परिवारों को प्रतिवर्ष तीन गैस सिलेंडर निशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। दिव्यांग कार्मिकों का वाहन भत्ता बढ़ाया गया है। स्वयं सहायता समूहों को 'लखपति दीदी योजना' एवं कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़कर महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। 'मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना', 'मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना', 'वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम' तथा 'अपणि सरकार पोर्टल' के माधयम से विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री खजान दास, भरत चौधरी, विधायक सविता कपूर, पार्वती दास,, भूपाल राम टम्टा, सचिव श्रीधर बाबू अद्दांकी, अपर सचिव प्रकाश चन्द्र, विभिन्न आयोगों, परिषदों एवं समितियों के अधयक्ष एवं उपाधयक्ष मौजूद थे।

**राज्य में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेल एवं हवाई कनेक्टिविटी के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेल एवं हवाई कनेक्टिविटी के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। राष्ट्रीय खेलों और जी-20 बैठकों के सफल आयोजन से उत्तराखंड को वैश्विक पहचान मिली है, जबकि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर रहे हैं। राज्य में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही केदारखंड एवं मानसखंड मंदिर माला मिशन पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। शारदा कॉरिडोर, ;षिकेश-हरिद्वार कॉरिडोर, यमुना कॉरिडोर, विवेक. ानंद कॉरिडोर एवं गोल्ज्यू कॉरिडोर पर भी कार्य प्रगति पर है।

**पिछले चार वर्षों में राज्य की आर्थिकी डेढ़ गुना बढ़ी: सीएम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले चार वर्षों में राज्य की आर्थिकी डेढ़ गुना बढ़ी है तथा बीते एक वर्ष में राज्य की जीएसडीपी में 7.23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले चार वर्षों में प्रति व्यक्ति आय में 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। राज्य की बेरोजगारी दर में 4.4 प्रतिशत की रिकॉर्ड कमी आई है, जो राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। राज्य का बजट आकार एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। होम-स्टे, उद्योग, स्टार्टअप, हेलिपोर्ट एवं बिजली उत्पादन के क्षेत्र में दो से तीन गुना तक वृद्धि दर्ज की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) सूचकांक में उत्तराखंड को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। भारत सरकार के सार्वजनिक वित्तीय प्रदर्शन सूचकांक में विशेष श्रेणी राज्यों में उत्तराखंड दूसरे स्थान पर रहा है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में राज्य को 'अचीवर्स' तथा स्टार्टअप रैंकिंग में 'लीडर्स' श्रेणी प्राप्त हुई है।

**योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए चार सूत्रीय रणनीति पर दिया बल**

मुख्यमंत्री ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए चार सूत्रीय रणनीति पर बल देते हुए कहा कि योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार, सरकारी प्रक्रियाओं का सरलीकरण, तकनीक का अधि. कतम उपयोग तथा नियमित मॉनिटरिंग एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने आयोगों, परिषदों एवं समितियों के सदस्यों से जिलों और दूरस्थ क्षेत्रों का नियमित भ्रमण कर जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी करने का आह्वान किया।

# सूबे के स्कूलों में अनिवार्य होगा एनसीसी एनएसएस व स्काउटः डॉ. रावत

## समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए स्कूल ड्रापआउट कम करने के निर्देश

■ कहा, विद्यालयों में छात्रों को मिले डिजिटल शिक्षा, छात्रवृत्ति व मूलभूत सुविधाओं का लाभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** सूबे के सभी विद्यालयों में एनसीसी, एनएसएस व स्काउट एंड गाइड की इकाइयां गठित की जायेंगी, ताकि प्रत्येक छात्र-छात्राओं को इन में प्रतिभाग कर प्रशिक्षण का अवसर मिल सके। इसके अलावा स्कूलों में ड्रापआउट प्रतिशत कम करने, छात्रों को डिजिटल शिक्षा व मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिये विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। इसके अतिरिक्त अधिक. ारियों को स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं मुहैया करने को भी कहा गया है।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने गुरुवार को श्रीनगर द्धगढ़वालत्र में विद्यालयी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने विभागीय अधिकारियों को प्राथमिक व माधयमिक स्तर पर ड्रापआउट दर शून्य करने के लिये ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। डॉ. रावत ने कहा कि राज्य में विद्यालयी शिक्षा को और अधिक गुणवत्तापूर्ण एवं छात्र-केंद्रित बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जाय, साथ ही विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं के सुख्रढ़ीकरण के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए नवाचारी कार्यक्रम संचालित किये जाय। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्‍पुस्तकें, नोटबुक, ड्रेस, जूते, साइकिल आदि उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि आर्थिक कारणों से किसी भी छात्र की पढ़ाई प्रभावित न हो। शिक्षा मंत्री ने अधिक. ारियों को निर्देश दिये कि सभी विद्यालयों में एनसीसी, एनएसएस एवं स्काउट एंड गाइड की इकाइयों का गठन कर विद्यार्थियों की इसमें अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि इन गति. विधियों से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित होगी। डॉ. रावत ने मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये, ताकि पात्र छात्र-छात्राएं इसका अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। उन्होंने छात्र संख्या के आधार पर विद्यालयों के उच्चीकरण, डी-श्रेणी के अंतर्गत चिन्हित विद्यालयों के निर्माण कार्यों हेतु डीपीआर तैयार करने, विद्यालयों के विकासखंडवार मात्राकरण तथा शिक्षकों की पदोन्नति संबंधी कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिये।

बैठक में विभागीय मंत्री ने अटल उत्कृष्ट विद्यालयों, क्लस्टर विद्यालयों, नि:शुल्क पाठ्‍पुस्तकों के वितरण, अवस्थापना सुविधाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। इसके साथ ही डायट संस्थानों की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्रशिक्षण संस्थानों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने तथा शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया।डॉ. रावत ने अधिकारियों को विद्यालयों में फर्नीचर, विद्युत, पेयजल, शौचालय, कंप्यूटर लैब सहित सभी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में उप सचिव विद्यालयी शिक्षा ए.के. शुक्ल, अपर निदेशक विद्यालयी शिक्षा के.एस. रावत, अपर निदेशक माधयमिक परमेन्द्र कुमार, अनु सचिव विकास श्रीवास्तव सहित गढ़वाल मंडल के सभी मुख्य शिक्षा अधिकारी, सभी डायटों के प्राचार्य एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तराखण्ड की संस्कृति और जीवन शैली का प्रकृति के साथ रहा है गहरा जुड़ाव : सीएम

## पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति मुख्यमंत्री ने बताई सामूहिक प्रयासों की जरूरत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति संकल्पबद्ध होकर कार्य करने का आ]वान किया है। विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संधया पर जारी अपने सन्देश में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की संस्कृति और जीवन शैली का प्रकृति के साथ गहरा जुड़ाव रहा है। हमारे लोकपर्व, परम्पराएं और जनजीवन सदैव पर्यावरण संरक्षण के मूल्यों को सुख्रढ़ करते रहे हैं। हरेला जैसे पर्व प्रकृति के प्रति हमारी आस्था और संरक्षण की भावना को प्रदर्शित करते हैं। पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक प्रयासों की जरूरत बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें एकजुट होकर प्रकृति के संरक्षण की दिशा में भी चिन्तन करना होगा। पर्यावरण संरक्षण को जीवन से जुड़ा विषय बताते हुए उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण उत्तराखण्डवासियों के स्वभाव में रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की समृद्ध वन सम्पदा, जैव विविधता और जीवनदायिनी नदियों के कारण देश में विशिष्ट पहचान है। राज्य सरकार प्राकृतिक संसाधनों और जैविक धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरणीय असंतुलन जैसी चुनौतियां आज पूरी दुनिया के सामने हैं। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए जल, जंगल और जमीन के संरक्षण की दिशा में संकल्पित होकर कार्य करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार के प्रयासों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, युवाओं तथा आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी की भी मुख्यमंत्री ने जरूरत बताई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिक से अधिक पौधारोपण, जल स्रोतों के संरक्षण, नदियों एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता तथा प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने के लिए सभी को आगे आना होगा। सामाजिक चेतना और सामूहिक प्रयासों से ही पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करने में हम सफल हो सकेंगे। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में प्रदेशभर में संचा. लित पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान में भी सभी से सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

# 2021 तक के राज्य आंदोलनकारियों के लम्बित आवेदनों के चिन्हीकरण को अवधि में विस्तार, मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद हुआ आदेश जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य सरकार ने उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं समावेशी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी कार्यालय में 2021 तक लंबित आवेदनों के निस्तारण की समयावधि में विस्तार किया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अनुमोदन के पश्चात सचिव श्री शैलेश बगोली द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है।

अब शासन द्वारा आवेदन पत्रों के निस्तारण की अवधि भी 24 जुलाई 2026 से 24 सितम्बर 2026 तक निर्धारित की गई है। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही के लिए शासनादेश की प्रति समस्त मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं संबंधित विभागों को प्रेषित कर दी गई है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा है कि राज्य सरकार उत्तराखण्ड आंदोलन से जुड़े सभी वास्तविक आंदोलनकारियों के सम्मान एवं पहचान के प्रति प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में आवेदन प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाते हुए पात्र व्यक्तियों को पर्याप्त अवसर प्रदान किया जा रहा है।

# सीएम ने विकास योजनाओं एवं निर्माण कार्यो के लिए दी 213 करोड़ की स्वीकृति

## ताकुला राप्रावि धौलरा का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. विद्याधर वैष्णव के नाम पर रखे जाने का अनुमोदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुम्भ मेला-2027 तथा नन्दादेवी राजजात यात्रा की तैयारियों के साथ ही राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के तहत विभिन्न सड़कों के निर्माण तथा सार्वजनिक सुविधाओं से संबंधित योजनाओं व किसानों की आर्थिकी में सुधार आदि के लिए कुल 213 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की हैं।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद चमोली के वर्ष 2026 में नन्दादेवी राजजात यात्रा के अन्तर्गत नलगांव-भटियाणा मोटर मार्ग के किमी0 01 से 10 तक मोटर मार्ग का डामरीकरण एवं सुधारीकरण किये जाने के लिए 8.68 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने के साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा कुम्भ मेला व्यवस्था में पुलिस प्रशासन हेतु प्राविधानित धनराशि 35 करोड के प्रस्ताव पर स्वीकृति के लिए अनुमा. ेदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद उधम. सिंहनगर के विधानसभा क्षेत्र रूद्रपुर के बिन्दुखेडा रायपुर मोटर मार्ग का हॉटमिक्स द्वारा पुर्ननिर्माण एवं सुख्रढीकरण के लिए 3.95 करोड, एस.एच.-85 में रिस्पना पुल द्धचंचल डेरीत्र से धर्मपुर चौक तक सघन यातायात को तीन लेन एलीवेटेड कोरिडोर निर्माण के लिए 3.37 करोड, जनपद अल्मोडा के विधान सभा क्षेत्र जागेश्वर में शहीद लॉस नायक दिनेश सिंह द्धधयाडी-मिरगांव-मानेश्वरत्र मोटर मार्ग के पुर्ननिर्माण एवं सुधारीकरण कार्य के लिए 4.92 करोड तथा जनपद रुद्रप्रयाग के विकासखण्ड ऊखीमठ के अन्तर्गत ताला बंरगाली मोटर मार्ग में सुधारीकरण एवं डामरीकरण कार्य के लिए ६3.17 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद अल्मोडा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट में कुलान्टेश्वर महादेव में मेला स्थल के सौन्दर्यीकरण के लिए ६ 50.08 लाख, जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र चम्पावत में महिला प्रौद्योगिकी पार्क की स्थापना हेतु ६ 60 लाख तथा जनपद पिथौरागढ़ की विधानसभा धारचूला के अन्तर्गत ग्राम सभा बौन में श्री हयों गुरु देव व गैरेंग मन्दिर सौन्दर्यीकरण व चार दीवारी मुख्य प्रवेश द्वार के कियान्वयन के लिए ६ 85 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद रुद्रप्रयाग की अगस्तमुनि नगर पंचायत की छेनागाड पेयजल योजना के कियान्वयन के लिए ६ 55.22 करोड तथा जनपद देहराद. ून की उत्तर शाखा के अन्तर्गत गंगोत्री विहार में नलकूप खनन, राईजिंग मेन एवं तत्सम्बंधी कार्यों के लिए ६ 2.22 करोड़ की धनरा. शि स्वीकृत किये जाने का अनुमा. ेदन प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर के अन्तर्गत देवलधार-माईथान-लेटी-गिरेछीना मोटर मार्ग निर्माण के लिए लागत ६ 8. 52 करोड़, जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र द्वाराहाट विकासखण्ड चौखुटिया के मांसी में रामगंगा नदी के दाये पार्श्व पर स्थित राम पादुका मन्दिर पर स्नाना घाट के निर्माण के लिए ६ 37.60 लाख तथा विधान सभा क्षेत्र द्वाराहाट विकासखण्ड द्वाराहाट मांसी के अन्तर्गत ग्राम सकुनी में सुकेश्वर महादेव मन्दिर के जीर्णोद्धार का अवशेष कार्य पूर्ण किये जाने के लिए ६ 1.25 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र पिरान कलियर के मेवड नागड के शमशान घाट में बाउंड्रीवाल के निर्माण के लिए ६ 16.49 लाख स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में फसल कृषि कर्म के लिए कर्ज, वाणिज्यिक फसलों, उत्तराखण्ड सहकारी क्षेत्रधनिगम की मिलों को ;ण मद हेतु प्राविधानित धनराशि रूपये ६ 130 करोड के सापेक्ष ६ 81.47 करोड की वित्तीय स्वीकृति का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा क्षेत्र सितारगंज के ग्राम गुरुग्राम में मनीमोहन के घर से सुशील मण्डल के घर तक एवं बसगर मुख्य मार्ग के सुन्दर नगर होते हुए नाले के ओर मार्ग के निर्माण के लिए ६ 88.76 लाख तथा विधानसभा क्षेत्र सितारगंज के ग्राम रंजीतनर से ग्राम सुरेन्द्रनगर में तारकनाथ मन्दिर होते हुए मुख्य मार्ग का पुर्ननिर्माण कार्य हेतु ६ 1. 79 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जनपद अल्मोडा के विधान सभा क्षेत्र सोमेश्वर विकासखण्ड ताकुला राद्गप्राद्गविद्ग धौलरा का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0 श्री विद्याधर वैष्णव के नाम पर रखे जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।



# गढ़वाल विवि में 97 कर्मचारियों को मिली स्थायी नियुक्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक रहा। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा द्वितीय चरण में लेवल-1 श्रेणी के 97 कर्मचारियों को स्थायी नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। नियुक्ति पत्र प्राप्त करते ही कर्मचारियों के चेहरों पर वर्षों के संघर्ष की खुशी देखने को मिली।

विश्वविद्यालय के एसीएल हॉल में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत एवं देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि गढ़वाल विश्वविद्यालय में कुल 147 दैनिक एवं नियत वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण की



प्रक्रिया पूरी की जा रही है। लंबे समय से उच्च न्यायालय में विचाराधीन इस मामले पर विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद (ईसी) की 9 मई को कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुहर लगी थी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों के हितों और विश्वविद्यालय के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। डॉ. रावत ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश के 10 हजार विद्यार्थियों को आईआईटी, एनआईटी, आईएएस एवं पीसीएस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन नि:शुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी। देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि वे आज एक जनप्रतिनिधि के रूप में नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र के रूप में यहां उपस्थित हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के प्रयासों से विश्वविद्यालय की समस्याएं केंद्रीय शिक्षा मंत्री के समक्ष प्रभावी ढंग से रखी गईं, जिसके परिणामस्वरूप कर्मचारियों के नियमितीकरण का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों के रेशनलाइजेशन की प्रक्रिया भी जारी है तथा विश्वविद्यालय में नियमित वित्त अधिकारी और परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति हो चुकी है। शीघ्र ही अन्य रिक्त पदों पर भी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. वाई.पी. रैवानी, वित्त अधिकारी डॉ. अजय कुमार मोहंती, डीन पदोन्नति एवं भर्ती प्रो. एम.एस. पंवार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. गौतम वीर, डीन मानविकी प्रो. एच.बी. एस. चौहान, प्रभारी डीएसडब्ल्यू डॉ. विजयकांत पुरोहित, एसआरटी परिसर के निदेशक प्रो. एए बौड़ाई, सहायक कुलसचिव डॉ. विजयपाल भंडारी आदि मौजूद रहे।

## नियुक्ति पत्र न मिलने पर कर्मचारियों में दिखा रोष

श्रीनगर। गढ़वाल विवि के कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र न मिलने पर रोष व्यक्त किया। कर्मचारियों ने कहा कि लम्बे समय से गढ़वाल विवि में कार्यरत है, जबकि कोर्ट के आदेश के बाद भी नियुक्ति पत्र प्रदान नहीं किए गये है। कर्मचारियों के आक्रोश को देखते हुए गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही छोटे हुए कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जायेगें। बताया कि कर्मचारियों के पर्याप्त दास्तावेज न होने के कारण उनकी नियुक्ति रूकी हुई है। जल्द ही रास्ता निकालकर नियुक्ति पत्र प्रदान किए जायेंगे।

# जिला चिकित्सालय बौराड़ी के औषधि भंडार का निरीक्षण, 7 औषधियों के नमूने लिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के निर्देश पर वरिष्ठ औषधि निरीक्षक सी.पी. नेगी एवं औषधि निरीक्षक ऋषभ धामा द्वारा जिला चिकित्सालय, बौराड़ी टिहरी गढ़वाल के औषधि भंडार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सात औषधियों के नमूने लिए गए।

निरीक्षण के दौरान औषधि भंडार से संबंधित समस्त अभिलेखों का परीक्षण किया गया तथा औषधियों के भंडारण की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। साथ ही, कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था एक्सपायरी औषधियों के पृथक भंडारण एवं निस्तारण को लेकर की गई व्यवस्था की भी जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया



गया कि सभी औषधियों को उचित रूप से पैलेट्स पर रखा जाए तथा भंडार गृह में स्वच्छता एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान सात औषधियों के नमूने भी औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 तथा नियम, 1945 के प्रावधानों के अंतर्गत परीक्षण एवं विश्लेषण के लिए गए, जिन्हें नियमानुसार प्रयोगशाला भेजा जाएगा। निरीक्षण के दौरान अभिलेख, औषधि भंडारण व्यवस्था, शीत श्रृंखला व्यवस्था तथा अवधि-समाप्त औषधियों के पृथक रख-रखाव की व्यवस्था सामान्यत: संतोषजनक पाई गई एवं आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए गए।

# दो दिन की जंग के बाद आयुष्मान की हालत स्थिर, हेली से एम्स भेजा

**■ बेस अस्पताल के डॉक्टरों की मेहनत रंग लाई, होश में आया घायल बालक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** देवप्रयाग के पास हुए भीषण सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल 12 वर्षीय बालक आयुष्मान की जिंदगी बचाने के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के बेस अस्पताल के डॉक्टरों ने लगातार दो दिन तक कड़ी मेहनत की। गंभीर हालत में अस्पताल लाए गए बालक को आईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उसकी लगातार निगरानी कर रही थी। उपचार के बाद बच्चे की हालत में सुधार हुआ और उसे होश आने पर वेंटिलेटर सपोर्ट हटा दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार आयुष्मान के सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई थीं, जबकि पैर में फ्रैक्चर भी हुआ है। हालत स्थिर होने के बाद बच्चा अपने पिता से इशारों बातचीत करने लगा, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली।

इसके बाद बेहतर उपचार के लिए परिजनों ने उसे एम्स ऋषिकेश रेफर करने का अनुरोध किया। गुरुवार को प्रशासन की मदद से आयुष्मान को हेली सेवा के माध्यम से एम्स ऋषिकेश भेजा गया। बेस अस्पताल के आईसीयू नर्सिंग इंचार्ज विवेक त्यागी ने बताया कि डॉक्टरों की सतत निगरानी और उपचार के चलते बच्चे की स्थिति अब स्थिर है। उन्होंने कहा कि मेडिकल टीम ने पूरी तत्परता के साथ इलाज किया, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए।

# ऑपरेशन प्रहार: उत्तरकाशी पुलिस के शिकंजे में कुख्यात महिला ड्रग माफिया मेहराज, देहरादून से गिरफ्तारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार और ड्रग्स फ्री देवभूमिष अभियान के तहत नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात महिला ड्रग माफिया एवं गैंगस्टर मेहराज को देहरादून से गिरफ्तार कर लिया है। लंबे समय से पुलिस की निगरानी में चल रही मेहराज गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रही थी, लेकिन आखिरकार पुलिस ने उसे दबोच लिया।

पुलिस के अनुसार अप्रैल 2026 में कोतवाली उत्तरकाशी क्षेत्र में स्मैक तस्करी करते हुए विनोद लाल और शुभम नामक दो युवकों



**■ स्मैक तस्करी के नेटवर्क पर बड़ा प्रहार, गैंगस्टर एक्ट समेत दर्ज हैं एक दर्जन मुकदमे**

को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में खुलासा हुआ कि दोनों आरोपी स्मैक की खरीदारी मेहराज से करते थे।

विवेचना में उसकी संलिप्तता सामने आने पर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में चल रही कार्रवाई के तहत न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद पुलिस उपाधीक्षक जनक सिंह पंवार के पर्यवेक्षण तथा कोतवाली प्रभारी दिनेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने सटीक सूचना के आधार पर 3 जून को देहरादून स्थित उसके आवास पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मेहराज लंबे समय से स्मैक और अन्य मादक पदार्थों की तस्करी में सक्रिय रही है।

उसके खिलाफ देहरादून और उत्तरकाशी जनपदों में एनडीपीएस एक्ट, गैंगस्टर एक्ट, गुंडा अधिनियम तथा अन्य धाराओं में कुल 12 मुकदमे दर्ज हैं। देहरादून पुलिस पहले भी उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई कर चुकी है। गिरफ्तार अभियुक्ता मेहराज पत्नी मुस्तकीम, निवासी खुशहालपुर, थाना सहसपुर, जनपद देहरादून की रहने वाली है। कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम में उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार, हेड कांस्टेबल महिपाल सिंह एवं महिला कांस्टेबल कविता जोशी शामिल रहे।

## एक नजर .......

### प्रतापनगर के बागी व खेतपाली में पेयजल संकट गहराया

**नई टिहरी।** भीषण गर्मी के चलते प्रतापनगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत बागी एवं खेतपाली में पेयजल संकट को उत्पन्न हो गया है जिसके चलते क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। ग्रामीणों को गर्मीके मौसम में बूंद बूंद पानी के लिए मोहताज होना पड रहा है। हालात इतने खराब हो गए हैं कि लोगों को दिन रात एक-एक बूंद पानी के लिए लंबी कतार लगाकर घंटों इंतजार करना पड़ रहा है फिर भी पीने योग्य जल की पूर्ति नही हो पा रही है। क्षेत्र पंचायत सदस्य नरेश नेगी ने पेयजल की समस्या को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बागी एंव खेतपाली मे तत्काल टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति शुरू कराने की मांग की है। उन्होंने जिलाधिकारी को दिये ज्ञापन मे कहा कि बागी एंव खेतपाली दोनों गांवों की करीब 2400 की आबादी तथा 250 से अधिक पालतू पशु पानी की कमी से जूझ रहे हैं गांवों के आसपास स्थित अधिकांश प्राकृतिक जलस्रोत भीषण गर्मी के चलते पूरी तरह सूख चुके हैं जिससे ग्रामीणों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जिन चुनिंदा स्रोतों में अभी थोड़ा-बहुत पानी बचा है वहां सुबह से देर रात तक लोगों की लंबी कतारें लगी रहती हैं कड़ी मशक्कत के बावजूद पर्याप्त पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को कई किलोमीटर दूर जाकर पानी ढोना पड़ रहा है जबकि ग्रामीणों के पालतु पशु भी पानी के अभाव से कठिनाई भरा जीवन जीने को मजबूर है उन्होंने जिलाधिकारी से गांवों मे पानी की समस्या निपटने के लिए टैंकरों के माध्यम से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है।

### पाटागांव में कथा से पूर्व महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**नई टिहरी ।** पाटा गांव में नरसिंह धाम प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कथा से पूर्व महिलाओं ने जल कलश यात्रा निकाली। से शुरु हुई कलश यात्रा गाँव की चतुर्दिक परिक्रमा करती हुई बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों के साथ कथा स्थल नरसिंह धाम में पहुंची। पाटा गांव में ध्यानियों के सहयोग से शुरू हुई। श्रीमद्भागवत कथा में कथा वक्ता तिलक राम चमोली ने श्रीमद् भागवत महातम्य, भक्ति नारद, गोकर्ण उपाख्यान, सूत शोनक, व्यास नारद संवाद, राजा परीक्षित द्वारा कलि निग्रह श्री शुकागमन कथा वृतांत का विस्तार से वर्णन किया। भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है, जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया, वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। कहा कि, श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। यह परमहंसों की संहिता है, भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाता है। भागवत कथा भगवान के प्रति अनुराग उत्पन्न करती है। यह ग्रंथ वेद, उपनिषद का सार रूपी फल है। यह कथा रूपी अमृत देवताओं को भी दुर्लभ है। श्रीमद् भागवत महात्म्य के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस कलयुग में मनुष्य अपने भावों को सत्संग के जरिए ही स्थिर रख सकता है। श्रीमद् भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से मनुष्य के सात जन्मों के पाप धुल जाते हैं। इस मौके पर मंदिर समिति अध्यक्ष मुकेश चमोली, दिनेश चमोली, राकेश चमोली, जीत राम भट्ट, रविन्द्र प्रसाद चमोली, प्रवेश, मुकेश कंसवाल, सुषमा रणाकोटी, ममता देवी आदि मौजूद रहे।

### कोटद्वार में कैंटाबिल ने खोला विशेष महिला एवं किड्स स्टोर

**कोटद्वार।** कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने उत्तराखंड में अपनी मजबूत उपस्थिति को और सशक्त बनाते हुए कोटद्वार में अपना नया विशेष महिला एवं किड्स स्टोर शुरू किया है। इस नए स्टोर के साथ कंपनी ने उत्तराखंड में अपने स्टोर्स की संख्या बढ़ाकर 28 कर दी है। यह उद्घाटन कंपनी के विस्तार अभियान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। नया स्टोर महिलाओं के लिए कैजुअल, पार्टी, एथनिक और फॉर्मल वियर की विस्तृत श्रृंखला के साथ-साथ बच्चों के लिए नवीनतम और ट्रेंडी परिधानों का आकर्षक संग्रह उपलब्ध कराएगा। कैंटाबिल ने अपने गुणवत्तापूर्ण उत्पादों और आधुनिक फैशन के माध्यम से खुद को फैशन उद्योग के अग्रणी ब्रांडों में स्थापित किया है। इस अवसर पर कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक दीपक बंसल ने कहा कि कंपनी को कोटद्वार में अपना नया विशेष महिला एवं किड्स स्टोर शुरू करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

# मरीजों को समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता:स्वरूप

**■ बेस अस्पताल श्रीनगर का मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** गढ़वाल मंडलायुक्त आनंद स्वरूप ने गुरुवार को श्रीनगर स्थित बेस अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सा व्यवस्थाओं तथा चारधाम यात्रा के दौरान मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलने पर उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की सराहना की। मंडलायुक्त ने कहा कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा अस्पताल की सभी व्यवस्थाएं हर समय सुचारु एवं सक्रिय रहनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने इमरजेंसी वार्ड, आईसीयू, डायलिसिस यूनिट, ब्लड बैंक, माइक्रोबायोलॉजी लैब, बायोकेमिस्ट्री लैब, पैथोलॉजी लैब तथा कैथ लैब सहित विभिन्न विभागों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, आधुनिक उपकरणों तथा मानव संसाधनों की जानकारी लेते हुए आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त आनंद स्वरूप ने चिकित्सकों को निर्देशित करते हुए कहा कि उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

प्रत्येक मरीज को बेहतर, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा सीजन के दौरान अस्पताल की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है, क्योंकि बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं यात्री स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के साथ अस्पताल पहुंचते हैं।

ऐसे में सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह सक्रिय एवं सुव्यवस्थित रहनी चाहिए ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों द्वारा आवश्यक चिकित्सा उपकरणों एवं संसाधनों की मांग रखे जाने पर मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को खरीद प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नूपुर वर्मा, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. दीपा हटवाल, प्रशासनिक अधिकारी संदीप पंवार सहित अन्य चिकित्सक एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत बीएलओ, सुपरवाइजर व वॉलंटियर्स का प्रशिक्षण सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत टिहरी क्षेत्रांगत तहसील जाखणीधार में बीएलओ, सुपरवाइजर एवं वॉलंटियर्स का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण एवं परीक्षा का आयोजन प्रात: 11 बजे से शुरू हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 63 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण उपरांत आयोजित परीक्षा के प्रश्न-पत्रों का मूल्यांकन किया गया तथा परीक्षा परिणाम निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करा दिए गए। इसके पश्चात प्रतिभागियों को आवश्यक निर्वाचन सामग्री का वितरण भी किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रक्रिया, प्रपत्रों के सही संधारण, घर-घर सत्यापन, मतदाता विवरण संकलन एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य सम्पादित करने सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में सभी बीएलओ, सुपरवाइजर एवं वॉलंटियर्स को निर्देश दिये कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण से सम्बन्धित समस्त कार्यों को गंभीरता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ निर्वाचन आयोग के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप सम्पन्न करना सुनिश्चित करें।

# भेनगी ज्वैलर्स की दुकान में चोरी, अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रतापनगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत भेनगी में स्थित एक ज्वैलर्स की दुकान में हुई लाखों रुपये की चोरी की घटना को लेकर थाना लंबगांव पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है पुलिस ने मामले के पटाक्षेप करने के लिए विशेष टीम का गठित की है। थानाध्यक्ष महिपाल सिंह रावत ने बताया कि भेनगी स्थित लिंगवाल ज्वैलर्स की दुकान में 31 मई की रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की। फुटेज में दो संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए हैं लेकिन दोनों ने नकाब पहने थे जिसके कारण उनकी पहचान नहीं हो सकी। उन्होने बताया कि दुकान स्वामी अमित लिंगवाल ने 3 मई को पुलिस को दी। तहरीर में बताया कि चोर दुकान से लगभग 30 से 35 लाख रुपये मूल्य के सोने और चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। उन्होंने अज्ञात चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी और चोरी हुए सामान की बरामदगी की मांग की है। थानाध्यक्ष महिपाल सिंह रावत ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले के पटाक्षेप के लिए विषेष टीम गठित की गई है और टीम लगातार क्षेत्र में सक्रिय है ।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए त्रुटिरहित मतदाता सूची जरूरी : मिश्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद रुद्रप्रयाग में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को तहसील सभागार रुद्रप्रयाग में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) एवं बीएलओ सुपरवाइजरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल मिश्रा ने प्रतिभाग कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया तथा निर्वाचन संबंधी कार्यों को पूर्ण गंभीरता, पारदर्शिता एवं



निष्पक्षता के साथ संपादित करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन कार्य से जुड़े विशेषज्ञों एवं मास्टर ट्रेनरों ने विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया, नए मतदाताओं के पंजीकरण, मतदाता विवरण में संशोधन तथा घर-घर सत्यापन अभियान के प्रभावी संचालन संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया गया।

जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने कहा कि लोकतंत्र की सफलता और मजबूती के लिए शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची का होना अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को निर्वाचन संबंधी विभिन्न प्रपत्रों के उपयोग, ऑनलाइन पोर्टल पर डाटा अपलोड करने की प्रक्रिया, फील्ड सत्यापन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों तथा आमजन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं।

कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग सोहन सिंह सैनी, तहसीलदार जगदीश सिंह नेगी, मुख्य कृषि अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर लोकेंद्र बिष्ट, मास्टर ट्रेनर दीपक बुटोला सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छात्र नेताओं ने ऊर्जा निगम पर लगाए अभद्रता के आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** मनेरी भाली प्रथम जलविद्युत परियोजना, तिलौथ में सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत आवेदन देने पहुंचे छात्र नेताओं ने ऊर्जा निगम के अधिकारियों पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया है। छात्र नेताओं का कहना है कि विभागीय अधिकारियों ने न केवल मिलने से इनकार किया, बल्कि छात्रसंघ अध्यक्ष के लिए आपत्तिजनक शब्दों का भी प्रयोग किया।

छात्र संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के तहत परियोजना क्षेत्र में विकास कार्यों,



(सीएसआर) फंड के उपयोग, कुटेटी रोड, विभागीय कॉलोनियों एवं सौंदर्यीकरण कार्यों से संबंधित जानकारी मांगने के लिए आवेदन प्रस्तुत करने का प्रयास किया। प्रतिनिधिमंडल में छात्रसंघ अध्यक्ष विनय मोहन चौहान, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि आयुष बिष्ट, छात्रसंघ सचिव शुभम चमोली तथा पूर्व छात्रसंघ सह सचिव भगवान सिंह चौहान सहित अन्य युवा शामिल थे।

छात्र नेताओं का आरोप है कि (आरटीआई) आवेदन की जानकारी मिलते ही विभागीय अधिकारियों का रवैया बदल गया। उन्होंने दावा किया कि अधिकारियों से शालीनतापूर्वक मिलने का अनुरोध करने के बावजूद उन्हें मिलने नहीं दिया गया। संगठन के अनुसार, अधिशासी अभियंता महिष्पाल ने छात्रसंघ अध्यक्ष के लिए आतंकवादी जैसे शब्द का प्रयोग किया, जिसे उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों और छात्र नेतृत्व का अपमान बताया।

प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि विभाग द्वारा आधार कार्ड के बिना किसी अधिकारी से मुलाकात न होने की बात कही गई। इस पर छात्रों ने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या सरकारी विभाग में जनहित से जुड़े प्रश्न पूछना या त्न्ए आवेदन देना अपराध है। छात्र संगठन ने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपये के बजट और व्यापक संसाधनों के बावजूद परियोजना क्षेत्र में अपेक्षित विकास कार्य दिखाई नहीं देते। ऐसे में जनता के मन में विभागीय कार्यप्रणाली और संसाधनों के उपयोग को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है।

छात्र संगठन ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, संबंधित अधिकारी के व्यवहार पर कार्रवाई करने तथा सूचना के अधिकार की भावना के अनुरूप नागरिकों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

संगठन ने कहा कि सूचना का अधिकार लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण उपकरण है और जनहित से जुड़े सवालों का जवाब देना हर सरकारी विभाग की जिम्मेदारी है। युवाओं ने पारदर्शिता और जवाबदेही की लड़ाई आगे भी जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# शिवांग राजा कौंसि स्मृति फैलोशिप-2025 से सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में शिवांग राजा को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए कौंसि स्मृति फैलोशिप-2025 से सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट परीक्षा में 96.15 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शिवांग ने यह उपलब्धि हासिल की है। शिवांग राजा गढ़वाल विवि शिक्षणेत्तर कर्मचारी दिनेश राजा के पुत्र है।

बताते चले कि गढ़वाल विवि के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के पाल्यों में अव्वल आने वाले पाल्य को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। यह फैलोशिप शिक्षणेत्तर



कर्मचारी परिषद की ओर से स्व. सुमित्रा देवी एवं स्व. रामेश्वर प्रसाद भट्ट, पुजार गांव, चंद्रबदनी, टिहरी गढ़वाल की स्मृति में प्रदान की जाती है।

फैलोशिप के तहत शिवांग राजा को 5,100 रुपये की नकद धनराशि एवं सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी तथा गढ़वाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने शिवांग राजा को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वक्ताओं ने कहा कि कठिन परिश्रम, लगन और अनुशासन से प्राप्त की गई सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

# मौसम की खराबी ने रख ली राहुल गांधी की लाज: भाजपा

## शुक्र है चुनाव दूर, अन्यथा दौरा रद्द होने का दोष भी राहुल गांधी भाजपा पर मढ़ते: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने कटाक्ष किया कि मौसम की खराबी से दौरा रद्द होना मजबूरी हो सकता है,

लेकिन जहां मौसम सही था वहां लोगों से बात करने क्यों नहीं रुके राहुल गांधी? भाजपा प्रदेश अधयक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट ने व्यंग कसा कि शुक्र है, चुनाव में अभी समय है अन्यथा हेलीकॉप्टर नही उड़ने का दोष भी भाजपा पर मढ़ दिया जाता। वो बात और है कि पद आकांक्षी कांग्रेसियों के अलावा किसी को भी राहुल गांधी का इंतजार नहीं था। वहीं कांग्रेसी युवराज की प्रतिक्रिया भी यही बताती है कि उन्हें आम लोगों

**कहा- राहुल गांधी का दौरा था औपचारिक, पहाड़ नहीं तो देहरादून और मैदान में तो कार्यकर्ताओं की सुनते, पूर्व सैनिकों में थी जबरदस्त नाराजगी**

**पद आकांक्षी कांग्रेसियों के अलावा किसी को भी नहीं था राहुल गांधी का इंतजार**

से नहीं मिलने से अधिक दुख मुहम्मद दीपक के जिम नहीं जाने का हुआ।

उन्होंने कहा कि मौसम को देखते राहुल गांधी ने अल्मोड़ा और पौड़ी का दौरा रद्द किया हैं। सुरक्षा की ख्रष्टि से तो यह उचित कदम है। लेकिन एक सच ये भी है कि कांग्रेस और राहुल गांधी स्थानीय जनता में अपनी राजनैतिक जमीन को लेकर आश्वस्त नहीं हैं। देवभूमि की जनता उनके सनातन विरोधी बयानों से नाराज है और वीरभूमि के पूर्व सैनिकों में भी सेना के अपमान, खासकर पौड़ी के स्वर्गीय जनरल रावत को गुंडा बताने से बहुत रोष है। उन्हें एहसास हो गया था कि पौड़ी और अल्मोड़ा में उनके दौरे को लेकर जनता में कोई उत्साह नहीं है, विशेषकर पूर्व सैनिकों में। शायद एक बड़ी वजह ये भी है कि वे पहाड़ पर मौसम खराब होने की आड़ में शेष दौरा भी छोड़ कर भागने की फिराक में थे। यदि ऊपर नहीं जा पाते तो मैदान में ही जनता से बात करते और अगले दिन देहरादून में कार्यकर्ताओं से संवाद करते। लेकिन सभी जानते हैं कि कांग्रेसी युवराज के लिए अन्य दौरों की तरह ये भी एक औपचारिकता थी। जिससे मौसम की खराबी का मौका ताड़ कर वे तत्काल पलायन कर गए। साथ ही तंज कसा कि भाजपा को तो शुक्र है कि चुनाव पास नहीं हैं अन्यथा इस सबके लिए वे सरकार को ही जिम्मेदार ठहराते। जैसा पूर्व में कई चुनावों के दौरान कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता कर चुके हैं।

प्रदेश अधयक्ष ने कहा, यूं तो देवभूमि अपने संस्कारों के अनुसार आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का स्वागत करता है, लेकिन ऐसा कोई कारण भी नहीं था कि उत्तराखंड के लोग राहुल गांधी का इतजार करें। वो दौरा रद्द होने के बाद आज कह रहे हैं कि राज्यवासियों के सुख दुख, राज्य के आर्थिक सामाजिक और भविष्य के विषयों पर चर्चा की बात कर रहे हैं। जबकि सच यह कि उन्होंने कोई भी मौका देवभूमि की छवि खराब करने और सनातन के अपमान का नहीं छोड़ा।

# राहुल गांधी ने विरोध के डर से पौड़ी और अल्मोड़ा दौरा किया निरस्त: दीप्ती

**कहा – खराब मौसम का हवाला केवल एक बहाना,दौरा निरस्त करने की घोषणा के समय पौड़ी में मौसम था सामान्य , आसमान साफ था और खिली हुई थी धूप**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश महामंत्री दीप्ती रावत भारद्वाज ने कांग्रेस नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के पौड़ी और अल्मोड़ा दौरे के निरस्त होने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि खराब मौसम का हवाला केवल एक बहाना है। वास्तविकता यह है कि कांग्रेस नेतृत्व जनता और पूर्व सैनिकों के सवालों का सामना करने से बच रहा है। उन्होंने कहा कि जिस समय दौरा निरस्त करने की घोषणा की गई, उस समय पौड़ी में मौसम सामान्य था, आसमान साफ था और धूप खिली हुई थी। ऐसे में मौसम को कारण बताना जनता को भ्रमित करने का असफल प्रयास है।

दीप्ती रावत भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस को यह आभास हो गया था कि अग्निवीर योजना, राष्ट्रीय सुरक्षा तथा सेना से जुड़े विषयों पर पूर्व सैनिक राहुल गांधी से सीधे सवाल पूछने वाले हैं। उत्तराखंड के सैनिक और पूर्व सैनिक यह भी जानना चाहते थे कि आखिर कांग्रेस नेतृत्व बार-बार भारतीय सेना के पराक्रम, सर्जिकल स्ट्राइक और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर प्रश्नचिह्न लगाने की राजनीति क्यों करता रहा है।

उन्होंने कहा कि देश कभी नहीं भूल सकता कि कांग्रेस के नेता द्वारा समय-समय पर सेना और सैन्य नेतृत्व को लेकर विवादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं। भारत के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत जी के प्रति भी कांग्रेस के नेता राहुल गांधी द्वारा असम्मानजनक बयान दिए गए, जिससे सैनिक समाज की भावनाएं आहत हुई थीं। उत्तराखंड की जनता ऐसे विषयों पर राहुल गांधी से स्पष्ट जवाब चाहती थी। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि स्थानीय जनता में भी कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति को लेकर व्यापक असंतोष है। इसी कारण संभावित विरोध और जनआक्रोश से बचने के लिए दौरा निरस्त किया गया। भारतीय सेना और पूर्व सैनिकों का अपमान करने वाले कांग्रेस नेता जब उनके प्रश्नों का सामना करने का समय आया तो वह दो कदम पीछे हट गए और दौरा निरस्त कर दिया। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस की राजनीति केवल बयानबाजी तक सीमित है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड वीर सैनिकों, शहीदों और पूर्व सैनिकों की भूमि है। यहां की जनता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानती है और राजनीतिक स्वार्थ के लिए सेना तथा सैनिकों के मनोबल से खिलवाड़ करने वालों को कभी स्वीकार नहीं करेगी। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की जागरूक जनता कांग्रेस के इस रवैये को भली-भांति समझती है और आने वाले समय में इसका उचित जवाब अवश्य देगी।

# मुख्यमंत्री आवास परिसर में 3–बी गार्डन के निर्माण कार्य का शुभारम्भ

**बी–फ्रेंडली, बटरफ्लाई–फ्रेंडली एवं बर्ड–फ्रेंडली गार्डन होंगे मुख्य आकर्षण, सीएम ने किया कृष्णा वट के पौधे का रोपण**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास परिसर स्थित राजकीय उद्यान, सर्किट हाउस देहरादून में विकसित किए जा रहे 3–बी गार्डन (बी–फ्रेंडली, बटरफ्लाई–फेंडली एवं बर्ड–फेंडली गार्डन) के निर्माण कार्य का शुभारम्भ कृष्णा वट के पौधे का रोपण कर किया गया। इस उद्यान का विकास मधुमक्खियों, तितलियों एवं पक्षियों के संरक्षण एवं संवर्धन को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। इसके अंतर्गत परागण एवं जैव विविधता को बढ़ावा देने वाले विभिन्न प्रकार के पौधों का व्यापक स्तर पर रोपण किया जा रहा है। उद्यान के आसपास कीटनाशकों एवं अन्य हानिकारक रसायनों के उपयोग को प्रतिबंधित रखा जाएगा, जिससे प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित रखा जा सके।

इस विशेष उद्यान के निर्माण से मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहन मिलने के साथ–साथ जैव विविधता के संरक्षण एवं संवर्धन में भी महत्वपूर्ण योगदान प्राप्त होगा। साथ ही आमजन में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी यह उद्यान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने उद्यान प्रभारी दीपक पुरोहित को इस प्रकार के उद्यान के विकास करने के निर्देश दिये थे। इसके बाद उपयुक्त प्रजातियों के पौधों के चयन एवं रोपण का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया था। उद्यान में जामुन, शहतूत, सहजन, कदम्ब, कपूर, गुड़हल, अमरूद, नीम, बाँस, बॉटल ब्रश, टिकामा, जीनिया, कॉसमॉस, पेंटास, मिल्कवीड, पैशन फ्लावर, हमेलिया, इक्जोरा, लैंटाना, तुलसी, लैवेंडर, सूरजमुखी, रोजमेरी एवं पुदीना सहित अनेक प्रजातियों के पौधों का मिश्रित रूप से रोपण किया जा रहा है।

परिसर में स्थित जीर्ण–शीर्ण एवं वृद्ध वृक्षों के समीप नवीन पौधों के रोपण का कार्य भी प्रारम्भ किया गया है।

इसके अतिरिक्त उच्च हिमालयी एवं पर्वतीय क्षेत्रों में पाए जाने वाले बांज, बुरांश, तेजपत्ता तथा पया प्रजाति के पौधों का रोपण भी विगत वर्ष से किया जा रहा है, जो वर्तमान में स्वस्थ वृद्धि के साथ परिसर की प्राकृतिक शोभा एवं विशिष्टता को बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने परिसर में संचालित पर्यावरणीय एवं जैव विविधता संवर्धन संबंधी कार्यों की सराहना करते हुए उद्यान विभाग को मधुमक्खी पालन गतिविधियों को मुख्यमंत्री आवास परिसर तथा निकटवर्ती क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर विकसित करने हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव शैलेश बगौली, निदेशक उद्यान डॉ. आर. के. सिंह व नरेन्द्र यादव मौजूद थे।

# पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार , एक को लगी गोली

## राजस्थान के निकले मुठभेड़ के दौरान पकड़े गए बदमाश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** दून पुलिस ने श्ऑपरेशन प्रहारश के तहत एक बड़ी आपराधिक साजिश को नाकाम कर दिया है। पटेलनगर क्षेत्र में नयागांव बैरियर पर चेकिंग के दौरान राजस्थान से आए बदमाशों के एक गिरोह के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक कुख्यात बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि दूसरे को पुलिस ने सघन कॉम्बिंग अभियान चलाकर दबोच लिया। गिरफ्तार बदमाशों का राजस्थान में लंबा आपराधिक इतिहास है और वे विकासनगर में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।

क्षेत्राधिकारी सदर अंकित कंडारी ने बताया कि घटना 4 जून 2026 की रात की है। पटेलनगर पुलिस नयागांव बैरियर पर चेकिंग कर रही थी, तभी राजस्थान नंबर की एक सफेद स्विफ्ट कार को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने बैरियर तोड़ दिया और वाहन को पुलिस टीम पर चढ़ाने की कोशिश की। पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। बदमाशों की एक गोली पुलिस के निजी वाहन के शीशे पर भी लगी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिससे एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान रिंकू मीणा पुत्र सियाराम, निवासी जिला दौसा, राजस्थान के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि वे अपने चार अन्य साथियों के साथ विकासनगर में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने आए थे। उसे इलाज के लिए दून अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अंधेरे का फायदा उठाकर भागे अन्य बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने विनोद कुमार मीणा पुत्र रामलाल मीणा, निवासी जिला करौली, राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से भी अवैध हथियार बरामद हुए हैं। गिरफ्तार दोनों बदमाशों के खिलाफ राजस्थान के विभिन्न थानों में हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण और चोरी जैसे कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस ने आरोपियों के पास से एक स्विफ्ट कार, दो तमंचे द्ध315 बोरऋ, चार जिंदा और दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने कोतवाली पटेलनगर में धारा 109द्ध1ऋ, 3द्ध5ऋ बीएनएस तथा शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है और फरार अन्य बदमाशों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। इस साहसिक कार्रवाई में कोतवाली पटेलनगर के प्रभारी निरीक्षक विना. ेद सिंह गुसाईं, एसओजी नगर प्रभारी संदीप कुमार और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### निधन पर शोक जताया

**काशीपुर।** किसान विकास क्लब (उत्तराखंड) ने क्लब के सदस्य 66 वर्षीय राकेश तोमर (अनूप तोमर के छोटे भाई) निवासी सुल्तानगढ़ फार्म (लालपुर कॉलोनी) काशीपुर (66वर्ष) के आकस्मिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। बीती 29 मई को श्री तोमर का आकस्मिक निधन हो गया था। 5 जून को तेरहवीं उनके आवास पर होगी। किसान विकास क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यगण ने उनके घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की।

# अनासक्ति आश्रम कौसानी में हरित योग शिविर

**बागेश्वर।** आयुर्वेद विभाग द्वारा अनासक्ति आश्रम कौसानी में जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डा. निष्ठा शर्मा कोहली के निर्देशन में आम जनमानस के स्वास्थ्य संवर्धन, रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि तथा निरोगी जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पर्यावरण दिवस के अवसर पर अनासक्ति आश्रम प्रांगण कौसानी में हरित योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व होटल एसोसिएशन अध्यक्ष बीडी जोशी द्वारा भगवान धन्वन्तरि के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। योग शिविर में विभागीय योग अनुदेशको द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित पर्यटकों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में सहभागिता करते हुए योग को स्वस्थ जीवन की दिशा में एक प्रभावी माध्यम बताया। कार्यक्रम के अंत में वर्तमान होटल एसोसिएशन अध्यक्ष गजेंद्र मेहरा ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन जीने की एक संपूर्ण पद्धति है। उन्होंने आम जनमानस से नियमित योगाभ्यास अपनाने तथा विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों में बढ़–चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन गरुड़ ब्लॉक योग नोडल अधिकारी डा. गौरव अग्रवाल द्वारा किया गया।

## एक नजर

### कांग्रेस की रैली पर भाजपा जिलाध्यक्ष का तंज



**अल्मोड़ा।** भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने जारी एक बयान में कहा कि उत्तराखंड वीर सैनिकों, शहीदों और राष्ट्रभक्त नागरिकों की भूमि है। उन्होंने कहा कि सेना और राष्ट्रीय सुरक्षा के विषयों पर राजनीति करने वालों को जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। जिलाध्यक्ष नयाल ने कहा कि राहुल गांधी के अल्मोड़ा आगमन को लेकर कांग्रेस द्वारा बड़े दावे किए जा रहे थे, लेकिन उनका कार्यक्रम स्थगित हो जाना कांग्रेस की वास्तविक स्थिति को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भले ही मौसम को कारण बता रही हो, लेकिन जनता के बीच राहुल गांधी को लेकर उत्साह का अभाव स्पष्ट दिखाई दिया। आरोप लगाया कि राहुल गांधी द्वारा पूर्व में कई बार भारतीय सेना और सैन्य अभियानों को लेकर ऐसे बयान दिए गए, जिनसे सैनिकों और उनके परिवारों की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी उत्तराखंड की जनता विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति को समर्थन देगी तथा प्रदेश में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।

### मारपीट मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अल्मोड़ा।** मामूली विवाद को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पीड़ित संजय सिंह, निवासी बल्टा हवालबाग अल्मोड़ा ने कोतवाली में तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि वह अपने बच्चे के साथ समतोला ईको पार्क घूमने गए थे। वापस लौटते समय उनकी स्कूटी से दूसरी तरफ से आ रहे युवक को स्कूटी का हैंडल टच हो गया। जिसके बाद उन्होंने युवक से माफी मांगी। लेकिन आरोपी डीनापानी निवासी अर्जुन गाली गलौज पर उतर आया और मारपीट शुरू कर दी। कहा कि इस दौरान उनके साथ उनका 12 वर्षीय बेटा भी साथ में था। पीड़ित ने आरोपी से जान को खतरा बताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। इधर, पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सल्ट में 11.130 किलो गांजा संग दो गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस का जिलेभर में चेकिंग अभियान जारी है। चेकिंग के दौरान सल्ट पुलिस ने युवक और युवती को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से वाहन में रखा 11. 130 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सल्ट पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मारचूला चेकपोस्ट के पास मोटर साइकिल को रोका गया। तलाशी लेने पर आरोपी असीम उर्फ मुन्ना, निवासी कुमाऊं कालोनी कचनालगाजी, काशीपुर और सानिया कालरा, निवासी गड़ीनेगी कुण्डा, ऊधमसिंहनगर के कब्जे से 11.130 गांजा बरामद किया गया। मौके पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि गांजा व सराईखेत से खरीदकर तराई में बेचने के फिराक में थे। पुलिस ने चेकिंग के दौरान दोनों आरोपी युवक व युवती पुलिस के गिरफ्त में आए। पुलिस टीम में एसओ कश्मीर सिंह समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

### काचुला में हुए सड़क हादसें में एक की मौत

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा–शेराघाट मोटर मार्ग पर गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। काचुला पुल के समीप एक ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी।

जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वाहन में सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, हल्द्वानी से थल–पिथौरागढ़ की ओर जा रही कार काचुला पुल के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही धौलछीना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से राहत एवं बचाव अभियान चलाकर घायलों को खाई से बाहर निकाला गया। इस दौरान कार चालक कुंदन सिंह पुत्र महेंद्र बथयाल निवासी नाचनी पिथौरागढ़ की मौत हो गई।

### बारिश रुकने बाद फिर से धधकने लगे जंगल

**बागेश्वर।** जिले में एक बार फिर बारिश रुकने के बाद जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगी है। जिले के ग्राम भेंटा के निकट जंगल में लगी आग आबादी क्षेत्र तक पहुंच गई, जिससे आसपास के घरों पर खतरा मंडराने लगा। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और एक बड़ा हादसा टाल दिया। पुलिस के अधिकारियों ने अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रखा गया है। फायर स्टेशन गरुड़ को ग्राम भेंटा के समीप जंगल की आग घरों तक पहुंचने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही फायर यूनिट गरुड़ तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। अग्निशमन कर्मियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अवधि की ओर बढ़ रही आग पर काबू पाया। जिसके बाद टीम ने जंगल में फैल रही आग को भी बुझाया।

# प्रेम विवाह के एक माह बाद नवविवाहिता ने की आत्महत्या

## फांसी लगाने से पहले पति को भेजी थी घटना की रिकॉर्डिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** कपकोट थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़िया तोली निवासी नवविवाहिता ने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद से मायके व ससुराल में परिजन अवाक रह गए, दोनों परिवारों में शोक की दौड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया व मायके और ससुराल पक्ष की मौजूदगी में पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बागेश्वर भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गढ़िया तोली निवासी ममता गढ़िया (22)



पत्नी पवन गढ़िया ने बुधवार देर रात करीब साढ़े बारह बजे अपने मायके में कमरे के भीतर फांसी लगा ली। बताया जा रहा है कि घटना से पहले ममता ने पूरी घटना की रिकॉर्डिंग अपने पिता के फोन से पति को भेजी थी। उस समय उसका पति पवन गढ़िया दिल्ली में नौकरी कर रहा था। रिकॉर्डिंग मिलने के बाद पति ने तत्काल ससुरालियों को घटना की सूचना दी।

सूचना मिलते ही परिजन कमरे के बाहर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। वहां ममता ंदे से लटकी मिली। परिजनों ने उसे तत्काल नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। परिजनों के अनुसार ममता और पवन ने करीब एक माह पूर्व प्रेम विवाह किया था। दोनों पिछले दो वर्षों से एक–दूसरे को जानते थे, दोनों ने आपसी सहमति से विवाह किया था। ममता बीते रविवार को अपने पिता देव सिंह के घर आई हुई थी। जानकारी के मुताबिक ममता ने करीब पांच माह पूर्व भी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया था, लेकिन तब समय पर उपचार मिलने से उसकी जान बच गई थी। वह उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही थी तथा एमए की पढ़ाई के साथ डीएलएड भी कर चुकी थी। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में पति–पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी की संभावना जताई जा रही है, हालांकि आत्महत्या के वास्तविक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। मामले की जांच सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। फिलहाल मायके पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। घटना के एक दिन पूर्व ममता ने अपना फोन भी तोड़कर फेंक दिया था। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

**NOTICE**

I, No. 15215378A NK Chogale Anil Shamrao Unit 136 Filed Regiment ARTY C/o 56 APO resident of village NANDGAON, Tal: KARAVIR Dist. KOLHAPUR, MAHARASHTRA Pin 416207. In my Service Records my son's name is wrongly entered as Aditya whereas correct Name is Aditya Anil Chougale as per Aadhar card.

**NOTICE**

I, Ashwini Chougale w/o No. 15215378A NK Chogale Anil Shamrao Unit 136 Filed Regiment ARTY C/o 56 APO resident of village NANDGAON, Tal: KARAVIR Dist. KOLHAPUR, MAHARASHTRA Pin 416207. In my Husband's Service Record my name is wrongly entered as Ashwini Chougale whereas correct Name is Ashwini Anil Chougale as per Aadhar card.

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** गुरुवार की दोपहर में कालाढूंगी के मैथीशाह नाला पुल के निकट बाग में आम के पेड़ पर एक युवक को फांसी पर लटका देखे जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया, किसी के द्वारा उक्त घटना की जानकारी कालाढूंगी पुलिस को दी। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची कालाढूंगी पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल करने के बाद शव को पेड़ से उतारा, और तलाशी ली तो मृतक की जेब से पश्चिम बंगाल राज्य का आधार कार्ड और एक छोटा मोबाइल मिला, मगर मोबाइल का सिम बंद हो चुका था। प्रभारी उप निरीक्षक पंकज जोशी ने बताया कि मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड में मृतक का नाम उज्ज्वल मर्दी पुत्र चुरका मर्दी एवं निवास साउथ दिनाजपुर पश्चिम बंगाल अंकित पाया गया। उन्होंने बताया कि उक्त युवक आम के पेड़ पर पानी के पाइप से लटका पाया गया, जिसके शव पंचनामा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मृतक के आधार कार्ड के आधार पर उसके परिजनों से संपर्क जुटाने की कोशिश में जुटी हुई है, प्रथम दृष्टया यह काम की तलाश में घर से निकला होगा, आत्महत्या का क्या कारण रहा होगा, पुलिस इसकी जांच में जुटी हुई है।

**NOTICE**

I PITCHAMMA MY SON ARMY NO 14672397F NK VEERA REDDY PAMU UNIT 217 FD WKSP COY DEHRADUN PIN-CODE 248003 . MY NAME PITCHAMMA HAS BEEN WRONGLY ENTERED IN MY SON ARMY RECORD CORRECT NAME IS PAMU PITCHAMMA . IT SHOULD BE UPDATED

**यूजेवीएन लिमिटेड**

मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून–248006
दूरभाष: 0135–2763808, फैक्स– 0135–2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक–476 **अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक– 04/06/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु एवं उ0) कुल्हाल विद्युत गृह इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

**निविदा स0. 08/यूजेवीएनलि0/अअ(अनु एवं उ0)/केपीएस/2026–27:** कुल्हाल विद्युत गृह के डाउन स्ट्रीम में क्रॉस रेगुलेटिंग गेटस का संचालन और रखरखाव का कार्य।

**अनुमानित लागत:** रु0 9,82,912/– जी0एस0टी0 अतिरिक्त।

**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 06/06/2026, 11:00 बजे

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:** 15/06/2026,15:00 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट **www.ujvnl.com** से डाउनलोड किये जा सकते है।

**अधिशासी अभियन्ता, कुल्हाल**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालय: 11वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई.400013**

**कब्ज़े की सूचना (अचल संपत्तियों के लिए)**

**(प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार)**

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, **वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के तहत** प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को मांग नोटिस जारी करते हैं, जिसमें उधारकर्ताओं को उक्त नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए कहा गया है।
उधारकर्ता को, विशेष रूप से और आम जनता को, यह सूचित किया जाता है कि उधारकर्ता द्वारा राशि वापस करने में असफल रहने के कारण, **नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।**
विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जिसके अंतर्गत नीचे उल्लिखित तिथि से ब्याज और दंडात्मक ब्याज, शुल्क, लागत आदि सहित नीचे उल्लिखित राशि होगी।**
**उधारकर्ता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।**

| ऋण खाता संख्या | ऋणी(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी (ओं)/ कानूनी प्रतिनिधि(ओं) का नाम | मांग नोटिस की राशि और तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|
| TCHHF073100010 0121268, & TCHIN0731000100 125728, & TCHIN0374000100 227977 | श्री श्रवण कुमार (ऋणग्रहीता) तथा श्रीमती रीना पाल (सह-ऋणग्रहीता) | ऋण खाता संख्या TCHHF0731000100121268 के अंतर्गत ₹10,24,199/-, तथा ऋण खाता संख्या TCHIN0731000100125728 के अंतर्गत ₹58,356/-, तथा ऋण खाता संख्या TCHIN0374000100227977 के अंतर्गत ₹1,03,593/-, इस प्रकार कुल ₹11,86,148/- (रुपये ग्यारह लाख छियासी हजार एक सौ अड़तालीस मात्र) दिनांक 09.09.2025 तक बकाया है। | 03.06.2026 |

**सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों का विवरण:** भूखंड/ज़मीन के समस्त अंश एवं खंड, जिनका कुल क्षेत्रफल 810 वर्ग फुट (यानी 75.28 वर्ग मीटर) है ((पूर्व 28 फुट, पश्चिम 17 फुट, उत्तर 36 फुट, दक्षिण 36 फुट)), खसरा संख्या 515 मिन, **ग्राम इमली खेड़ा धरमपुर में स्थित, परगना और तहसील रुड़की, जिला हरिद्वार, उत्तराखंड बिक्री विलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाओं के साथ। सीमाएँ: पूर्व** - खुला प्लाट, सत्यपाल की ज़मीन, **पश्चिम** - 14 फुट चौड़ी सड़क, **उत्तर** - श्रीमती दीपमाला का प्लाट, **दक्षिण** - आदेश का प्लाट

**दिनांक:- 05.06.2026**
**स्थान:- हरिद्वार (उत्तराखंड)**

**हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, कृते टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई–राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई–राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल–9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान, 100 से अधिक अवैध कब्जे हटाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में हरिद्वार जनपद में अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन का अभियान लगातार जारी है। चारधाम यात्रा और आगामी कांवड़ मेले को सुचारु, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस विभाग संयुक्त रूप से विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रहे हैं। गुरुवार को हरिद्वार शहर के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए सड़कों, फुटपाथों, नालियों और सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत सभी उप जिलाधिकारियों, नगर निगम और संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सरकारी भूमि, सड़क, फुटपाथ और नालियों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालु हरिद्वार से होकर गुजरते हैं तथा आगामी कांवड़ मेले में भी भारी संख्या में शिवभक्त पहुंचेंगे। ऐसे में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। नगर मजिस्ट्रेट हर गिरी के नेतृत्व में वाल्मीकि चौक (ललतारौ पुल) से अपर रोड क्षेत्र तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। वहीं उप जिलाधिकारी योगेश मेहरा के नेतृत्व में भीमगोड़ा बैरियर से जयराम आश्रम होते हुए सुखी नदी तक नगर निगम, पुलिस, जिला प्रशासन, एसएसबी और सेना के जवानों की उपस्थिति में अभियान चलाया गया। इस दौरान नालियों और फुटपाथों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया तथा नालियों के ऊपर बनाए गए खोखों और ढाबों को ध्वस्त किया गया। प्रशासन की दोनों टीमों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए 100 से अधिक अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया। अधिकारियों ने संबंधित लोगों को चेतावनी दी कि भविष्य में यदि नालियों, फुटपाथों या सड़क किनारे दोबारा अतिक्रमण किया गया तो सामान जब्त करने के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बार-बार अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। अभियान के दौरान सिटी उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी, उप नगर आयुक्त महेंद्र यादव, मुख्य सफाई निरीक्षक संजय शर्मा, मनोज कुमार, सफाई निरीक्षक धीरेन्द्र सेमवाल, श्रीकांत, हरकी पैड़ी चौकी प्रभारी संजीत कंडारी, एसएसआई गोपाल दत्त भट्ट सहित नगर निगम और पुलिस प्रशासन की टीम मौजूद रही।

# 24 घंटे में मिला बिछड़ा मासूम, जीआरपी हरिद्वार ने हरियाणा से सकुशल किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** रेलवे स्टेशन हरिद्वार के प्लेटफॉर्म नंबर-4 से गुम हुए पांच वर्षीय बालक को जीआरपी हरिद्वार ने महज 24 घंटे के भीतर हरियाणा के यमुनानगर जनपद से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इस सफलता पर जीआरपी कप्तान अरुणा भारती ने पूरी टीम की सराहना करते हुए उन्हें शाबाशी दी है। जानकारी के अनुसार पंजाब के मोहाली निवासी अनिकेत अपने परिवार के साथ गंगा स्नान के लिए हरिद्वार आए थे। 2 जून को वह अपने पिता, पत्नी और छह बच्चों के साथ रेलवे स्टेशन पहुंचे। परिवार प्लेटफॉर्म नंबर-4 पर खड़ी हरिद्वार-अमृतसर एक्सप्रेस में चढ़ गया, लेकिन बाद में जानकारी मिली कि ट्रेन चंडीगढ़ नहीं जाएगी। इस पर परिवार जल्दबाजी में ट्रेन से उतरने लगा। इसी दौरान भारी भीड़ के बीच उनका पांच वर्षीय पुत्र ट्रेन में ही रह गया और परिवार से बिछड़ गया। घटना के बाद अनिकेत ने जीआरपी थाने में बच्चे की गुमशुदगी की तहरीर दी। पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए जीआरपी कप्तान अरुणा भारती के निर्देशन में तीन विशेष टीमों का गठन किया गया। टीमों को हरिद्वार के साथ-साथ उत्तर प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़ और हरियाणा में संभावित स्थानों पर तलाश के लिए रवाना किया गया। वहीं एक टीम को रेलवे स्टेशन और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगालने का जिम्मा सौंपा गया। लगातार प्रयासों के बीच पुलिस को बड़ी सफलता तब मिली जब हरियाणा के जगाधरी (यमुनानगर) पहुंची टीम ने बालक को सकुशल बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद बच्चे को हरिद्वार लाया गया और बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) रोशनाबाद के समक्ष पेश किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद बालक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। जीआरपी की इस त्वरित कार्रवाई से परिवार ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार व्यक्त किया। मामले की विवेचना महिला उपनिरीक्षक तरन्नूम सईद द्वारा की गई। बरामदगी में शामिल पुलिस टीम में महिला उपनिरीक्षक तरन्नूम सईद, कांस्टेबल मंसूर अली और कांस्टेबल नैथानियल भट्टी शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबर

### अपार्टमेंट में शाफ्ट विवाद मारपीट तक पहुंचा, केस दर्ज

**हरिद्वार।** कनखल क्षेत्र स्थित एक अपार्टमेंट में शाफ्ट को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया। फ्लैट स्वामी ने पड़ोस में रहने वाले तीन लोगों पर धक्का-मुक्की, पत्नी के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। श्री श्रीचंद्राचार्य अपार्टमेंट, कनखल निवासी लोकेश मेहन्दीरत्ता ने बताया कि दो जून की रात करीब साढ़े दस बजे उनके फ्लैट के ऊपर रहने वाले विजेन्द्र तनेजा, उनके पुत्र राघव तनेजा और पत्नी भारती तनेजा ने एसी की आउटर यूनिट वाली शाफ्ट को फाइबर शीट लगाकर बंद कर दिया। आरोप है कि जब उन्होंने शीट हटाने का विरोध किया तो तीनों ने उनके साथ अभद्रता और गाली-गलौज शुरू कर दी। लोकेश मेहन्दीरत्ता का आरोप है कि फाइबर शीट हटाने के प्रयास के दौरान विजेन्द्र तनेजा और राघव तनेजा ने उनके साथ धक्का-मुक्की की और उन्हें शाफ्ट में धक्का देकर गिरा दिया। शोर सुनकर उनकी पत्नी मौके पर पहुंची तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। तहरीर के अनुसार राघव तनेजा ने उनकी पत्नी के मुंह पर मुक्का मार दिया, जिससे उनके चेहरे पर चोटें आईं और दांत भी हिल गए। आरोप है कि घटना के बाद आरोपियों ने दोबारा शीट लगाते हुए धमकी दी कि यदि उसे फिर हटाया गया तो जान से मार दिया जाएगा। इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि विजेन्द्र तनेजा, राघव तनेजा और भारती तनेजा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

### स्कूटी को लेकर दो भाइयों में विवाद, तीन पर मुकदमा

**हरिद्वार।** स्कूटी उधार लेकर वापस न करने के विवाद में दो भाइयों के बीच तनाव बढ़ गया। पीड़ित ने अपने भाई, भाभी और भतीजे पर स्कूटी हड़पने, गाली-गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा के अनुसार, गोविंदपुरी रानीपुर मोड़ निवासी रोहित तिवारी ने शिकायत में बताया कि 15 फरवरी को उनके भाई आशीष तिवारी और भाभी श्वेता तिवारी ज्वालापुर बाजार जाने की बात कहकर उनकी एक्टिवा स्कूटी ले गए थे। आरोप है कि अमानत के तौर पर ली गई स्कूटी को अब तक वापस नहीं किया गया और बार-बार मांगने पर टालमटोल की जाती रही। शिकायत के मुताबिक 20 फरवरी को श्वेता तिवारी ने फोन पर बातचीत के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद भी आरोपित लगातार गाली-गलौज और धमकियां देते रहे।

रोहित तिवारी ने बताया कि एक जून को वह भूपतवाला स्थित अपने मकान में पानी की टंकी की सफाई कराने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने पड़ोस की छत पर मौजूद आशीष तिवारी, श्वेता तिवारी और उनके पुत्र ऋतिक तिवारी से स्कूटी वापस मांगी। आरोप है कि इस पर तीनों भड़क गए और खुलेआम गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना के समय उनका किरायेदार बिट्टू भी मौके पर मौजूद था। पीड़ित का कहना है कि लगातार मिल रही धमकियों से उसे और उसके परिवार को जान-माल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डॉ. ऐश्वर्या भट्ट बनीं डीएसपी, गुरुकुल परिसर में हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के गुरुकुल परिसर की पूर्व छात्रा डॉ. ऐश्वर्या भट्ट का उत्तराखंड लोक सेवा आयोग (यूकेपीएससी) द्वारा पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) पद पर चयन होने से विश्वविद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। इस उपलब्धि पर गुरुकुल परिसर में सम्मान एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों, अधिकारियों और विद्यार्थियों ने उन्हें बधाई दी। समारोह में गुरुकुल परिसर के निदेशक प्रो. गिर्राज प्रसाद गर्ग ने डॉ. ऐश्वर्या भट्ट का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और उनकी सफलता को विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. भट्ट की सफलता न केवल विश्वविद्यालय बल्कि संपूर्ण आयुर्वेद जगत और देवभूमि की नारी शक्ति के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प और लगन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. दीपशिखा, डॉ. विपिन पांडे और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी राहुल तिवारी ने भी डॉ. भट्ट को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में उनके बैचमेट्स एवं जूनियर छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. नैंसी सिंह, डॉ. जतिन तिवारी और डॉ. अंजलि सहित अन्य विद्यार्थियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। अपने संबोधन में डॉ. ऐश्वर्या भट्ट ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा गुरुकुल परिसर के गुरुजनों के मार्गदर्शन और आशीर्वाद को दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर निरंतर प्रयास करने का संदेश भी दिया।

समारोह के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने डॉ. ऐश्वर्या भट्ट की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे विश्वविद्यालय और प्रदेश के लिए गर्व का विषय बताया।

# ऊर्जा विभाग की टीम ने 14 घरों में पकड़ी बिजली चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** बिजली चोरी के खिलाफ ऊर्जा विभाग का अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। गुरुवार को अधिशासी अभियंता ज्वालापुर रवि कुमार के निर्देश पर उपखंड जगजीतपुर की टीम ने विजिलेंस के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान बहादरपुर जट्ट स्थित छाँगा बस्ती में 14 घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई। विभाग ने सभी मामलों में नियमानुसार जुर्माना लगाने की कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराने के लिए संबंधित थाने में शिकायत भेज दी है। अधिशासी अभियंता रवि कुमार ने बताया कि मुख्य अभियंता शेखर चंद त्रिपाठी के निर्देश पर पूरे डिवीजन क्षेत्र में बिजली चोरी के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सभी उपखंड अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित जांच और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के तहत उपखंड अधिकारी रुपेश कुमार के नेतृत्व में जेई वरुण पंवार एवं विभागीय टीम ने विजिलेंस अधिकारियों के साथ मिलकर बहादरपुर जट्ट, छाँगा बस्ती में सघन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान 14 घरों में अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पाया गया। टीम ने मौके पर आवश्यक साक्ष्य जुटाते हुए संबंधित लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज किया तथा विभागीय नियमों के तहत जुर्माने की कार्रवाई शुरू कर दी। एसडीओ रुपेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में बिजली चोरी की लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर यह अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले ऐसे मामलों में किसी प्रकार की ढील नहीं दी जाएगी और आगे भी अभियान लगातार जारी रहेगा। छापेमारी अभियान के दौरान विजिलेंस टीम के सहायक अभियंता धनंजय सिंह, विकास सिंह, विजिलेंस अधिकारी अनिल कुमार, जेई अनीता काला, निरीक्षक मारुत शाह, संजीव त्यागी, सरिता शाह सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर लगाने के लिए विद्युत विभाग ने मांगा पुलिस और प्रशासन का सहयोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** विद्युत विभाग ने स्मार्ट मीटर लगाए जाने के लिए पुलिस प्रशासन के सहयोग की मांग की है। उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के मुख्य अभियंता वितरण हरिद्वार क्षेत्र शेखरचंद्र ने अवगत कराया है कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी रीवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के अंतर्गत हरिद्वार में जनपद में विद्युत उपभोक्ताओं के परिसरों में स्मार्ट मीटर स्थापित किए जाने का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। यह कार्य मै.जीनस पावर सॉल्यूशन प्रा.लि.जयपुर द्वारा किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को पारदर्शी बिलिंग, विद्युत खपत की सटीक जानकारी, रियल टाइम मॉनिटरिंग तथा बेहतर विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराना है। भारत सरकार के राजपत्र01 अप्रैल 2026 के अनुसार निर्धारित समय सीमा में सभी उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। हरिद्वार जनपद में स्मार्ट मीटर स्थापना का कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। प्रथम चरण के अंतर्गत विद्युत वितरण मंडल हरिद्वार एवं रुड़की के विभिन्न क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विद्युत वितरण मंडल हरिद्वार फेज-1 में 6 जून को जगजीतपुर, 8, 9 व 10 जून को सराय, 11 व 15 जून को इब्राहिम खुर्द, 12 जून को इब्राहिमपुर कला, 16 जून को शिवालिक नगर, 17 जून को विकास कालोनी मायापुर, 18 जून को श्रीनाथ नगर भूपतवाला, 19 जून को सन्यास रोड़ कनखल, 20 जून को निर्मल बाग कनखल में स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। विद्युत वितरण मंडल रुड़की फेज-1 में 6 जून को सोत मोहल्ला, जून को बीएमएस तिराहा, 9 जून को आवास विकास, 10 जून को लेबर चौक, 11 जून को डिफेंस कालोनी, 12 जून को चौधरी चरण सिंह चौक, 15 जून को सिविल लाइंस, 16 जून को आदर्श नगर, 17 जून को ईदगाह रोड़, 18 जून को रामपुर तिराहा पर स्मार्ट मीटर लगाए जाने का कार्य किया जाना है। कुछ स्थानों पर स्मार्ट मीटर स्थापना को लेकर विरोध की संभावनाओं को देखते हुए कार्य के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है। इस संबंध में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित द्वारा संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जिन-जिन स्थानों पर स्मार्ट मीटर स्थापना कार्य प्रस्तावित है, वहां आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था एवं सहयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि कार्य सुचारू एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराया जा सके।

# पर्यावरण दिवस से योग दिवस तक चलेंगे विभिन्न कार्यक्रम : विवेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** भाजपा मंडल जमालपुर की बैठक शिवांश कॉलोनी, लक्सर रोड कटारपुर चौराहा पर आयोजित की गई। बैठक में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। मंडल अध्यक्ष विवेक चौहान ने बताया कि 5 जून को पर्यावरण दिवस के अवसर पर मंडल के सभी शक्ति केंद्रों पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक पहुंचकर कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया। जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि उत्तराखंड की धामी सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ पुनः सरकार बनाएगी। उन्होंने केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि नारी सशक्तिकरण, सीमाओं की सुरक्षा तथा आतंकवाद और नक्सलवाद पर प्रभावी नियंत्रण जैसे अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। बैठक में प्रमोद चौहान, चंदकिरण सिंह, सचिन आर्य, विकास पवार, तिलक राम सैनी, रजनीश चौधरी, शर्मिला बगवाड़ी, शालिनी यादव, दीपा कश्यप, चीनू चौधरी, रीनू चौधरी, रमेश प्रधान, अनुज पाल, विकास पाल सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गुलदार की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** क्षेत्र के सहदेवपुर में बुधवार की देर रात ग्रामीणों को गुलदार दिखाई दिया। इससे वे दहशत में आ गए। उन्होंने इसकी सूचना आसपास के लोगों को दी। इतना ही नहीं बच्चों को अकेले स्कूल नहीं भेजने की भी अपील की। वन विभाग को गांव में गुलदार के आने की सूचना तक नहीं है। बुधवार रात करीब नौ बजे सहदेवपुर निवासी जितेंद्र व गुल्लू अपने खेतो में सिचाई कर रहे थे। कुछ दूर चलने के बाद उन्हें खेत मे गुलदार घूमते दिखा। यह देख उनके पैरों की जमीन खिसक गई। जान बचाने के लिए उन्होंने जोर-जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया। इसके बाद गुलदार भी जंगल की ओर भाग गया। यह बात उन्होंने आसपास सिंचाई कर रहे किसानों को बताइ। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य गुरमीत सिंह को भी इसकी सूचना फोन से दी। गुरमीत सिंह ने बताया सूचना के बाद वे मौके पर गए, लेकिन उन्हें कोई गुलदार नहीं दिखा। उधर ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की है। वन क्षेत्र के अधिकारी बिजेन्द्र वालिया ने बताया कि उनके पास अभी तक गुलदार दिखने की कोई भी सूचना नहीं है । उनका कहना है यदि सूचना मिली तो अपनी टीम को गश्त के लिए भेजेंगे। इधर गांव में दिनदहाड़े दिख रहे गुलदार से लोग दहशत में हैं।

# राष्ट्र की एकता अखंडता को मजबूत करने में संत महापुरूषों की अहम भूमिका : रविंद्रपुरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** महामंडलेश्वर साध्वी भगवती पुरी ने निरंजनी अखाड़े में स्थित कार्तिकेय मंदिर में पूजा अर्चना की विश्व कल्याण की कामना की और अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी से आशीर्वाद लिया। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने मां मनसा देवी की चुनरी ओढ़ाकर म.मं. साध्वी भगवती पुरी का स्वागत किया। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि समाज को सांस्कृतिक रूप से एकजुट कर राष्ट्र की एकता अखंडता को मजबूत करने में संत महापुरूषों की अहम भूमिका रही है। महामंडलेश्वर साध्वी भगवती पुरी विद्वान संत हैं और सनातन के प्रचार प्रसार में उल्लेखनीय योगदान कर रही हैं। सभी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। म.मं. साध्वी भगवती पूरी ने कहा कि संत परंपराओं का पालन करते हुए अखाड़े की उन्नति और समाज को धर्म और अध्यात्म के मार्ग पर अग्रसर करना ही उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी सनातन परंपराओं के संरक्षण संवर्द्धन के साथ मानव कल्याण में भी अहम योगदान कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में प्रयागराज महाकुंभ की तर्ज पर हरिद्वार कुंभ भी भव्य और दिव्य स्वरूप में संपन्न होगा। निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी ने कहा कि महामंडलेश्वर साध्वी भगवती पुरी सनातन के प्रचार प्रसार के साथ मातृशक्ति के कल्याण में भी अहम भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर म.मं. स्वामी तेजेसानंद गिरी, महंत राज गिरी, महंत सतीश वन, संघ नेता पदम सिंह, स्वामी आलोक गिरी व पंडित अधीर कौशिक मौजूद रहे।

# सीएम मोहन यादव ने लिया स्वामी कैलाशानंद से आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर डा. स्वामी कैलाशानन्द गिरि से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नई दिल्ली में हुई भेंट के दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव ने वर्ष 2028 में उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ के संबंध में स्वामी कैलाशानंद गिरी से विस्तार से चर्चा की। निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य म.मं. स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि कुंभ धर्म, संस्कृति एवं आध्यात्मिक चेतना का महापर्व है। उन्होंने कहा कि सभी तेरह अखाड़े मिलकर सिंहस्थ महाकुंभ को सनातन की गरिमा के अनरूप दिव्य और भव्य स्वरूप में संपन्न कराएंगे। स्वामी कैलाशानंद गिरी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को अगले वर्ष हरिद्वार में होने वाले कुंभ मेले में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

# पहल : उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष जनसुनवाई शिविर का आयोजन आज

## फाउंड्री गेट स्थित डिवीजन कार्यालय में सजेगा जनता दरबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**हरिद्वार।** बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से ऊर्जा विभाग ने विशेष उपभोक्ता जनसुनवाई अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में शुक्रवार (आज) को ज्वालापुर स्थित विद्युत वितरण खंड कार्यालय परिसर में व्यापक शिकायत निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा।

मुख्य अभियन्ता शेखर चन्द्र त्रिपाठी के निर्देशन में आयोजित होने वाले इस शिविर में विभाग के सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहेंगे। शुक्रवार (आज) सुबह 9:30 बजे से शुरू होने वाले शिविर में बिजली बिलों में त्रुटि, मीटर संबंधी शिकायतें, कम या अधिक वोल्टेज की समस्या, नए विद्युत कनेक्शन, लाइन शिफ्टिंग तथा अन्य विद्युत सेवाओं से जुड़ी शिकायतों पर सुनवाई कर उनका निस्तारण किया जाएगा। मुख्य अभियन्ता ने बताया कि शिविर का उद्देश्य उपभोक्ताओं को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का यथासंभव मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। वहीं, अधिशासी अभियन्ता रवि कुमार ने बताया कि विभाग और उपभोक्ताओं के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने तथा शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए यह पहल की गई है। उन्होंने क्षेत्र के अधिक से अधिक उपभोक्ताओं से शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज कराने की अपील की। उनका कहना है कि इस व्यवस्था से न केवल शिकायतों के समाधान में तेजी आएगी, बल्कि विभाग के प्रति उपभोक्ताओं का विश्वास भी और मजबूत होगा।

# ज्वालापुर पुलिस ने दो वारंटी दबोचे

**हरिद्वार।** ऑपरेशन प्रहार के तहत ज्वालापुर पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंटों की तामील करते हुए दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में पुरानी सब्जी मंडी निवासी चिराग घरनावालिया और बाबर कॉलोनी निवासी आवेश शामिल हैं। दोनों के खिलाफ विभिन्न मामलों में कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। कार्रवाई पुलिस टीम ने वरीय उपनिरीक्षक हर्ष अरोड़ा के नेतृत्व में की।

# नसीरपुर कलां में जन अधिकार पार्टी का शक्ति प्रदर्शन

### राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद अली का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पथरी।** हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांव नसीरपुर कलां में जन अधिकार पार्टी जनशक्ति द्वारा बुधवार रात्रि को आयोजित कार्यक्रम में उस समय उत्साह का माहौल बन गया जब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद अली मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने उनका ढोल-नगाड़ों, और फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दर्जनों युवाओं और स्थानीय लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। बड़ी संख्या में नए कार्यकर्ताओं के पार्टी में शामिल होने से संगठन में उत्साह और ऊर्जा का माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने इसे क्षेत्र में पार्टी के बढ़ते जनाधार का संकेत बताते हुए संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। अपने संबोधन में आजाद अली ने कहा कि जन अधिकार पार्टी जनशक्ति हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक पार्टी की मजबूत टीम तैयार की जा रही है और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए जमीनी स्तर पर सक्रिय तथा मजबूत उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी जनता के अधिकारों, युवाओं के रोजगार, किसानों की समस्याओं और क्षेत्रीय विकास के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है तथा आने वाले समय में जन अधिकार पार्टी जनशक्ति एक मजबूत राजनीतिक विकल्प के रूप में उभरेगी। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों की मौजूदगी ने पार्टी की बढ़ती सक्रियता और संगठनात्मक ताकत का प्रदर्शन किया। पूरे आयोजन के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश देखने को मिला तथा पार्टी नेतृत्व के प्रति भरोसा भी स्पष्ट रूप से नजर आया। इस दौरान डॉक्टर तबरेज अली, साकिब अली, इलियास शाह, मांगा हसन अंसारी, साजिद अली बीडीसी, मुनीश अली, आरिफ अंसारी, शाहरुख, मुसर्रत, आदिल, इरशाद, शाहिल, अनस अली, शाहबाज, शाकिब, शेरअली, नईम अलो, सावेज अली, डॉ शाहिद अली, कामिल, नोशाद अली आदि ग्रामीण मौजूद रहे।


**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड ज्वालापुर हरिद्वार । मोबाईल नं0. 9412073716

पत्रांकः—3765 / वि0.वि0.ख0ज्वा0 / ह0 / शटडाउन / ई0ई0 / दिनांक— 04.06.2026

**विद्युत बन्दी सूचना**

खण्ड के अन्तर्गत आने वाले सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका में वर्णित तिथि व समय में 33 / 11 के०वी० विद्युत उपसंस्थान, पी०ए०सी पर Testing कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः तालिका में वर्णित क्षेत्रों से सम्बन्धित सम्मानित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति उल्लेखित तिथि व समय पर आंशिक / पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

| क्रम सं0 | उपसंस्थान का नाम | फीडर का नाम | दिनांक व दिन | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 33 / 11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान, पी0ए0सी0। | उक्त उपसंस्थान से पोषित होने वाले समस्त फीडर। | 06.06.2026 / शनिवार | 10:00 बजे से 14:00 बजे तक | शिवालिक नगर, टिहरी विस्थापित, गंगा नगरी, पी०ए०सी तथा उक्त उपसंस्थान से पोषित होने वाले सभी घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त समय में विद्युत एवं पानी की वैकल्पिक व्यवस्था अपने स्तर से करने की कृपा करें। विद्युत बन्दी के समय सम्मानित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

'विद्युत बिलो के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं*
Toll free No- 1800-419-0405

अधिशासी अभियन्ता

''राष्ट्रहित में विद्युत बचायें''



**सूचना**

मैंने अपना नाम **VIKAS KARNWAL** से बदलकर **VIKAAS KARANWWAL S/o HARISH CHAND KARANWAL** कर दिया गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। **VIKAAS KARANWWAL** निवासी मकान नं0-08, लेन नं0-13. कर्णवाल हाउस, नियर शिवमंदिर, एकता विहार, सहस्त्रधारा रोड, जिला देहरादून (उत्तराखण्ड)।



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# कांग्रेस के चुनावी शंखनाद पर मौसम की मार

## जनसभा करने पहुंचने वाले थे राहुल गांधी, दूरभाष के माध्यम से रैली को संबोधित किया, बोले–जल्द फिर आऊंगा अल्मोड़ा

**मोहित अधिकारी**

**शाह टाइम्स, अल्मोड़ा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का प्रस्तावित अल्मोड़ा दौरा गुरुवार को खराब मौसम के कारण रद्द हो गया, जिससे बड़ी संख्या में उनके संबोधन को सुनने पहुंचे कार्यकर्ताओं और समर्थकों में निराशा छा गई। कांग्रेस द्वारा आयोजित परिवर्तन संकल्प रैली को आगामी उत्तराखंड विधानसभा चुनाव 2027 के लिए पार्टी के चुनावी अभियान के शंखनाद के रूप में देखा जा रहा था।

रैली स्थल सिमकनी मैदान में सुबह से ही हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक जुटने लगे थे। प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे लोगों को राहुल गांधी के संबोधन का इंतजार था। पार्टी नेताओं का दावा था कि यह रैली आगामी चुनावों के लिए कांग्रेस की रणनीति और जनता के बीच पार्टी के संदेश को पहुंचाने का महत्वपूर्ण मंच बनने वाली थी। राहुल गांधी निर्धारित कार्यक्रम के तहत पंतनगर पहुंचे थे और वहां से हेलीकॉप्टर के माध्यम से अल्मोड़ा पहुंचना था। पर्वतीय क्षेत्रों में खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण उड़ान भरने के बाद भी हेलीकॉप्टर को वापस पंतनगर के लिए मोड़ना पड़ा। सुरक्षा और मौसम संबंधी परिस्थितियों को देखते हुए उनका दौरा रद्द करना पड़ा। दौरा रद्द होने के बावजूद राहुल गांधी ने दूरभाष के माध्यम से रैली को संबोधित किया। उन्होंने अल्मोड़ा नहीं पहुंच पाने पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि उनका उत्तराखंड की जनता से सीधे संवाद करने का पूरा मन था, लेकिन मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण यह संभव नहीं हो पाया। उन्होंने



कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए जल्द ही अल्मोड़ा आने का भरोसा दिलाया। रैली में मौजूद कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी की अनुपस्थिति के बावजूद कार्यकर्ताओं का उत्साह बना हुआ है और पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों में मजबूती से जनता के बीच जाएगी। हालांकि राहुल गांधी को प्रत्यक्ष रूप से सुनने और देखने की उम्मीद लगाए बैठे हजारों समर्थक मायूस नजर आए।

## राज्य और केंद्र सरकार महज कुछ उद्योगपतियों के लिए कर रही कार्य: राहुल गांधी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** एसएसजे विवि के सिमकनी खेल मैदान में कांग्रेस की प्रस्तावित परिवर्तन का शंखनाद रैली स्थगित हो गई है।



खराब मौसम के चलते लोस नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी रैली में शामिल नहीं हो पाए। इस दौरान उन्होंने रैली को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने उत्तराखंड में भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि उत्तराखंड में मोदी और केंद्र में सरकार अमेरिका चला रहा रहा है। गुरुवार को अल्मोड़ा के सिमकनी खेल मैदान में राहुल गांधी की रैली को लेकर भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटी हुई थी। लेकिन इसी दौरान एकाएक मौसम खराब हो गया। मौसम की खराबी के चलते उनका हैली अल्मोड़ा तक नहीं पहुंच पाया और वापस पंतनगर लौटना पड़ा। इससे रैली में पहुंचे लोगों और कार्यकर्ताओं में निराशा हुई। हालांकि राहुल गांधी ने वर्जुअल माध्यम से लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज राज्य अपने हाथों से नहीं दिल्ली से चलाया जा रहा है। वहीं, यहां बाहर के लोग अपार संपदा का फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत को रूस, ईरान से तेल लेने के बजाए अमे. रिका के आदेश का इंतजार करना पड़ रहा है। केंद्र की सरकार ने देश के आर्थिक स्ट्रक्चर को तोड़कर रख दिया है। राज्य और केंद्र सरकार महज कुछ उद्योगपतियों के लिए कार्य कर रहे हैं। आम जनता से दोनों का कोई सरोकार नहीं रह गया है।

## अल्मोड़ा न आ पाने का बेहद अफसोस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा ने कहा कि राहुल गांधी की अल्मोड़ा आने और जनता के बीच पहुंचने की प्रबल इच्छा थी। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी ने स्वयं संदेश भेजकर कहा है कि अल्मोड़ा न आ पाने का उन्हें बेहद अफसोस है और वह जल्द ही यहां आकर जनता से संवाद करेंगे। इस दौरान उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार पर भी निशाना साधा। कहा कि सरकार द्वारा कुछ बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए पहाड़ की अर्थव्यवस्था के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। लोगों को आजी. विका देने के बजाय सरकार रोजगार छिनने का काम कर रही है।

## प्रदेश की जनता चाहती है बदलाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** सभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है तथा जनता में सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़े हैं, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हुई हैं तथा धर्म और जाति के नाम पर समाज को बांटने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब बदलाव चाहती है और आने वाले चुनाव में इसका जवाब देगी।

# अधूरे रह गए राहुल गांधी के दौरे की कांग्रेस को जल्द करनी होगी भरपाई

## जानकारों का मानना–कांग्रेसियों के उत्साह को बनाए रखना होगा

**शाहवेज़ खान**

**शाह टाइम्स, हल्द्वानी।** उत्तराखंड विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के चुनावी अभियान को गति देने के लिए चार साल बाद देवभूमि पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी का बहुप्रतीक्षित दौरा खराब मौसम की भेंट चढ़ गया। अल्मोड़ा में हजारों समर्थकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूदगी के बावजूद राहुल गांधी वहां नहीं पहुंच सके और पंतनगर एयरपोर्ट से ही उन्हें अपना कार्यक्रम रद्द कर दिल्ली लौटना पड़ा। राहुल गांधी के दौरे को कांग्रेस उत्तराखंड में चुनावी शंखनाद के रूप में देख रही थी। पार्टी ने उनके कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारियां की थीं और कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह भी था। अल्मोड़ा में बड़ी जनसभा प्रस्तावित थी, जहां राहुल गांधी सीधे जनता को संबोधित करने वाले थे। लेकिन मौसम की बाधा ने कांग्रेस की इस रणनीति पर पानी फेर दिया। अल्मोड़ा में सुबह से ही हजारों लोग राहुल गांधी की एक झलक पाने और उनके संबोधन को सुनने के लिए जुटे थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और संगठन के पदाधिकारी भी कार्यक्रम स्थल पर मौजूद थे। जैसे ही यह सूचना मिली कि मौसम खराब होने के कारण राहुल गांधी नहीं पहुंच पाएंगे, कार्यकर्ताओं और समर्थकों में



मायूसी छा गई। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि राहुल गांधी का यह दौरा केवल एक जनसभा तक सीमित नहीं था, बल्कि इसके जरिए कांग्रेस प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपने अभियान की औपचारिक शुरुआत करना चाहती थी। पार्टी नेतृत्व यह संदेश देना चाहता था कि कांग्रेस भाजपा सरकार को चुनौती देने के लिए पूरी तरह तैयार है। राहुल गांधी के कार्यक्रम में अल्मोड़ा के बाद गढ़वाल क्षेत्र का दौरा भी शामिल था। माना जा रहा था कि वह चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड के मुद्दे को भी उठाएंगे और उनके परिजनों से मुलाकात कर प्रदेश की राजनीति में इस मामले को फिर से केंद्र में ला सकते थे। यदि ऐसा होता तो भाजपा को इस मुद्दे पर फिर से जवाबदेही का सामना करना पड़ सकता था। हालांकि कार्यक्रम रद्द होने से यह संभावना भी फिलहाल अधूरी रह गई। हाल के दिनों में उत्तराखंड कांग्रेस की गतिविधियों में तेजी देखने को मिली है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, जो लंबे समय से अपेक्षाकृत शांत दिखाई दे रहे थे, एक बार फिर सक्रिय राजनीति में लौटे हैं और धामी सरकार पर लगातार हमलावर हैं। प्रदेश कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेता भी चुनावी तैयारियों में जुटे हुए हैं। ऐसे माहौल में राहुल गांधी का दौरा कार्यकर्ताओं के लिए ऊर्जा और उत्साह का बड़ा स्रोत बन सकता था। हालांकि अल्मोड़ा नहीं पहुंच पाने के बावजूद राहुल गांधी ने पंतनगर एयरपोर्ट से ही दूरभाष के माध्यम से जनसभा को संबोधित किया और भाजपा सरकार पर निशाना साधा। लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि वर्चुअल संबोधन वह प्रभाव नहीं छोड़ सका, जिसकी उम्मीद कांग्रेस नेतृत्व कर रहा था। अब सवाल यह है कि क्या कांग्रेस इस अधूरे रह गए दौरे की भरपाई कर पाएगी। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि यदि पार्टी उत्तराखंड में अपने कार्यकर्ताओं का उत्साह बनाए रखना चाहती है तो राहुल गांधी को जल्द ही प्रदेश का नया दौरा करना होगा।

# स्टीकर लगे वाहनों को ही मिलेगी एंट्री

## कैंची धाम मेले को लेकर पुलिस अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 15 जून को होने वाले कैंची धाम स्थापना दिवस को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संभावित रिकॉर्ड भीड़ को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा, यातायात और पार्किंग व्यवस्था को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने स्पष्ट किया है कि कैंची धाम जाने वाले वाहनों के लिए स्टीकर (पास) अनिवार्य होगा और केवल अधिकृत वाहनों को ही आगे जाने की अनुमति दी जाएगी। गुरूवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी की अध्यक्षता में पुलिस अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में कैंची धाम मेले की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में एसपी क्राइम/यातायात डा. जगदीश चंद्र ने मेले की रूपरेखा, सुरक्षा प्रबंधन और यातायात व्यवस्था की जानकारी अधिकारियों के साथ साझा की। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने कहा कि कैंची धाम देश–विदेश के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है और मेले के दौरान बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते बढ़ रही पर्यटकों की संख्या को देखते हुए यातायात प्रबंधन को मजबूत करने के निर्देश दिए। मेले के दौरान रूट डायवर्जन, पार्किंग, बैरियर और ट्रैफिक प्लान को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। भवाली क्षेत्र के प्रमुख चौराहों और डायवर्जन प्वाइंट्स पर मेले से कुछ दिन पहले ही 24 घंटे पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शटल सेवा संचालित की जाएगी। वहीं कैंची धाम और पहाड़ी जिलों की ओर जाने वाले वाहनों के लिए स्टीकर व्यवस्था लागू रहेगी। पर्यटकों के वाहनों को होटल बुकिंग के सत्यापन के आधार पर ही चेकिंग प्वाइंट्स से आगे जाने की अनुमति मिलेगी। पुलिस ने भवाली से कैंची धाम मार्ग पर स्थित सभी होटल और होमस्टे का ऑडिट कराने के भी निर्देश दिए हैं। इसके अलावा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जरूरत के अनुसार विभिन्न श्रेणी के वाहनों की आवा. जाही पर प्रतिबंध भी लगाया जा सकता है। बैठक में एसपी क्राइम/यातायात नैनीताल डा. जगद. ीश चंद्र, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, एसपी संचार रेवाधर मठपाल, सीओ हल्द्वानी अमित कुमार सैनी, सीओ भवाली रविकांत सेमवाल, सीओ नैनीताल अंजना, सीओ यूटी विनय सिंह, सीओ यूटी अंकित थपलियाल, प्रतिसार निरीक्षक हरकेश सिंह, टीआई भवाली महेश चंद्रा समेत विभिन्न थाना और यातायात इकाइयों के अधिकारी मौजूद रहे।

### मातहतों के साथ एसएसपी मंजुनाथ ने की बैठक यातायात प्रबंधन को मजबूत करने के निर्देश दिए



### सख्ती के साथ शालीनता बरतने के निर्देश

बैठक के अंत में एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान अनुशासन और शिष्टाचार बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्ती जरूरी है, लेकिन पर्यटकों और श्रद्धालुओं के साथ व्यवहार हमेशा शालीन और सहयोगात्मक होना चाहिए। किसी भी व्यक्ति को पुलिस के व्यवहार से असु. विधा नहीं होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# महिला से 98 हजार की साइबर ठगी

## फर्जी ब्लिंकिट कस्टमर केयर के झांसे में आकर लगा चूना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गई। साइबर जालसाज ने खुद को ब्लिंकिट का कस्टमर केयर अधिकारी बताकर महिला के दो बैंक खातों से 98,210 रुपये निकाल लिए। मामले में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन कुमाऊं परिक्षेत्र, रुद्रपुर से प्राप्त शिकायत के आधार पर मुखानी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आदर्श नगर निवासी महिला पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीती छह मई को ब्लिंकिट ऐप के माध्यम से कुछ सामान ऑर्डर किया था। ऑर्डर से जुड़ी तकनीकी समस्या आने पर उन्होंने गूगल पर ब्लिंकिट कस्टमर केयर का नंबर खोजा और वहां मिले एक मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति ने खुद को कंपनी का अधिकारी बताते हुए सहायता का भरोसा दिलाया। आरोपी ने महिला के व्हाट्सएप पर एक पीडीएफ फाइल भेजी, जिसके नाम के साथ एपीके लिखा हुआ था। महिला द्वारा फाइल खोलते ही साइबर ठग ने उनके मोबाइल और अन्य डिजिटल संसाधनों तक अनधिकृत पहुंच हासिल कर ली। इसके बाद 16 मई को महिला के बैंक खातों से बिना अनुमति कुल 98,210 रुपये निकाल लिए गए। ठगी का पता चलने पर पीड़िता ने तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा साइबर ठग की पहचान और धनराशि के लेन–देन की जांच की जा रही है।

## लिफ्ट मांगी और स्कूटी लेकर फरार हुआ युवक

**हल्द्वानी।** एक युवक ने पहले स्कूटी सवार से लिफ्ट मांगी और फिर भरोसे का फायदा उठाकर उसकी स्कूटी लेकर फरार हो गया। बहन से मिलकर कुछ ही देर में लौटने का बहाना बनाकर आरोपी स्कूटी सहित गायब हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार करायल चतुरसिंह निवासी जगत सिंह पुत्र शेर सिंह ने कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि वह बीती 11 मई को वह किसी काम से बाजार गया था। वापसी के दौरान मंडी वाइन शॉप के पास एक युवक मिला। उसने कुछ दूरी तक छोड़ने का आग्रह किया। जगत ने न सिर्फ उसका आग्रह माना, बल्कि स्कूटी भी उसे ही चलाने के लिए दे दी। दोनों स्कूटी में सवार होकर टीपीनगर चौराहे तक पहुंचे तो अचानक जालसाज ने स्कूटी रोक दी। उसने जगत को नीचे उतारा और बोला कि बस कुछ देर में वह अपनी बहन से मिलकर लौट आएगा। जगत ने उस पर भरोसा कर लिया। जालसाज वहां से चला गया। जगत टीपीनगर चौराहे पर खड़े होकर उसका इंतजार करता रह गया लेकिन जालजास लौट कर नहीं लौटा। काफी देर तक इंतजार करने के बाद जब युवक का कोई पता नहीं चला तो पीड़ित जगत सिंह ने पुलिस से शिकायत की। कोतवाल विजय कुमार मेहता ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और आरोपी के साथ ही चोरी हुई स्कूटी की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## नशा तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा पुलिस ने एक तस्कर को नशे के इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 200 नशे की गोलियां बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा कोतवाली पुलिस प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में बीती बुधवार की रात क्षेत्र में चैकिंग कर रही थी। गौला बाईपास स्थित यात्री शेड स्लाटर हाउस के पास संदिग्ध अवस्था में एक युवक दिखाई दिया जो पुलिस को देख भागने लगा। शक होने पर टीम ने घेराबंदी करते हुए उसे दबोच लिया और उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 200 अल्प्राजोलम (नशीली) गोलियां बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी युवक ने अपना नाम नसीम अहमद पुत्र महमूद आलम निवासी बनभूलपुरा बताया।

## खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत विकासखंड सभागार में कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत विकासखंड सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के तहत उर्वरक/कीटनाशी विक्रेता एवं फॉर्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन को जागरूक किया गया। प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र ज्योलीकोट डा. संजय चौधरी ने कीटनाशक और उर्वरकों के संतुलित मात्रा में प्रयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रासायनिक खादों/दवाई के अंधाधुंध प्रयोग से बचे। इस बीच रसायनों के दुष्प्रभाव से होने वाले रोग बीमारी पर भी चर्चा की गई। केंद्रीय शीतजल मात्स्यकी अनुसंधान संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक एस अली ने मिट्टी की जांच के आधार पर संतुलित पोषक तत्वों के प्रयोग पर जोर दिया, जिससे पर्यावरण और भविष्य को सुरक्षित किया जा सके। वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र डा. दीपाली ने फल और सब्जियों में सुक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग के बारे में जानकारी दी। इफको से क्षेत्रीय अधिक. ारी दीपक आर्य ने नैनों फर्टिलाइजर, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी के प्रयोग पर जोर दिया गया, जिससे कम लागत और कम मात्रा में प्रयोग से अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सके। कृषि विभाग से डा. गीतांजलि बंगारी ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया और खेत बचाओ अभियान को जन–जन तक पहुंचाने की अपील की गई। कार्यक्रम का संचालन डा. जितेंद्र भास्कर ने किया। इस दौरान ज्येष्ठ उद्यान निरीक्षक एमएस नेगी, कृष्ण सिंह रैकुनी, उमा नेगी, विकासखंड प्रभारी डा. ममता जोशी, किशोर मंडल समेत कुल 40 से अधिक इनपुट डीलर, विक्रेता व एफपीओ मौजूद रहे।

# होटल व रेस्टोरेंट कारोबारियों के लिए विशेष जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने होटल व रेस्टोरेंट कारोबारियों के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया। डीएम के निर्देश पर आयोजित कार्यशाला में होटल स्वामियों, प्रबंधकों, शेफ और खाद्य कारोबार से जुड़े कर्मचारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 के प्रावधानों की जानकारी दी गई। रामपुर रोड स्थित विभिन्न होटल और रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यशाला में उपायुक्त (खाद्य संरक्षा) कुमाऊं मंडल डा. राजेंद्र सिंह कठायत ने कहा कि सुरक्षित और गुणवत्तायुक्त भोजन उपलब्ध कराना प्रत्येक खाद्य कारोबा. री की जिम्मेदारी है। उन्होंने एफएसएसएआई लाइसेंस, खाद्य पदार्थों की लेबलिंग, एक्सपायरी उत्पादों के उपयोग पर रोक तथा जनस्वास्थ्य संरक्षण से जुड़े नियमों की विस्तार से जानकारी दी। सहायक आयुक्त एवं अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा अजब सिंह रावत ने खाद्य व्यवसाय में स्वच्छता और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेस (जीएमपी) और गुड हाइजीन प्रैक्टिसेस (जीएचपी) के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने स्वच्छ रसोई, सुरक्षित पेयजल, खाद्य भंडारण, पेस्ट कंट्रोल और फूड फोर्टिफिकेशन जैसे विषयों पर भी जानकारी दी। कार्यशाला में मौजूद होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने कहा कि खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कारोबारियों से ग्राहकों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने में सक्रिय भूमिका निभाने का आहवान किया गया। कार्यशाला में 60 से अधिक होटल कारोबार के प्रतिनिधियों एवं रेस्टोरेंट व्यवसाय से जुड़े लोग मौजूद रहे।

# मां गार्गी तट पर भव्य महाआरती आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम की ओर से मां जियारानी की पावन कर्मस्थली चित्रशिला घाट रानीबाग स्थित गार्गी तट पर आयोजित होने वाली भव्य महाआरती को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। कल यानि आज शुक्रवार को गर्गी संध्या आरती के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। यह बात मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने कहीं।

### हनुमान चालीसा पाठ के साथ गार्गी नदी को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाएगा नगर निगम

गुरूवार को रामपुर रोड स्थित एक होटल में पत्रकार वार्ता करते हुए मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कल



यानि आज 5 जून शुक्रवार को गार्गी तट पर नियमित संध्या आरती की शुरुआत की गई थी।

पिछले एक वर्ष से यह धार्मिक परंपरा लगातार जारी है और स्थानीय लोगों के साथ–साथ दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बन चुकी है। उन्होंने कहा कि गार्गी तट केवल धार्मिक गतिविधियों का केंद्र नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामा. जिक चेतना का भी प्रतीक बन रहा है। एक वर्ष की इस यात्रा में हजारों श्रद्धालु मां गार्गी के दर्शन और आरती में शामिल हुए है। इसी उपलब्धि को स्मरणीय बनाने के लिए भव्य महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत शाम 6 बजे गार्गी माता की महाआरती से होगी। इसके बाद शाम 6 बजकर 15 मिनट बजे श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा। शाम साढ़े 6 बजे गार्गी माता को समर्पित भजनों का लोकार्पण होगा, जबकि शाम 7 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मेयर ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ जनप्रतिनिधि भी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व भी है। मां गार्गी नदी की आरती के माध्यम से लोगों को नदियों को स्वच्छ रखने और उनमें कूड़ा–कचरा न डालने का संदेश दिया जाएगा। नगर निगम ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर पर्यावरण संरक्षण के इस जन–अभियान को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ होगा। पत्रकार वार्ता में प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, दर्जा मंत्री ध्रुव रौतेला, सचिन साह आदि मौजूद रहे।

# श्रीश्याम संकीर्तन महोत्सव कल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्री श्याम युवा मित्र मंडल संस्था के तत्वावधान में 6 जून को चतुर्थ श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। संकीर्तन महोत्सव में भजन गायकों द्वारा बाबा के सुंदर–सुंदर गुणगान प्रस्तुत किए जाएंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर सभी तैयारी पूरी हो चुकी है। यह बात श्री श्याम युवा मित्र मंडल संस्था के अध्यक्ष अंकित पाल ने कहीं। गुरूवार को हीरानगर स्थित उत्थान मंच में पत्रकार वार्ता करते हुए श्री श्याम युवा मित्र मंडल संस्था के अध्यक्ष अंकित पाल ने कहा कि महोत्सव के तहत 6 जून को सुबह 7 बजे भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा लटूरिया बाबा मंदिर, बरेली रोड से प्रारंभ होकर कालू सिद्ध मंदिर होते हुए खाटू श्याम मंदिर, मुखानी में संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि निशान यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की




संभावना है। इसके उपरांत शाम 7 बजे से बाबा श्री खाटू श्याम जी का भव्य भजन संकीर्तन आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रसिद्ध भजन गायक अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम में सौरभ शर्मा, परविंदर पलक, कनिका ग्रोवर, निहाल ठाकरान एवं पंडित विवेक शर्मा बाबा के भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर करेंगे। पत्रकार वार्ता में संस्था के पदा. धिकारी एवं सदस्य शशि भूषण, संजीव कश्यप, रतन चौहान, सोनू बेलवाल, हर्षित पाल, विपिन गुप्ता, कमल पाल, अनिल पाल, ललित पांडेय, सनी कपूर, रामू गुप्ता, राजू प्रजापति, वाशु नाथ गोस्वामी, पल्लवी गोयल, चंदन जोशी, कमल गोयल, नीरज मिश्रा, मयंक जोशी समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

## गोल्फः आईएमटी एवं लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों का चयन

**काशीपुर।** मिनी गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 25 से 30 जून 2026 तक रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाली 11वीं सीनियर महिला एवं पुरूष चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने हेतु उत्तराखण्ड की सीनियर महिला/पुरुष वर्ग हेतु 31 मई को प्रातः 10:00 बजे से एससी गुड़िया आईएमटी कॉलेज, काशीपुर में उत्तराखण्ड टीम का चयन ट्रायल संपन्न हुआ। चयन में महिला टीम के लिए एससी गुड़िया आईएमटी एवं लॉ कॉलेज से कशिश, वंशिका तोमर, शिवानी रौठान, पलक रानी, खुशबू, भूमिका आर्य एवं मनजोत कौर एवं पुरुष टीम हेतु निष्कर्ष चौधरी, अथर्व चौधरी एवं सुनिष्ठ बाटला का चयन हुआ है। चयन समारोह के मुख्य अतिथि एससी गुड़िया आईएमटी के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं उत्तराखंड मिनी गोल्फ एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार बक्शी रहे।

# खेल अनुशासन व समर्पण का मंचः रावत

## 100वीं अखिल भारतीय ट्रेड्स कप हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के ऐतिहासिक डीएसए मैदान में वीरवार को 100वीं ऑल इंडिया ट्रेड्स कप हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ कुमाऊं मंडल आयुक्त दीपक रावत ने फीता काटकर तथा हॉकी स्टिक से गेंद पर शॉट लगाकर का विधिवत उद्घाटन किया।

बता दें प्रतियोगिता का उद्घाटन मुक. बला ऊधम सिंह नगर व सुख जीवन हॉकी क्लब आगरा के बीच खेला गया जिसमें मध्यांतर तक ऊधम सिंह नगर की टीम 1-0 से बढ़त बना रखी थी मध्यांतर के बाद ऊधम सिंह नगर की टीम ने दो गोल और दागकर यह मुकाबला 3-0 से जीत लिया। प्रतियोगिता के शुभारंभ से पूर्व तल्लीताल रोडवेज स्टेशन से डीएसए मैदान तक एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में नैनीताल का गौरव बढ़ाने वाले ओलंपियन राजेंद्र रावत तथा अंत. रराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी नरेंद्र बिष्ट और ललित शाह को विशेष रूप से सुसज्जित वाहन में सम्मानपूर्वक लाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल जीत हार का माध्यम नहीं बल्कि अनुशासन, समर्पण व नेतृत्व क्षमता और टीम भावना के विकास का सशक्त मंच हैं। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सभी खिलाड़ियों व आगन्तुकों का स्वागत करते हुए डीएसए महासचिव मनोज जोशी ने बताया कि प्रतियोगिता के 100वें संस्करण में देश के विभिन्न राज्यों से 49 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य हॉकी खेल को प्रोत्साहित करना तथा युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है। इस मौके पर डीएसए के पदाधिकारी, अतिथि व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# नैनीताल में पहाड़ी फलों की आई बहार

## काफल और खुमानी पर्यटकों की पहली पसंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** पर्यटन सीजन के बीच नैनीताल के बाजार में पहाड़ के मौसमी फलों की मांग बढ़ गई है।



स्थानीय लोग बिक्री के लिए मुक्तेश्वर, रामगढ़, धारी से काफल, खुमानी, आड़ू और पुलम लाकर नैनीताल में बेच रहे हैं वहीं पर्यटक भी इन पहाड़ी फलों का स्वाद लेने के लिए उत्सुक नजर आ रहे हैं। इन दिनों बाजार में काफल 400 रुपये प्रति किलो, खुमानी 200 रुपये प्रति किलो जबकि आड़ू 150 रुपये प्रति किलो और पुलम 200 रुपये प्रति किलो के भाव से बिक रहे हैं। स्थानीय विक्रेता प्रताप सिंह जीना का कहना है कि गर्मियों के मौसम में नैनीताल आने वाले पर्यटक विशेष रूप से पहाड़ के ताजे और प्राकृतिक फलों को खरीदना पसंद करते हैं। बताया कि इस बार पर्यटकों की अच्छी आमद से बिक्री में भी बढ़ोतरी हुई है जिससे स्थानीय लोगों को अतिरिक्त आय का अवसर मिल रहा है। पर्यटक इन फलों को अपने साथ स्मृति के रूप में भी ले जा रहे हैं। पहाड़ के इन पारंपरिक फलों की बढ़ती मांग से स्थानीय उत्पादकों और विक्रेताओं के चेहरे खिले हुए हैं।

## एक नजर

### लोक संस्कृति का प्रचार-प्रसार जरूरी: डा.आर्य

**नैनीताल।** भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य डा.भुवन चंद्र आर्य ने कहा कि महोत्सवों के जरिए देवभूमि उत्तराखंड की लोक संस्कृति का प्रचार प्रसार किया जाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसे महोत्सवों के आयोजनों से लोगों विशेषकर युवा पीढ़ी को अपनी लोक संस्कृति को नजदीक से समझने का मौका मिलता है। डा. आर्य ने यह विचार नैनीताल विधानसभा के बेतालघाट के बेतालेश्वर मेले में तृतीय दिवस में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। इस मौके पर बेतालेश्वर मेला के मुख्य आयोजक दीप चंद्र रिखाड़ी तथा संरक्षक पूरन अरोड़ा ने मेला परिवार की ओर से डा. आर्य का स्वागत कर महोत्सव के बारे में बताया। इस दौरान डा. आर्य ने महोत्सव में उपस्थित दर्शकों को संबोधित कर स्थानीय महोत्सवों के महत्व को बताया। इससे पूर्व डा.आर्य ने दीप जलाकर महोत्सव का शुभारंभ किया।

### यातायात नियम तोड़ने पर 12 दोपहिया सीज

**नैनीताल।** पर्यटन सीजन के दौरान कैंची धाम एवं भवाली क्षेत्र में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए नैनीताल पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले टैक्सी वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की है। यातायात पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर 12 दोपहिया टैक्सी वाहनों को सीज किया। पुलिस के अनुसार कैंची धाम और भवाली क्षेत्र में यातायात दबाव को नियंत्रित करने के लिए पूर्व में दोपहिया टैक्सी वाहनों के संच. लन पर प्रतिबंध लगाया गया था। इसके बावजूद कुछ चालक निर्धारित यातायात योजना का उल्लंघन करते हुए प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन संचा. लित करते पाए गए। वीरवार को भवाली के यातायात निरीक्षक महेश चंद्रा के नेतृत्व में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

### राज्यपाल ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने का किया आह्वान

**नैनीताल।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने प्रदेशवासियों से पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लेने की अपील की है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की पर्वत श्रृंखलाएं, वन व नदियां और जैव विविधता हमारी अमूल्य धरोहर हैं जिनका संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी, जल स्रोतों की स्वच्छता तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बनाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित भविष्य सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

### अग्नि सुरक्षा के मद्देनजर चला विशेष अभियान

**नैनीताल।** मुख्य अग्निशमन अधिकारी एवं अग्निशमन अधिकारी द्वारा नैनीताल नगर क्षेत्र के संवेदनशील हैरिटेज भवनों, अस्पतालों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थानों पर अग्नि सुरक्षा संबंधी कमियां पाई गईं जिनके संबंध में संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों को आवश्यक सुझाव एवं निर्देश दिए गए। उन्हें निर्देशित किया गया कि जन एवं संपत्ति की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए समस्त कमियों को यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए तथा अग्नि सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

### कोटाबाग के दिनेश बिष्ट बने पीसीएस अफसर

**कालाढूंगी।** कोटाबाग के दिनेश बिष्ट बने पीसीएस अफसर बधाई का सिलसिला जारी।नैनीताल जिले के कोटाबाग विकासखंड के पर्वतीय दुर्गम ग्राम सौड निवासी दिनेश सिंह बिष्ट ने पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनका चयन राज्य कर अधिकारी के रूप में हुआ है। मध्यम वर्गीय परिवार में जन्मे दिनेश सिंह बिष्ट ने यह मुकाम दूसरे प्रयास में हासिल किया। इसके पूर्व भी उन्होंने बीडीओ की परीक्षा पास की थी। अभी वह नैनीताल में ही सहायक समाज कल्याण अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। ग्राम प्रधान सौड निशा बिष्ट एवं समाजसेवी प्रकाश नारायण सिंह बिष्ट ने दिनेश और उनके पूरे परिवार को बधाई दी वहीं दिनेश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की दिनेश की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है।



### सीएम धामी आज नैनीताल जिले के दौरे पर

**नैनीताल।** सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार (आज) एक दिवसीय जनपद नैनीताल भ्रमण पर पंहुच रहे हैं। प्रभारी अधिकारी जिला. धिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना अनुसार सीएम शुक्रवार (आज) प्रातः 8 बजे जीटीसी हैलीपैड देहरादून से प्रस्थान कर 9.10 बजे सेंट जोसेफ स्कूल मैदान हैलीपैड नैनीताल पहुंचेंगे। वहां से कार द्वारा प्रस्थान कर प्रातः 9.30 बजे राज्य अतिथि गृह नैनीताल पहुंचेंगे। जहां वह 10.10 बजे से 10.50 बजे तक पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट वार्ता करेंगे। इसके उपरांत सीएम पूर्वाह्न 10.50 बजे राज्य अतिथि गृह से सेंट जोसेफ स्कूल मैदान हैलीपैड के लिए प्रस्थान कर 11 बजे सेंट जोसेफ स्कूल मैदान हैलीपैड पहुंचकर हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर 11.15 बजे विकास भवन खेल मैदान हैलीपैड भीमताल पहुंचेंगे, जहां से वह कार द्वारा प्रस्थान कर पूर्वाह्न 11.35 बजे निकट भीमताल झील भीमताल पहुंचकर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री वहां से प्रस्थान कर 11.55 बजे रामलीला ग्राउंड भीमताल (मल्लीताल) पहुंचेंगे।

### अंकिता भंडारी हत्याकांड में दो एफआईआर रद्द

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में वीआईपी के नाम पर पूर्व विधायक सुरेश राठौर व उर्मिला सनावर के सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक ऑडियो/वीडियो प्रसारण के मामलों में भाजपा के उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम व पूर्व जिला पंचायत सदस्य आरती गौड़ द्वारा दर्ज 4 एफआईआर में से 2 को एक समान होने के आधार पर हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है जबकि 2 अन्य एफआईआर में जांच जारी रखने का निर्देश दिया है। इन मुकदमों को सुरेश राठौर ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ में हुई।

### हाईकोर्ट ने 15 जुलाई को तीन अधिकारियों को किया तलब

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने बागेश्वर के भैरवचौबट्टा में याचिकाकर्ता को खड़िया खनन की अनुमति दिए जाने के बाद भी जिला खनन अधिकारी के द्वारा खनन नहीं करने देने के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ती राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता से यह बताने को कहा है कि आप किस आधार पर खनन कर रहे हैं? 15 जुलाई तक कोर्ट को बताएं साथ में कोर्ट ने सरकार से खनन पॉलिसी प्रस्तुत करने को कहा है। कोर्ट ने जिला खनन अधिकारी से कहा है कि अगर उन्हें डराया या धमकाया जाता है तो वे डीजीपी या कोर्ट में शिकायत कर सकते हैं। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 15 जुलाई की तिथि नियत की है। कोर्ट ने 15 जुलाई को सचिव खनन, निदेशक खनन और जिला खनन अधिकारी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश होने को कहा है।

### वेंडर जोन के लिए नैनीताल पालिका बनाएं पालिसी

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल से लेकर कालाढूंगी तक रोड के किनारे संचालित फड़ खोखे, दुकानों तथा होम स्टे और होटलों से निकलने वाले प्लास्टिक कचरे को जंगल और जल स्रोतों के पास फेंके जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने नगर पालिका नैनीताल से कहा है कि रोड के किनारे संचालित फड़ खोखो के लिए वेंडर जोन घोषित करने के लिए एक पॉलिसी बनाकर कोर्ट में पेश करें ताकि इनकी आजीविका पर कोई प्रभाव न पड़े। बंद करने पर इनके रोजी रोटी का संकट उतपन्न हो जाएगा वहीं कोर्ट ने प्लास्टिक कचरे के निस्तारण करने के लिए राज्य सरकार ने कया कदम उठाए हैं उसे पेश करने को कहा है। कोर्ट ने डेन्सटी होटल स्वामी को कोई राहत फिलहाल नहीं दी है। मामले की अगली सुनवाई 29 जून की तिथि नियत की है।

### चुनौती देती याचिका पर सुनवाई अब 4 हफ्ते बाद

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने अभियोजन निदेशक के पद को चुनौती देती याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने इस पर चार सप्ताह में राज्य सरकार से जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद की तिथि नियत की है।

### जनहित याचिका का अंतिम रूप से निस्तारण

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हरिद्वार जिले के कासिमपुर गांव में सार्वजनिक उपयोग की भूमि (जोहड़) पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने को लेकर दायर एक जनहित याचिका का अंतिम रूप से निस्तारण कर दिया है। मुखय न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए संबंधित भूमि से अतिक्रमण हटने के बाद याचिका निस्तारित की।

# 79 यूके बटालियन एनसीसी नैनीताल ने जंगल सर्वाइवल पर कराया विशेष व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** 79 यूके बटालियन एनसीसी नैनीताल द्वारा सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत जंगल सर्वाइवल विषय पर एक महत्वपूर्ण विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का संचालन कर्नल विजय द्विवेदी द्वारा किया गया।



उन्होंने अपने व्यापक अनुभव एवं ज्ञान के आधार पर जंगल में विपरीत परिस्थितियों में जीवित रहने के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। व्याख्यान में कैडेटों को जंगल में जीवित रहने हेतु आवश्यक तकनीकों, सुरक्षा उपायों तथा महत्वपूर्ण कौशलों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कर्नल द्विवेदी ने कैडेटों को परिस्थितियों का आकलन करने की क्षमता, उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग, आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के उपाय, दिशा निर्धारण, भोजन एवं जल के स्रोतों की पहचान, अस्थायी आश्रय निर्माण तथा व्यक्तिगत सुरक्षा सुनिश्चित करने के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में मानसिक दृढ़ता, अनुकूलन क्षमता तथा टीमवर्क के महत्व पर भी विशेष बल दिया। व्याख्यान अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। कैडेटों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए जंगल में जीवित रहने से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्राप्त कीए जिससे उनकी आत्मविश्वास एवं फील्ड परिस्थितियों में कार्य करने की क्षमता में वृद्धि होगी। 79 यूके बटालियन एनसीसी नैनीताल द्वारा इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से कैडेटों में नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता एवं जीवनोपयोगी कौशलों का विकास निरंतर किया जा रहा है जो राष्ट्रीय कैडेट कोर के उद्देश्यों के अनुरूप है।

## पार्किंग में असुविधाओं पर ग्रामीणों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल-हल्द्वानी मोटर मार्ग में रूसी बाईपास क्षेत्र के ग्रामीणों ने पर्यटन सीजन के दौरान क्षेत्र में अव्यवस्थाएं बढ़ने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि अंकल आंटी ढाबा के पास दोनों ओर बड़ी संख्या में बसों और ट्रैवलरों की पार्किंग कराई जा रही है यह स्थान पिकअप और ड्रॉप पॉइंट के रूप में इस्तेमाल हो रहा है लेकिन यहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। डीएम के आदेशों के बाद भी अव्यवस्थाएं फैलने पर लोगों ने नारा. जगी जताई है। मामले में एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि लोगों की शिकायत के आधार पर क्षेत्र में जाकर निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अगर खामियां मिली तो संबंधित विभाग के अधिक. ारी से जवाब मांगा जाएगा।

# दिल्ली अग्निकांड के बाद प्रशासन अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** दिल्ली में विगत दिनों एक होटल में घटित भीषण अग्निकांड की घटना को देखते हुए जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल ललित मोहन रयाल ने जनपद में जनसुरक्षा के न्यूनीकरण हेतु कड़ा कदम उठाया है। जिला. धिकारी ने जनपद के समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित होटल, गेस्ट हाउस, लॉज, होमस्टे, वाणिज्यिक मॉल एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन ऑडिट कराने के आदेश दिए हैं। इसके लिए प्रशासन, अग्निशमन, पुलिस, विद्युत, जल संस्थान एवं जिला विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की संयुक्त निरीक्षण समिति का गठन किया गया है। इस हेतु समिति का गठन करते हुए नगर मजिस्ट्रेट एवं उप जिलाधिक. ारी हल्द्वानी को अपने-अपने क्षेत्रों की समिति का अध्यक्ष नामित किया गया है। समिति में संबंधित क्षेत्रों के पुलिस क्षेत्राधिकारी, नगर आयुक्त नगर निगम, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत, सहायक अभियंता जल संस्थान तथा सहायक अभियंता विकास प्राधिकरण, विद्युत सुरक्षा, ऊर्जा निगम के प्रतिनिधि के साथ मुख्य अग्निशमन अधिकारी एवं अग्निशमन अधिकारी को सदस्य सचिव बनाया गया है। जिलाधिक. ारी ने गठित समिति को निर्देशित किया है कि जनपद के सभी होटल, गेस्ट हाउस, लॉज, होमस्टे व वाणिज्यिक मॉल एवं प्रतिष्ठानों का अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन ऑडिट कर उसकी आख्या 15 दिनों के भीतर कार्यालय को मुहैया कराना सुनिश्चित करें। नामित समिति द्वारा भवनों में आपातकालीन निकास, विद्युत वायरिंग, अग्निशमन यंत्रों की उपलबधता एवं फायर एनओसी की वैधता की गहन जांच की जाएगी साथ ही पार्किंग व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्गों की पर्याप्तता, अग्निकांड की स्थिति में राहत एवं बचाव वाहनों की निर्बाध आवाजाही, भवन स्वीकृति मानचित्र एवं वास्तविक निर्माण की स्थिति का भी परीक्षण किया जाएगा। जिला. धिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि सुरक्षा मानकों का उल्लंघन व गंभीर अनियमितता अथवा जनसुरक्षा के लिए तात्कालिक खतरा पाया जाता है तो संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# 339 राशन कार्ड किए गए निरस्तः बिष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** डीएम ललित मोहन रयाल के निर्देशों के क्रम में नैनीताल जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में इन दिनों गठित टीमों द्वारा घर घर जाकर राशन कार्डों का सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। जिला पूर्ति अधिकारी मनोज बर्मन ने जानक. ारी देते हुए कहा कि टीमों द्वारा अभी तक जिले में 30383 राशन कार्ड और 130012 यूनिटों का सत्यापन कर 1202 राशन कार्ड और 5116 यूनिट पात्रता की श्रेणी से बाहर हो जाने के कारण इन राशन कार्डों को विभाग द्वारा निरस्त करने की कार्यवाही की जा रही है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट द्वारा जानकारी देते हुए कहा कि नैनीताल तहसील के अंतर्गत गठित टीमों द्वारा अभी तक शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचलित कुल 32161 राशन कार्ड में से 9828 राशन कार्ड का सत्यापन करते हुए अपात्र पाए जाने पर कुल339 राशन कार्ड को निरस्त करने की कार्यवाही की जा रही है जिसमे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्राथमिक परिवार के कुल 147 राशन कार्ड, अंत्योदय अन्न योजना के 11 और राज्य खाद्य योजना के 181 राशन कार्ड समि. लित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रचलित सभी राशन कार्ड का सत्यापन किया जा रहा है सत्यापन कार्य पूर्ण होने तक अभियान जारी रहेगा और कहा कि जिन राशन कार्ड धारकों द्वारा अभी तक ई केवाईसी नहीं कराई गई है वे संबंधित राशन की दुकान में जाकर अथवा घर बैठे भी प्ले स्टोर से मेरा ई केवाईसी एप डाउनलोड कर राशन कार्ड की ई केवाईसी कर सकते हैं।



### सड़क किनारे पार्क वाहन बने डामरीकरण में बाधा

**नैनीताल।** नैनीताल से हनुमानगढ़ी की ओर चल रहे डामरीकरण कार्य में सड़क किनारे खड़े वाहन बड़ी बाधा बन रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले दो वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के सहायक अभियंता प्रमोद सुयाल ने बताया कि सड़क किनारे खड़े वाहन डामरीकरण कार्य में लगातार बाधा बन रहे हैं। इस संबंध में तल्लीताल कोतवाली को पत्र भेजकर वाहनों को हटाने और आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई थी। तल्लीताल कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि डामरीकरण कार्य में बाधा उत्पन्न करने पर वाहन संख्या यूके-19 टीए-1449 के चालक अल्मोड़ा निवासी जीवन सिंह और वाहन संख्या यूके-04 टीसी-0441 के चालक अल्मोड़ा निवासी प्रमोद सिंह बोरा के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

### लापता 59 वर्षीय व्यक्ति का 8 दिन बाद भी सुराग नहीं

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल थाना क्षेत्र में 59 वर्षीय व्यक्ति के लापता होने का मामला सामने आया है। व्यक्ति की पत्नी ने पुलिस को तहरीर देकर पति की गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश करने की मांग की है। बेलुवाखान निवासी रमा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति जगत राम (59) बीते 28 मई को मजदूरी करने के लिए घर से निकले थे लेकिन इसके बाद से वापस नहीं लौटे। परिजनों ने अपने स्तर पर उनकी काफी खोजबीन की लेकिन अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। रमा देवी ने बताया कि उनके पति पूर्व में भी दो-तीन बार बिना बताए घर से चले गए थेए लेकिन कुछ दिनों बाद वापस लौट आए थे। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बागेश्वर की डीएम अपूर्वा पांडेय ने कमिश्नर से की भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** बागेश्वर की नव नियुक्त डीएम अपूर्वा पांडेय ने वीरवार को आयुक्त कार्यालय नैनीताल पहुंचकर मंडलायुक्त व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत से शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान डीएम पांडेय ने जनपद बागेश्वर में संचालित विभिन्न विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं प्रशासनिक गतिविधियों की अद्यतन प्रगति से मंडलायुक्त को अवगत कराया। चर्चा में जनपद की प्रमुख परियोजनाओं, सड़क एवं पेयजल जैसी आधारभूत सुविधाओं के विकास, स्वास्थ्य एवं शिक्षा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया। मंडलायुक्त रावत ने जिला. धिकारी को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने, योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र तक पहुंचाने और फील्ड स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बागेश्वर जैसे पर्वतीय जनपद में आपदा प्रबंधन, आजीविका संवर्धन एवं पर्यटन आधारित विकास पर विशेष फोकस आवश्यक है। जिलाधिकारी पांडेय ने मंडलायुक्त को आश्वस्त किया कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारने के लिए तत्परता से कार्य किया जाएगा।



### नैनीताल के वरिष्ठ पत्रकार अनिल बडोला नहीं रहे

**नैनीताल।** नैनीताल में कई वर्षों तक पत्रकार रहे अनिल बडोला का बीरवार की दोपहर में निधन हो गया वे करीब 61 वर्ष के थे। बता दें मल्लीताल चार्टन लॉज निवासी अनिल बडोला साप्ताहिक समाचार पत्र सीमांचल संपादक व सीमांचल प्रेस के प्रोपराइटर भी रहे। स्व. अनिल बडोला ने सीमांचल प्रेस बिकने के बाद कई समाचार पत्रों में काम किया लेकिन स्वास्थ्य खराब होने के कारण उन्होंने पत्रकारिता छोड़ दी थी। बताया गया है कि वे अपनी बहन की देखरेख में थे जबकि उनकी पत्नी व बच्चे उनसे अलग रहते थे। उनका गुरुवार की शाम को पाइंस स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया। काबिलेगौर है कि स्व. अनिल बडोला के पिता स्व. बी एन बडोला नैनीताल के जाने माने पत्रकार रहे हैं। अनिल बडोला के निधन पर एनयूजेआई से जुड़े नैनीताल के पत्रकारों सहित विभिन्न राजनी. तिक दलों के नेताओं ने शोक व्यक्त किया है।



### नैनीताल में पर्यटकों की भीड से बढ़ी रौनक

**नैनीताल।** नैनीताल पहुंचे सैलानियों को यहां का मौसम काफी पसंद आ रहा है। मैदानी क्षेत्रों में जहां इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है वहीं नैनीताल का मौसम सैलानी काफी पसंद कर रहे हैं पिछले दो दिनों से यहां सुबह से मौसम करवट बदल रहा है। सुबह से नगर में बदल जाने से यहां का मौसम बेहद सुहावना बना रहता है जिसके चलते यहां पहुंचे सैलानी अपने आप को तरोताजा महसूस करते हैं मैदानी क्षेत्र का तापमान इन दोनों 40 से 45 डिग्री तक पहुंच रहा है जबकि यहां का तापमान 24 डिग्री की आसपास है। सैलानी नैनी झील में नौकायन करने के साथ ही झील किनारे बैठकर सुहाग ने मौसम का जमकर आनंद उठा रहे हैं। सैलानी नगर के अलावा हिमालय दर्शन किलबरी स्नो व्यू टिफिन टॉप नैना पीक आदि पर्यटक स्थलों की शहर भी कर रहे हैं। सैलानी घुड़सवारी का भी आनंद उठा रहे हैं। गुरुवार को भी सुबह से यहां का मौसम खराब था।

# शेरवुड में नाटकों के साथ नाइट पीटी से जगमगाई वार्षिकोत्सव की शाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** विद्यार्थियों ने नाटकों के साथ नाइट पीटी का अद्भुत प्रदर्शन कर शेरवुड कालेज के वार्षिकोत्सव की शाम को यादगार बना दिया। वीरवार को गीत संगीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व छात्र व लेफ्टिनेंट जनरल दिव्य गौरव मिश्रा थे। सांझ ढलने के बाद विद्यालय प्रागंण में नाइट पीटी के तहत टॉर्च व मशालें जलाकर मार्च पास्ट के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अंधेरे के बीच विद्यार्थियों के हाथों में जलती रोशनी का नजारा अद्भुत रहा। तत्पश्चात मास पीटी का आयोजन किया गया। इस बीच टॉर्च के जरिए देश का मानचित्र और विद्यालय का लोगो का टॉर्च



लाइट टैटू नजारा दर्शनीय रहा। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने जिम्नास्टिक के विविध करतब दिखाकर दर्शकों की वाह वाही लूटी। करीब दो घंटे चली नाइट पीटी में विद्यार्थियों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ले. ज. दिव्य गौरव मिश्रा ने कहा कि देश के चुनिंदा जगहों पर ही नाइट पीटी का भव्य आयोजन किया जाता है। यह वास्तव में चुनौतीपूर्ण कार्यक्रम है और गौरव की बात है शेरवुड कालेज इस परंपरा को सफलता पूर्वक प्रदर्शन करते आ रहा है। इससे पूर्व विद्यालय सभागार में साउंड ऑफ म्यूजिक संगीत संध्या आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न वाद्य यंत्रों के साथ गीत संगीत की धूम रही। साथ ही अंग्रेजी नाटकों का मंचन किया गया। विद्यार्थियों ने शानदार अभिनय कर दर्शकों की वाह वाही लूटी। इस मौके पर विद्यालय के अव्वल छात्रों को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य अमनदीप संधु ने समापन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मशहूर अभिनेता संजय मिश्रा, अविनाश चंद्र, हेम पांडे, बासु साह, आर पी सिंह, कवि अपूर्व गौरव, बिक्रम शाह समेत अभिभावक मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल में भवाली रोड पर एक सड़क हादसे में घायल युवक के भाई ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। मामले में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फॉरेस्ट कंपाउंड तल्लीताल निवासी राहुल सिंह राणा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका छोटा भाई हर्ष राणा 29 मई की रात अपने दोस्त प्रियांशु टम्टा के साथ मोटरसाइकिल पर भवाली से नैनीताल लौट रहा था। इस दौरान रात करीब 10.30 बजे शिवाय होटल के पास नैनीताल की ओर से भवाली जा रही एसयूवी कार संखया यूपी-14 जीडी 0838 के चालक ने वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में हर्ष राणा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल बीडी पांडे अस्पताल ले जाया गयाए जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वर्तमान में उसका उपचार हल्द्वानी स्थित साई अस्पताल में चल रहा है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बसों में सीट पाने के लिए मारामारी

**नैनीताल।** नैनीताल में इन दिनों पर्यटकों की भीड़-भाड़ बढने से रोडवेज बस स्टेशन पर हर रोज पर्यटकों व स्थानीय लोगों को सीट पाने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें वीरवार को भी नैनीताल से लौट रहे सैलानियों की बस स्टैंड पर काफी संख्या में भीड़ उमड़ी हुई थी। सैलानी यहां बस का इंतजार करते हुए दिखाई दिए। इस दौरान टैक्सी चालकों ने सैलानियों से मनमानी रेट वसूले। स्थानीय लोगों ने रोडवेज प्रबंधन से गर्मियों के मौसम में रोडवेज के बसों की संख्या बढ़ाने की मांग की है।

# महिला टी-20 विश्वकप में टूटेंगे कई बड़े रिकॉर्ड!

**10वां संस्करण अब तक का सबसे बड़ा टूर्नामेंट, सबसे अधिक 12 टीमें हिस्सा ले रही**

**दुबई, वार्ता।** इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से शुरू हो रहे आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप कई बड़े रिकॉर्ड टूटेंगे वहीं अन्य रिकॉर्ड भी कायम होंगे। इस टूर्नामेंट का 10वां संस्करण अब तक का सबसे बड़ा टूर्नामेंट बनने वाला है, जिसमें सबसे अधिक 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं और साथ ही रिकॉर्ड पुरस्कार राशि भी दांव पर लगी है। हालांकि इस टूर्नामेंट के अब तक का सबसे कड़ा मुकाबला वाला टी-20 विश्व कप होने की उम्मीद है, लेकिन इस बड़े मंच पर कई ऐसे रिकॉर्ड भी टूट सकते हैं, जिससे लोगों की उत्सुकता और बढ़ गई है।

आगामी टूर्नामेंट में ए अहम पड़ाव पार किए जा सकते हैं:- आईसीसी के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया की सुपरस्टार ऑलराउंडर एलिसे पेरी के नाम टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक (47) मैच खेलने का रिकॉर्ड है और वह इस टी-20 विश्वकप का एक ऐतिहासिंक रिकॉर्ड बनाने की कगार पर हैं। पेरी पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों में, टूर्नामेंट के इतिहास में 50 मैच खेलने वाली पहली खिलाड़ी बनने से मात्र तीन मैच दूर हैं। पेरी इस प्रतियोगिता में सबसे सफल खिलाड़ी के तौर पर उतरेंगी, क्योंकि वह ऑस्ट्रेलिया की उन छह टीमों का हिस्सा रही हैं जिन्होंने खिताब जीता है। 35 साल की पेरी उन सात खिलाड़ियों में से एक हैं जो इस आने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही हैं और जिन्होंने पिछले सभी नौ संस्करणों में खेला है। पेरी के अलावा, हरमनप्रीत कौर (भारत), चामरी अटापट्टू (श्रीलंका), मैरीजॉन कैप (दक्षिण अफ्रीका), स्टेफनी टेलर (वेस्ट इंडीज), सोफी डिवाइन और सूजी बिट्स (न्यूजीलैंड) भी इस टूर्नामेंट के 10वें संस्करण में अपनी 10वीं उपस्थिति दर्ज कराएंगी। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर टी-20 इतिहास (पुरु और महिला) में 200 मैच खेलने वाली पहली खिलाड़ी बनने से मात्र चार मैच दूर हैं। कौर ने भारत के लिए 196 मैच खेले हैं, संयोग से उन्होंने भारत के लिए अपना टी-20 पर्दापण 2009 के महिला टी-20 विश्वकप में किया था, जो इंग्लैंड में ही खेला गया था। ऑस्ट्रेलिया की अनुभवी तेज गेंदबाज मेगन शूट को महिला टी-20 विश्वकप में 50 विकेट का आंकड़ा छूने के लिए मात्र दो और विकेटों की जरूरत है। शूट ने इस टूर्नामेंट के पांच संस्करण खेले। उनके नाम 29 मैचों में 48 विकेट लेने का शानदार रिकॉर्ड है, उनका औसत 11.72 और इकॉनमी रेट 5.65 है। इस खास मुकाम के करीब पहुंचने वाली एक और खिलाड़ी हैं दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनिम इस्माइल, जिन्होंने इस गर्मी में होने वाले इस बड़े टूर्नामेंट के लिए टीम में वापसी की है। इस्माइल ने 2009 में हुए पहले टी-20 विश्वकप में भी खेला था, के नाम इस टूर्नामेंट के 32 मैचों में 43 विकेट हैं। न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सूजी बिट्स ने पहले ही घोणा कर दी है कि यह आने वाला टूर्नामेंट उनका आखिरी होगा। इस खेल की एक दिग्गज खिलाड़ी, बिट्स, टी-20 में 5000 रन बनाने वाली पहली खिलाड़ी (पुरु और महिला क्रिकेट दोनों में) बनने से मात्र 280 रन दूर हैं। 2007 में अपना पर्दापण करने वाली व्हाइट फर्न्स की इस ओपनर ने 183 मैचों में ए रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और 28 अर्धशतक शामिल हैं। आगामी टूर्नामेंट में तीन कप्तान - लौरा वोल्वाड्र्ट, हेले मैथ्यूज और चामरी अटापट्टू के नाम टी-20 में तीन-तीन शतक दर्ज हैं। जैसे-जैसे उनके बल्ले से रन बरसेंगे, ए तीनों इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी करने की दौड़ में शामिल हो जाएंगी( यह रिकॉर्ड अभी यूएई की ईशा ओजा (5) के नाम है। इंग्लैंड की बेहतरीन स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन मेजबान टीम के लिए एक तुरुप का पत्ता साबित होंगी। 104 मैचों में 144 विकेट लेने का उनका शानदार प्रदर्शन इस बात को साबित करता है कि इंग्लैंड को उन पर कितना भरोसा है, साथ ही, एक्लेस्टोन महिला टी-20 में 150 विकेट लेने वाली इंग्लैंड की पहली गें. दबाज बन जाएंगी। मौजूदा चैंपियन न्यूजीलैंड के लिए, इस टूर्नामेंट में एक दुर्लभ उपलब्धि हासिल करने का मौका है। अगर व्हाइट फर्न्स अपना खिताब बचाने में कामयाब हो जाती हैं, तो वे ऐसा करने वाली दूसरी टीम बन जाएंगी। महिला टी-20 विश्वकप का खिताब एक से ज्यादा बार जीतने वाली एकमात्र टीम ऑस्ट्रेलिया है, उसने दो मौकों पर लगातार तीन-तीन बार यह खिताब जीता है, जिससे उसके कुल खिताबों की संख्या छह हो गई है। अभी, भारत की दीप्ति शर्मा महिला टी-20 में सबसे अधिक विकेट लेने वालों की लिस्ट में सबसे ऊपर हैं, उनके नाम 166 विकेट हैं। छह बार की विजेता टीम के पास इंग्लैंड और वेल्स में अपने रिकॉर्ड को और बेहतर बनाने का एक और मौका होगा। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2023 में ट्रॉफी जीती थी, और सातवां टी-20 विश्वकप खिताब जीतने का मतलब होगा कि वे महिला क्रिकेट विश्वकप में अपनी जीत की बराबरी कर लेंगे। जो किसी भी आईसीसी टूर्नामेंट में किसी भी टीम के लिए सबसे अधिक जीत का रिकॉर्ड है।




## एन से यंग से हारकर सिंधु हुई इंडोनेशिया ओपन से बाहर

**जकार्ता, वार्ता।** भारत की स्टार बैडमिटंन खिलाड़ी पीवी सिंधु को प्री क्वार्टर फाइनल में महिला ओलंपिक चैंपियन एन से यंग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ इंडोनेशिया ओपन में उनका सफर समाप्त हो गया। आज यहां खेले गए दूसरे दौर के मुकाबले में दक्षिण कोरिया की बैडमिटंन खिलाड़ी ने दो बार की ओपलंपिक पदक विजेता सिंध के खिलाफ 44 मिनट तक चले मुक. ाबले में 21-17, 21-15 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ कोरियाई खिलाड़ी का अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ रिकॉर्ड 9-0 हो गया है।पहला गेम बेहद उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन 16-16 के स्कोर के बाद टॉप सीड खिलाड़ी ने बढ़त बना ली और अगले छह में से पांच अंक अर्जित कर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में दुनिया की नम्बर 1 खिलाड़ी पूरी तरह से हावी रहीं और शुरू से आखिर तक बढ़त बनाए रखी।

**खेल विशेष**

## बंगलादेश के तेज गेंदबाजी कोच शॉन टेट ने पद छोड़ा

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाजी कोच शॉट टेट ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार बंगलादेश के तेज गेंदबा. जी कोच शॉन टेट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वह पहले ही कह चुके है कि वे इस पद पर आगे काम नहीं करेंगे। टेट ने कहा कि हां, मैंने इस्तीफा दे दिया है। लेकिन उन्होंने इसके बारे में और कुछ नहीं बताया। टेट का बंगलाद. ेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के साथ अनुबंध 2027 एकदिवसीय विश्व कप तक था। उन्होंने मई 2025 में टीम जॉइन की थी और बंगलादेश के साथ उनका कार्यकाल बेहद सफल रहा। युवा तेज गेंदबाज नाहिद राणा को तराशने में उनकी भूमिका की तारीफ हुई है। नाहिद अपनी जबरदस्त रफ्तार की वजह से हाल के सालों में बंगलादेश क्रिकेट के सबसे उभरते सिंतारों में से एक बन गए हैं।

## उरुग्वे ने चोटिल डी अर्रास्केटा को वर्ल्ड कप टीम में रखा

**मोंटेवीडिया, वार्ता।** उरुग्वे फुटबॉल एसोसिंएशन (एयूएफ) ने बताया कि मिडफील्डर जियोर्जियन डी अर्रास्केटा पैर की मांसपेशियों में खिचाव के बावजूद फीफा विश्व कप के लिए उरुग्वे की टीम का हिस्सा बने रहेंगे। एयूएफ ने बुधवार को एक बयान में कहा कि जरूरी परीक्षण किए गए और मामले का पूरी तरह से आकलन किया गया, जिसके बाद यह निर्का निकला कि वह विश्व. कप टीम का हिस्सा बना रहेंगे। हालांकि, एसोसिंएशन ने इस बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी। उल्लेखनीय है कि 32 वीर्य खिलाड़ी ने मंगलवार को अभ्यास बंद कर दिया था और बाद में हुई चिकित्सीय जांच में उनके दाहिने पैर की पिडली में ग्रेड-2 का खिचाव पाया गया। डी अर्रास्केटा, जिन्होंने उरुग्वे के लिए अब तक 59 मैच खेले हैं।

## ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट शुरुआती मैच के लिए फिट, बल्लेबाजी करेंगी

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड की ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह एजबेस्टन में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले टूर्नामेंट के शुरुआती मैच के लिए फिट हो जाएंगी। साइवर-ब्रंट ने कहा कि वह अगले सप्ताह कार्डिफ में भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड के दो अभ्यास मैचों में भी खेलेंगी लेकिन वह उन मैचों में गें. दबाजी नहीं करेंगी और शायद पूरे टूर्नामेंट में अधिकतर समय एक विशोज्ञ बल्लेबाज के तौर पर ही खेलेंगी। उन्होंने कहा कि शायद टूर्नामेंट में आगे चलकर, मुझे कुछ ओवर गेंदबाजी करने की जरूरत पड़ सकती है लेकिन हमारे पास एक ऐसा गेंदबाजी लाइन-अप है जो हर तरह से मजबूत है। इसलिए शायद मुझे गेंदबाजी की जरूरत न पड़े लेकिन हम इस बारे में आगे चलकर फैसला लेंगे।

## प्रतिनिधिमंडल जांच के नतीजे व टिप्पणियां आईसीसी बोर्ड को सौंपेगा: आईसीसी

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिाद (आईसीसी) ने गुरुवार को स्पट किया कि उसका दो-सदर्स्यीय प्रतिनिधिमंडल, जिसमें क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के डा. मोहम्मद मूसाजी और जिम्बाब्वे क्रिकेट के तावेंगवा मुकुहलानी शामिल है, उचित समय पर बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की स्थिति की जांच के नतीजे और टिप्पणियां आईसीसी बोर्ड को सौंपेगा।

आईसीसी ने एक बयान में कहा कि अंतर्राट्रीय क्रिकेट परिाद द्वारा नियुक्त दो-सदर्स्यीय प्रतिनिधिमंडल, जिसमें आईसीसी बोर्ड के निदेशक डा. मोहम्मद ए-एस- मूसाजी (क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका) और तावेंग. वा मुखुलानी (जिम्बाब्वे क्रिकेट) शामिल थे, ने हाल ही में बंगलादेश का दौरा किया। इसका मकसद बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से जुड़े घटनाक्रमों की समीक्षा करने के लिए विभिन्न हितधारकों से बातचीत करना था। इसमें कहा गया कि आईसीसी यह स्पट करना चाहता है कि प्रतिनिधिमंडल अपनी जांच के नतीजे और टिप्पणियां उचित समय पर आईसीसी बोर्ड को सौंपेगा और इस मामले पर मीडिया में कोई टिप्पणी नहीं करेगा। इसलिए, इस दौरे के संबंध में मीडिया में आई कोई भी रिपोर्ट, टिप्पणी या दावा महज अटकलबाजी है और वह आईसीसी की आधिकारिक स्थिति को नहीं दर्शाता। बुलबुल के नेतृत्व वाली कमेटी के दावे महज अटकलबाजी पर आधारित हैं। आईसीसी के दो सर्स्यीय प्रतिनिधिमंडलने बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के चुनाव से पहले प्रमुख तमीम इकबाल और प्रभावशाली निदेशक फईम सिंन्हा से मुलाकात कर हाल के घटनाक्रम पर चर्चा की। आईसीसी बोर्ड के दो प्रतिनिधि क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के डा. मोहम्मद मूसाजी और जिम्बाब्वे क्रिकेट के तावेंगवा मुकुहलानी, एक जून को बंगलादेश पहुंचे और उन्होंने अपने आगमन के दिन ही तदर्थ बोर्ड के प्रमुख तमीम इकबाल और प्रभावशाली निदेशक फईम सिंन्हा से मुलाकात की।

## सूर्यकुमार की कप्तानी लेने की दौड़ में अय्यर, ईशान व तिलक वर्मा

**माना जा रहा है तिलक वर्मा, ईशान किशन और श्रेयस अय्यर चयनकर्ताओं की शॉर्टलिस्ट में शामिल हैं**

**मुंबई, वार्ता।** सूर्यकुमार यादव को भारत की टी 20 टीम की कप्तानी से हटाए जाने की तैयारी है, इसलिए उनकी जगह लेने के लिए तीन नाम सबसे आगे चल रहे हैं।

माना जा रहा है कि तिलक वर्मा, ईशान किशन और श्रेयस अय्यर चयनकर्ताओं की शॉर्टलिस्ट में शामिल हैं। चयनकर्ताओं की मुंबई में शनिवार को बैठक होनी है, जिसमें कप्तानी में बदलाव को औपचारिक रूप से मंजूरी मिलने की उम्मीद है। संजू सैमसन, जिनका नाम मीडिया की अटकलों में प्रमुखता से सामने आया है,

उनके अंतिम सूची में जगह बनाने की संभावना कम ही है। पसंदीदा उम्मीदवार पर अभी तक कोई एक राय नहीं बनी है, लेकिन चयनकर्ता लंबी अवधि की उत्तराधिकार योजना को ध्यान में रखते हुए अपने विकल्पों का मूल्यांकन कर रहे हैं, इसमें न केवल 2028 के लॉस एंजेलिस ओलंपिक शामिल हैं, बल्कि ओलंपिक के कुछ महीनों बाद होने वाला अगला टी 20 विश्व कप भी शामिल है। अगर युवा दावेदारों में से किसी एक - तिलक (23) या ईशान (27)- को कप्तानी सौंप दी जाती है, तो इसमें कोई हैरानी की बात नहीं होगी। हालांकि, अय्यर (31) भी दौड़ में मजबूती से बने हुए हैं, खासकर जिस तरह से उन्होंने पंजाब किंग्स में नई जान फूंकी और 2025 में टीम को एक शानदार सीजन तक पहुंचाया। यह एक अलग बात है कि पंजाब किंग्स इस साल धमाकेदार शुरुआत के बावजूद प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही।




## मेरा पूरा ध्यान अब रेड-बॉल क्रिकेट खेलने पर है: कुलदीप यादव

**भारतीय स्पीनर ने अफगानिस्तान टेस्ट के लिए अपनी तैयारियों पर विचार साझा किए**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के साथ टाटा आईपीएल को खत्म करने के बाद, भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव एक लंबे टेस्ट सीजन के लिए कमर कस रहे हैं, जिसकी शुरुआत अफगानिस्तान के खिलाफ छह जून से होने वाले एकमात्र मैच से होगी। जियो हॉटस्टार के 'फॉलो द ब्लूज' पर , कुलदीप ने अपनी तैयारियों, व्हाइट-बॉल से रेड-बॉल क्रिकेट में मानसिंक बदलाव, और एक आक्रामक स्पिनर के तौर पर अपनी भूमिका के बारे में खुलकर बात की। कुलदीप यादव ने अफगानिस्तान टेस्ट के लिए अपनी तैयारियों पर अपने विचार साझा किए, जिसमें वह बॉलिंग अटैक में मुख्य स्पिनर की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान टेस्ट मैच के लिए तैयारियां काफी अच्छी चल रही हैं। अब तक हमारे दो नेट सेशन हो चुके हैं। हां, जड्डू भाई (जडेजा) टीम में नहीं हैं। वह टेस्ट क्रिकेट में नियमित खिलाड़ी हैं। हमें अक्षर पटेल की कमी भी खलेगी। लेकिन तैयारियां अच्छी रही हैं। युवा खिलाड़ी हर्ा दुबे और मानव सुथार यहां मौजूद हैं। वॉशिंगटन सुंदर भी अब नियमित रूप से टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं, इसलिए वह टीम के माहौल में पूरी तरह से ढल चुके हैं। पिछले दो सालों से वे इंडिया 'ए' के दौरों का हिस्सा रहे हैं। वे नियमित रूप से दलीप ट्रॉफी और ईरानी ट्रॉफी भी खेल रहे हैं। हो सकता है कि उनके पास अंतर्राष्ट्रीय अनुभव की कमी हो, लेकिन जब रेड-बॉल क्रिकेट की तैयारियों और मैच की समझ की बात आती है, तो वे बिल्कुल अव्वल दर्जे के हैं, क्योंकि वे लगातार क्रिकेट खेल रहे हैं। रेड-बॉल क्रिकेट खेलने पर पूरी तरह से फोकस करने के बारे में उन्होंने कहा कि एक अटैकिंग स्पिनर के तौर पर, मैं टीम के लिए रेगुलर ब्रेकथ्रू दिलाना चाहता हूं।




## स्कॉटलैंड की महिला टीम ने डीएलएस पद्धति से नीदरलैंड्स को 24 रन से हराया

**एडिनबर्ग, वार्ता।** कप्तान कैथरीन ब्राइस (63/ एक विकेट) के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर स्कॉटलैंड की महिला टीम ने बुधवार रात खेले गए बारिश प्रभावित मुकाबले में डीएलएस नियम के तहत नीदरलैंड्स को 24 रन से हरा दिया। महिला विश्वकप पहले खेले जा रहे त्रिकोणीय श्रृंखला के पांचवें मुकाबले में कप्तान कैथरीन ब्राइस इस मैच की स्टार बल्लेबाज रहीं।

?उन्होंने अपने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई। एडिनबर्ग के ग्रेंज क्रिकेट क्लब में खेले गए इस मैच में उन्होंने सबसे अधिक 63 रन बनाए और फिर एक विकेट लेकर स्कॉटलैंड की जीत की अगुवाई की। बारिश के कारण मैच शुरू होने में देरी हुई, जिसके बाद नीदरलैंड्स ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। बारिश की वजह से यह मैच दोनों टीमों के लिए 12-12 ओवर का कर दिया गया था। कैथरीन फेजर ने अच्छी शुरुआत की और पहले ही ओवर में एक छक्का जड़ा, लेकिन हीथर सीगर्स ने अगले ही ओवर में डार्सी कार्टर को आउट कर दिया। कैथरीन ब्राइस ने क्रीज पर जमने में जरा भी देर नहीं लगाई, उन्होंने सिंल्वर सीगर्स के ओवर में दो चौके जड़े, जिसके बाद फेजर ने भी इसाबेल वैन डेर वोनिंग के ओवर में ठीक वैसा ही किया। इसके बाद ब्राइस ने दो और चौके जड़े, और छठे ओवर की शुरुआत में ही स्कॉटलैंड का स्कोर 50 रन के पार पहुंच गया। कैरोलीन डी लांगे ने फ्रेजर को 29 रन पर आउट कर दिया, लेकिन ब्राइस को रोकना नामुमकिन था। उन्होंने चौके-छक्के लगाते हुए केवल 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया।

कैथरीन की बहन सारा (12 गेंदों में नाबाद 23 रन) ने उनका बखूबी साथ निभाया। दोनों बहनों ने मिलकर 10वें ओवर में हीथर के ओवर से 17 रन बटोरे, जिससे स्कॉटलैंड का स्कोर ओवर खत्म होने तक 110 रन तक पहुंच गया। आइरिस ज्वलिंग ने कैथरीन को आउट कर दिया, जिससे ब्राइस बहनों की 58 रन की साझेदारी टूट गई। इसके बाद 10 गेंदों का एक ऐसा दौर आया जब स्कॉटलैंड की टीम कोई भी चौका नहीं जड़ पाई, लेकिन फिर भी वे बोर्ड पर 124 रन का एक मजबूत स्कोर खड़ा करने में कामयाब रहे। कप्तान गेंदबाजी में भी पीछे नहीं रहीं, उन्होंने दूसरे ओवर में फीबी मोल्केनबोअर को केवल तीन रन देकर आउट कर दिया। हीथर सिंगर्स ने तीन चौके लगाए, लेकिन 15 रन बनाकर आउट हो गईं।

## उभरते सितारे विश्व और प्रिया टॉप 3 में शामिल, जैस्मीन नम्बर 1 पर

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशियाई चैंपियन प्रिया घनघस और विश्वनाथ सुरेश अपनी-अपनी कैटेगरी में टॉप तीन में पहुंच गए हैं, जबकि जैस्मीन लंबोरिया महिलाओं की 57 किंग्रा कैटेगरी में वर्ल्ड नम्बर 1 पर पहुंच गई हैं।

नई वर्ल्ड बॉक्सिग रैंकिंग में भारत ने अपनी मजबूत मौजूदगी बनाए रखी है। देश के दुनिया के अग्रणी बॉक्सिग देशों में से एक बनने की झलक दिखाते हुए, भारतीय मुक्केबाज महिलाओं की 10 में से 9 वजन कैटेगरी और पुरुों की 10 में से 8 कैटेगरी में टॉप 10 में शामिल रहे। महिलाओं के वर्ग में, मीनाक्षी ने 48किंग्रा कैटेगरी में वर्ल्ड नम्बर 1 के तौर पर अपना दबदबा बनाए रखा, जबकि प्रीति नम्बर 3 पर पहुंच गईं। अरुंधति चौधरी (70किंग्रा), पूजा रानी (80किंग्रा), और नूपुर (80किंग्रा) सभी वर्ल्ड नम्बर 2 पर रहीं, जो भारी वजन कैटेगरी में भारत की बढ़ती ताकत को दिखाता है। जानी-मानी सिंतारे निकहत जरीन (51किंग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75किंग्रा) ने भी दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों में अपनी जगह बनाए रखी। पुरुों की टीम ने भी वैसी ही निरंतरता दिखाई। सचिन और नरेंद्र लगातार अंतर्राट्रीय सफलता के बाद टॉप 5 में शामिल हो गए, जबकि हितेश गुलिया (70किंग्रा) ने अपनी नम्बर 6 रैंकिंग बनाए रखी और अविनाश जमवाल (65किंग्रा) दुनिया में आठवें स्थान पर रहे।

## श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को 41 रनों से हराया

**इस जीत के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज में 1.0 से बढ़त बना ली है**

**किंगस्टन, वार्ता।** कप्तान कुसल मेंडिस (72), पथुम निसंका (79) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद दुश्मांता चमीरा (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पर श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को पहले एकदिवसीय मुकाबले में 41 रनों से शिकस्त दी। इस जीत के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

कुसल मेंडिस को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ मैच' का पुरस्कार मिला। 304 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे टिक कर नहीं खेल सके और पूरी टीम 49-2 ओवरों में 262 रनों के स्कोर पर सिंमट गई। वेस्टइंडीज के लिए जॉन कैंपबेल और जस्टिन ग्रीब्स की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़ कर अच्छी शुरुआत दिलाई। सातवें ओवर में जॉन कैंपबेल (17) के रन आउट होने के बाद वेस्टइंडीज की पारी लड़खड़ाई और उसने अपना दूसरा विकेट भी जल्द गंवा दिया। 10वें ओवर में महीश तीक्षणा ने अर्धशतक की ओर बढ़ रहे जस्टिन ग्रीब्स (45) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कप्तान शाई होप ने केसी कार्टी के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 21वें ओवर की आखिरी गेंद पर असिंता फर्नांडो ने केसी कार्टी (27) को अपना शिकार बना लिया। शरफेन रदरफोर्ड (पांच) रन बनाकर आउट हुए।

31वें ओवर में दुश्मांता चमीरा ने अपना अर्धशतक बना चुके शाई होप को आउट कर पवेलियन भेज दिया। शाई होप ने 66 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए 56 रनों की पारी खेली। इसके बाद 40वें ओवर में महीश तीक्षण ने गुडाकेश मोती (22) का शिकार कर लिया। रॉस्टन चेज (33), अल्जारी जोसेफ (शून्य), मैथ्यू फोर्ड (15) रन बनाकर आउट हुए। 50वें ओवर की दूसरी गेंद पर चरित असलंका ने जेडेन सील्स (दो) को आउट कर वेस्टइंडीज की पारी का 262 के स्कोर पर अंत कर दिया। श्रीलंका की ओर से दुश्मांता चमीरा ने चार विकेट लिए। महीश तीक्षणा को दो विकेट मिले। असिंता फर्नांडो, वानिंदु हसरंगा और चरित असलंका ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले बुधवार देर रात खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 303 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका ने 103 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए 79 रन बनाए। कप्तान कुसल मेंडिस ने 62 गेंदों में चार चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 72 रनों की पारी खेली। इसके अलावा चरित असलंका ने (45), जनित लियानगे (नाबाद 44), पवन रत्नायके (24) और कामिंडु मेंडिस (12) रनों का योगदान दिया। वेस्टइंडीज के लिए जेडेन सील्स, मैथ्यू फोर्ड और रॉस्टन चेज ने दो-दो विकेट लिए।



# नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंगनहर कोतवाली पुलिस ने नाबालिग लड़की के अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली गंगनहर क्षेत्र के निवासी द्वारा कोतवाली गंगनहर की तहरीर बाबत आरोपित हसीन उर्फ गोरिया पुत्र जानी उर्फ सलीम निवासी सालियर सालहपुर द्वारा उनकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर भाग ले जाने तथा उसके साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में कोतवाली में अभियोग पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा घटनास्थल व डिजिटल साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया गया तथा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि पुलिस टीम ने नामजद आरोपी हसीन उर्फ गोरिया पुत्र जानी उर्फ



सलीम निवासी सालियर सालहपुर जनपद हरिद्वार को माधोपुर अंडरपास रुड़की से पकडा गया। पूछने पर बताया कि पीडिता को पिछले लगभग एक वर्ष से जानता हूँ दिनांक 12/02/26 को मैं पीडिता को सालियर के पास से अपनी बाईक से ले जाकर शारीरिक सम्बन्ध बनाये। पूछताछ करने के बाद आवश्यक वैधानिक कार्यवाई की जा रही है। आरोपी को पकड़ने वाली पुलिस टीम में-महिला उप निरीक्षक मनसा ध्यानी- कांस्टेबल अर्जुन चौहान-होमगार्ड ओमपाल आदि शामिल रहे। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# जमीन की धोखाधड़ी में मिले पैसों को अपने खाते में लेने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने जमीन की धोखाधड़ी से प्राप्त धन को अपने खाते में लेने वाला अभियुक्त गिरफ्तार कर लिया है जो काफी दिनों से फरार चल रहा था।

जानकारी के अनुसार संजीव कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी सराय ज्वालापुर कोतवाली ज्वालापुर जनपद हरिद्वार के द्वारा अभियुक्त रणबीर पुत्र कुमार पाल निवासी पीतपुरा लक्सर व इस्लाम पुत्र अख्तर निवासी मुस्तफाबाद पदार्थ थाना पथरी तथा अजय उर्फ पिंकू पुत्र राजकुमार निवासी पीतपुर लक्सर के विरुध भूमि की रजिस्ट्री की धोखाधड़ी करने के संबंध में कोतवाली रुड़की पर मुकदमे की विवेचना वरिष्ठ उपनिरीक्षक धर्मेंद्र राठी के सुपुर्द की गई। दो अभियुक्तों को रुड़की पुलिस द्वारा पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया हैं शेष अभिक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की द्वारा पुलिस टीम में गठित की गई पुलिस टीम के द्वारा दिनांक 4. 6. 2026 को अभियुक्त इस्लाम पुत्र अख्तर निवासी मुस्तफाबाद उर्फ पदार्थ थाना पथरी जनपद हरिद्वार को मुस्तफाबाद उर्फ पदार्थ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। 'गिरफ्तार अभियुक्त' इस्लाम को पकडने वाली पुलिस टीम में वरि0उ0नि0 धर्मेंद्र राठी-हेड कांस्टेबल नूर हसन-कांस्टेबल अरविंद कोतवाली रुड़की शामिल रहे।

# इकबालपुर फाटक पर दुरुस्त करने का काम शुरू होने से रूट डायवर्जन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** रेलवे प्रशासन द्वारा इकबालपुर रेलवे फाटक पर फाटक मार्ग को दुरुस्त करने का आवश्यक कार्य शुरू कर दिया गया है। जिस कारण रूट डायवर्जन किया गया है।

गुरुवार को रेलवे प्रशासन द्वारा इकबालपुर रेलवे फाटक पर फाटक मार्ग को दुरुस्त करने का आवश्यक कार्य शुरू किया गया है। मरम्मत का यह कार्य 4 जून सुबह 8:00 बजे से लेकर अगले दिन 5 जून सुबह 8:00 बजे तक कुल 24 घंटे लगातार जारी रहेगा। इस कार्य के चलते गुरुकुल-झबरेड़ा-इकबालपुर होते हुए पुहाना जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह से बंद रहेगा। रेलवे द्वारा इसकी पूर्व सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गई थी। सूचना मिलते ही कोतवाली झबरेड़ा के प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने मुस्तैदी दिखाते हुए तुरंत रूट डायवर्ट करने के आदेश जारी किए। पुलिस बल को मौके पर तैनात कर दिया गया है ताकि आने-जाने वाले वाहनों और राहगीरों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए पुलिस ने वैकल्पिक रास्तों का इंतजाम किया है। वाहन अब इकबालपुर चौकी से आगे बाईं ओर मुड़कर कुंजा बहादुरपुर होते हुए अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। वहीं रेलवे फाटक से पहले दाईं ओर स्थित एक गांव के रास्ते से होते हुए भी वाहन इकबालपुर चौकी तक पहुंच सकेंगे। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए डायवर्ट किए गए रूटों का ही पालन करें और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग दें।

# लक्सर, मंगलौर, भगवानपुर से सड़क, नालियों फुटपाथ, सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर/भगवानपुर।** संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेठ ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में तहसील प्रशासन, पुलिस द्वारा आज मंगलौर में 10 किलोमीटर क्षेत्रांतर्गत सड़क, नालों, फुटपाथ एवं सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण, जिसमें सड़क किनारे अवैध रूप से संचालित हो रही रेहड़ी, ठेली एवं खोखे को भी हटाया गया तथा उन्होंने कहा है कल भी अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रहेगा। इस अभियान में अपर तहसीलदार कानूनगो, राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

लक्सर के सुल्तानपुर मार्केट क्षेत्र में हटाया गया अतिक्रमण-उप जिलाधिकारी लक्सर अनिल शुक्ला ने अवगत कराया है कि उनके नेतृत्व ने आज लक्सर के सुल्तानपुर बाजार क्षेत्रांतर्गत सड़क किनारे, फुटपाथ एवं नालियों के ऊपर किए गए अतिक्रमण को जिला प्रशासन की टीम द्वारा हटाया गया तथा सभी लोगों को चेतावनी दी गए कि सड़क किनारे, फुटपाथ एवं नालियों के ऊपर किसी भी दशा में अतिक्रमण न किया जाए। अतिक्रमण हटाओ अभियान में लगभग 50 से अधिक अतिक्रमण को हटाया गया तथा 16 लोगों के चालान भी किए गए। इस दौरान तहसील प्रशासन, नगर पालिका, पुलिस सहित समंधित अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। इस दौरान तहसीलदार दीवान



सिंह राणा एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। तहसील भगवानपुर नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत गागलहेड़ी रोड से हटाया अतिक्रमण-उप जिलाधिकारी भगवानपुर देवेंद्र सिंह नेगी ने अवगत कराया है कि तहसीलदार दयाराम के नेतृत्व में आज भगवानपुर नगर पंचायतक्षेत्रांतर्गत गागलहेड़ी रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत सड़क,नालियों एवं फुटपाथ के ऊपर से अतिक्रमण हटाया गया।

# यूपी ग्रामीण बस सेवा का टेंपो चालकों ने किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा से सहारनपुर आने जाने वाली उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई ग्रामीण बस सेवा चलने पर इसी मार्ग पर चल रहे टेंपो के टेंपो चालको द्वारा इसका विरोध किया जा रहा हैं जिससे इस मार्ग पर चलने वाली बस सेवा पर ग्रहण लगता दिखाई दे रहा है।

लगभग एक माह पहले उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा झबरेड़ा सहारनपुर मार्ग पर ग्रामीण बस सेवा शुरू की थी। उक्त मार्ग पर वर्षों बाद एक बार फिर बस चलने से कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को खुशी हुई थी। इस मार्ग पर उत्तर प्रदेश के समय कई बसें चला करती थी। इसके बाद उत्तराखंड बनते ही यह सभी बसें बंद हो गई थी। बसे बंद होने से इस मार्ग पर टेंपो चलने शुरू हो गए थे। एक माह से उक्त मार्ग पर बस सेवा शुरू होने से टेंपो चालकों में हड़कंभ मच गया था तथा उनकी रोजी-रोटी पर असर पडने के कारण अब इस मार्ग पर चलने वाले सभी टेंपो चालकों द्वारा बस चलने का विरोध कर रहे हैं। इसी को लेकर बस चालक व टेंपो चालकों में विरोध पैदा हो गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह का कहना है कि झबरेड़ा सहारनपुर मार्ग पर चलने वाले टेंपो हो या बस किसी पर भी उक्त मार्ग पर चलने का परमिट नहीं है। इस बार जो बस उक्त मार्ग पर चलाई गई है । इन बसों का परमिट सहारनपुर वीरपुर जाटोल मझौल का है। कस्बा झबरेड़ा का इसमें कोई नाम नहीं है। इसलिए जिस रूट का परमिट बनाया गया है उसी मार्ग पर बस चलाई जाए ।उक्त मार्ग पर जो टेंपो चल रहे हैं उन्हें भी अपना परमिट बनवाना होगा। शांति व्यवस्था खराब करने वालो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# महिला ने भाई सहित चार लोगों पर लगाया मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला द्वारा अपने भाई सहित चार लोगों पर उसके साथ गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है ।जबकि दूसरे पक्ष का कहना है कि उक्त महिला तांत्रिक विद्या व टोना टोटका करती है जिससे मोहल्ले का माहौल खराब हो रहा है। ग्राम भक्तों वाली निवासी पूनम देवी द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि वह अपने तीन बच्चों के साथ गांव भक्तों वाली में अपने मां-बाप के घर पर ही दो वर्षों से रह रही है ।बुधवार देर शाम उसके भाई व चार पांच अन्य मोहल्ले वालों द्वारा उसके साथ गाली गलौज व मारपीट की गई तथा गांव छोड़कर अन्यथा कहीं चले जाने को कहा हैं। दूसरी ओर दूसरे पक्ष का कहना है कि उक्त महिला टोना टोटका तथा तांत्रिक का काम कर रही है आसपास के कुछ लोगों का आरोप यह भी है कि उक्त महिला द्वारा उनके बच्चों के कपड़े उठाकर जला दिए गए हैं ।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# युवक पर जानलेवा हमला, गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के रामनगर में बुधवार देर शाम एक युवक पर कुछ युवकों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों ने युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई है।

जानकारी के अनुसार घायल युवक ग्राम सफरपुर का निवासी है, जो अपने एक साथी के साथ रामनगर क्षेत्र में बाल कटवाने आया था। बाल कटवाने के बाद दोनों युवक एक नूडल्स की दुकान पर खाने के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान वहां कुछ युवक पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हमलावरों ने युवक को घेर लिया और उसकी जमकर पिटाई की। मारपीट के दौरान युवक अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला और वैशाली मंडप की ओर चला गया। घटना के बाद उसके साथ मौजूद दूसरा युवक भी मौके से निकल गया। घटना की जानकारी मिलने पर ग्राम सफरपुर के कई युवक मौके पर पहुंचे और घायल युवक की तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद युवक वैशाली मंडप क्षेत्र के पास घायल अवस्था में मिला। इसके बाद परिजन और ग्रामीण उसे अपने साथ लेकर गए तथा उसके मेडिकल परीक्षण की प्रक्रिया शुरू कराई। बताया जा रहा है कि युवक के सिर पर चोट लगी है। गंगनहर कोतवाली पुलिस ने भी घायल का मेडिकल कराने के लिए पत्र जारी कर दिया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई करेगी।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस प्रत्यक्षदर्शियों और संबंधित लोगों से पूछताछ कर हमलावर युवकों की पहचान करने में जुटी हुई है। कोतवाली गंगनहर प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जांच के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गोकशी में फरार महिला आरोपी पकडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत हरिद्वार पुलिस की गौकशी करने वालो के विरूद्व कार्यवाही लगातार जारी है। पुलिस ने गौकशी में 02 माह से फरार चल रही 01 वांछित महिला आरोपित को पकडा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा गौकशी करने वाले / गौकशी मे वांछित अभि0गणो के विरूद्ध कार्यवाही के दिशा निर्देश दिये गये थे। जिसके क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भगवानपुर के कुशल नेत्तृव मे पुलिस टीम का गठन किया। गाठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए उ0गौ0सं0 अधि0 में चल रहे वांछित महिला आरोपित निवासी ग्राम सिरचन्दी थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार को पकड कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# झबरेड़ा नपं ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे के मुख्य मार्ग और बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी ने अपनी टीम के साथ कस्बे में श्अतिक्रमण हटाओश अभियान चलाया गया।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान ईओ हर्षवर्धन सिंह रावत ने टीम के साथ बाजार का निरीक्षण किया। इस दौरान जो दुकानदार तय सीमा को पार कर सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण कर रहे थे, उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। टीम ने नियमों का उल्लंघन करने वाले कई दुकानदारों के मौके पर ही 9 अतिक्रमण करने वालों के चालान काटे गए। अधिशासी अधिकारी ने दोटूक शब्दों में कहा कि कस्बे के मुख्य मार्गों और बाजारों में अतिक्रमण को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने दुकानदारों को सचेत करते हुए कहा कि यदि भविष्य में कोई भी दुकानदार दोबारा सड़क पर अतिक्रमण करता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके साथ ही अतिक्रमणकारियों पर भारी आर्थिक दंड भी लगाया जाएगा और अतिक्रमण हटाओ कि यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। पंचायत प्रशासन ने सभी व्यापारियों से अपील की है कि वे अपनी दुकानों का सामान सीमा के भीतर ही रखें और कस्बे की यातायात व व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग करें। इस दौरान नगर पंचायत टीम में ओमपाल सिंह, तरुण सैनी ,जुल्फान अली, टीटू आदि मौजूद रहे।

# गोकशी में फरार एक आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत हरिद्वार पुलिस की गौकशी करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। इसी के तहत गौकशी में 04 माह से फरार चल रहे 01 वांछित आरोपित को धर दबोचा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा गौकशी करने वाले / गौकशी मे वांछित अभि0गणो के विरूद्ध कार्यवाही के दिशा निर्देश दिये गये थे। जिसके क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भगवानपुर के कुशल नेत्तृव मे पुलिस टीम का गठन किया गाठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए उ0गौ0सं0अधि0 में चल रहे वांछित आरोपित 1.मुफीद पुत्र मुन्तयाज निवासी ग्राम खेलपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार को पकडा गया। 'पुलिस टीम- उ0नि0 नीरज रावत-हे0कानि0 सिकन्दर तोमर आदि शामिल रहे।

# शहजाद विधायक ने की महाराज भगीरथ की प्रतिमा के सौंदर्यीकरण की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद के द्वारा महाराजा भागीरथ की प्रतिमा के सौंदर्य करण की घोषणा की है लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद के द्वारा बताया गया कि महाराजा भागीरथ केवल सैनी समाज के नहीं बल्कि सभी के पूजनीय हैं उन्हें सभी लोग मानते हैं और उनके बताए हुए आदर्शों पर चलते हैं उन्होंने कहा लक्सर नगर पालिका क्षेत्र बस स्टैंड के बराबर



में महाराजा भागीरथ की प्रतिमा लगी हुई है महाराजा भागीरथ की प्रतिमा की स्थापना पहले की गई थी महाराजा भागीरथ की प्रतिमा की बराबर में शौचालय बना हुआ था जो किसी को भी अच्छा नहीं लग रहा था वह तोड़ दिया गया उन्होंने कहा मैं एक माह के अंदर महाराजा भागीरथ की प्रतिमा के सौंदर्य करण कार्य करने की कोशिश करूंगा उन्होंने यह भी कहा कि अगर मुझे और भी ज्यादा कार्य यहां पर करवाना पड़े तो मैं करवाऊंगा उन्होंने कहा महाराजा भागीरथ केवल सैनी समाज के ही पूजने नहीं थे बल्कि सभी के पूजनीय थे और इसीलिए महाराजा भागीरथ की प्रतिमा के बराबर में सौंदर्य करण एक माह के अंदर पूरा करा लिया जाएगा।

# लक्सर पालिका ने बरसात से पहले शुरू किया नाला सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नगर पालिका ने बरसात के सीजन को देखते हुए किया नाला सफाई के कार्य शुरू कस्बे में दो टीमें गठित की गई है। वहीं बड़े नाले को साफ करने के लिए पोकलैंड मशीन भी लगाई गई है। अधिशासी अधिकारी का कहना है कि अगले एक सप्ताह के भीतर कार्य पूरा कर लिया जाएगा।बताते चले कि लक्सर कस्बे में हर बार नालों में ठीक प्रकार से सफाई न होने की वजह से पानी की निकासी नहीं हो पाती थी। जिसकी वजह से लोगों के घरों में पानी भर जाता है और उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता था। लेकिन इस समस्या को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने नालों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मोहम्मद कामिल ने बताया कि बरसात से पहले कश्मीर के नालों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि दो टीमों द्वारा नगर के उत्तर व दक्षिण में कार्य किया जा रहा है। एक टीम में नाला सफाई के 10 कर्मचारी रखे गए हैं। जिनमें दो टीमों में 20 कर्मचारी शामिल है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा बड़े न लोग को साफ करने के लिए पोकलैंड व जेसीबी मशीन भी लगाई गई है। उधर नगर पालिका के अध्यक्ष संजीव उर्फ नीटू ने बताया कि इस बार बरसात से पहले ही नालो को अच्छी तरह से साफ किया जा रहा है, ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# हज 2027 को आवेदन की जल्द होगी तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** उत्तराखण्ड राज्य हज समिति के अधिशासी अधिकारी मौ. आरिफ ने बताया कि हज कमेटी आफ इंडिया के सर्कुलर संख्या 1 हज 2027 के लिए जल्द ही हज आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी। इसलिए हज पर जाने वाले इच्छुक हज आवेदक अपना वैध पास्पोर्ट जो मशीन द्वारा पठनीय हो तैयार रखें। वहीं पास्पोर्ट की वैधता भी कम से कम 31 दिसम्बर 2027 तक होनी चाहिए। हज आवेदकों के पास्पोर्ट की वैधता 31 दिसम्बर से पूर्व समाप्त हो रही है ऐसे आवेदक नये इंटरनेशनल पास्पोर्ट बनवा लें। उन्होंने बताया कि पास्पोर्ट आवेदन में उप नाम तथा अंतिम नाम की फील्ड को खाली नहीं छोडा जाना चाहिए।

# लंढौरा में रक्तदान शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** उड़ान वेलफेयर ट्रस्ट एवं महंत इंद्रेश अस्पताल द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में स्थानीय निवासियों के सहयोग से 55 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

गुरुवार को उड़ान वेलफेयर ट्रस्ट एवं महंत इंद्रेश अस्पताल द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं स्थानीय लोगों की मदद से 55 यूनिट रक्तदान इकट्ठा हुआ। इस मौके पर उड़ान वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष याकूब अली ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि रक्तदान करने से जरुरतमंद लोगों के जीवन को बचाया जा सकता है। उन्होंने रक्तदान को जीवन दान करने की बात कहते हुए कहा कि रक्तदान से मनुष्य के अंदर दान की भावना तो विकसित होती ही है। साथ ही समाज में सहयोग और एकता की भावना बढ़ती है। शिविर में महंत इंद्रेश अस्पताल के डाक्टरों की टीम ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस मौके



पर इंतजार खान, भूरा सलमानी, डा० अमरसिंह, शौकीन, समीर, कलीम खान, अरशद आदि लोग मौजूद रहे।

# शंकरपुरी की रीना बनी आयकर अधिकारी फुरकान विधायक ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पिरान कलियर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम ब्रह्मपुर शंकरपुरी की प्रतिभाशाली बेटी रीना, पुत्री श्री इस्म सिंह, द्वारा पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर आयकर विभाग में अधिकारी पद प्राप्त करने पर उनका भव्य सम्मान किया गया। रीना की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र और जनपद का नाम भी गौरवान्वित हुआ है। इस अवसर पर विधायक पिरान कलियर एवं जिला अध्यक्ष रुड़की (ग्रामीण) हाजी फुरकान अहमद ने रीना को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता क्षेत्र के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर रीना ने यह महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। हाजी फुरकान अहमद ने कहा कि आयकर विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभाग में अधिकारी बनना रीना की प्रतिभा, मेहनत और समर्पण का प्रतिफल है। उनकी सफलता यह साबित करती है कि ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियां भी अपनी क्षमता और अथक प्रयासों के बल पर उच्च पदों तक पहुंचकर समाज और देश की सेवा कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेटियों की बढ़ती भागीदारी समाज के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। रीना की उपलब्धि यह संदेश देती है कि यदि



लक्ष्य स्पष्ट हो, आत्मविश्वास मजबूत हो और मेहनत निरंतर जारी रहे तो कोई भी मंजिल असंभव नहीं होती।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भी रीना को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उनकी इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। रीना की उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और युवाओं को आगे बढ़ने की नई प्रेरणा मिली है।

# सम्पादकीय

## अकेले पड़ते ट्रम्प

मिडिल ईस्ट में जारी घटनाक्रम में रूचि रखने वाले लोगों के लिए दिलचस्प खबर है, अमेरिकी संसद ने ईरान युद्ध से जुड़ी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की शक्तियों को सीमित करने वाला प्रस्ताव पास कर दिया है। मजेदार बात, तो यह है कि प्रस्ताव को कुछ रिपब्लिकन सांसदों का भी समर्थन मिला। कांग्रेस का कहना है कि लंबे समय तक सैन्य कार्रवाई के लिए उसकी मंजूरी जरूरी है। इस मुद्दे पर ट्रम्प प्रशासन को बढ़ते राजनी. तिक और कानूनी दबाव का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी संसद ने (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ईरान युद्ध से जुड़ी शक्तियों को सीमित करने वाला एक प्रस्ताव पास कर दिया है। इसे ट्रम्प और उनकी ईरान नीति के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। खास बात यह है कि इस प्रस्ताव का समर्थन ट्रम्प की अपनी रिपब्लिकन पार्टी के कुछ सांसदों ने भी किया। इस प्रस्ताव के पक्ष में 215 वोट पड़े, जबकि 208 सांसदों ने विरोध किया। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद थामस मैसी, ब्रायन फिट्जपैट्रिक, टाम बैरेट और वारेन डेविडसन ने पार्टी लाइन से हटकर डेमोक्रेट सांसदों का साथ दिया। रिपब्लिकन सांसद टाम बैरेट ने कहा कि उनके क्षेत्र के लोग युद्ध की वजह से बढ़ती महंगाई और आर्थिक परेशानियों से नाराज हैं। वहीं थामस मैसी ने कहा कि लोग महंगे पेट्रोल, डीजल और खाद की बढ़ती कीमतों से परेशान हैं। उनके मुताबिक यह वोट दिखाता है कि जनता और संसद दोनों लंबे समय से चल रहे युद्ध से थक चुके हैं। ब्रायन फिट्जपैट्रिक ने कहा कि अमेरिका में वार पावर्स एक्ट नाम का कानून है। इस कानून के मुताबिक, राष्ट्रपति को युद्ध जैसे बड़े फैसलों के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों पर संसद में खुलकर बहस होनी चाहिए और फिर वोटिंग होनी चाहिए। यह प्रस्ताव न्यूयार्क के डेमोक्रेट सांसद ग्रेगरी मीक्स ने पेश किया था। वोटिंग के बाद उन्होंने कहा कि सभी डेमोक्रेट सांसदों ने इसका समर्थन किया और कुछ रिपब्लिकन सांसदों का साथ मिलना भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का काम संविधान के अनुसार सरकार की शक्तियों पर निगरानी रखना है। हालांकि हाउस स्पीकर माइक जानसन इस प्रस्ताव के खिलाफ हैं। उनका कहना है कि इससे ट्रम्प प्रशासन की शांति वार्ता और कूटनीतिक प्रयास कमजोर हो सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि ईरान में अमेरिका के सभी सैन्य लक्ष्य पूरे हो चुके हैं और अब ट्रम्प शांति समझौते की दिशा में काम कर रहे हैं। इस बीच पेंटागन, अमेरिकी विदेश मंत्रालय और यूएसएआईडी के इंस्पेक्टर जनरल ने ईरान युद्ध की जांच शुरू कर दी है। कानून के अनुसार 60 दिन से ज्यादा चलने वाले विदेशी सैन्य अभियानों की समीक्षा करना जरूरी होता है। जांच एजेंसियों का मानना है कि अमेरिका का ईरान अभियान 28 फरवरी से चल रहा है और अब 60 दिन की सीमा पार कर चुका है। वॉर पावर्स एक्ट के मुताबिक कांग्रेस की मंजूरी के बिना राष्ट्रपति 60 दिन से अधिक समय तक सैन्य कार्रवाई जारी नहीं रख सकते।

## प्रकृति से समझौते का नहीं, संकल्प का समय

### विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष





योगेश कुमार गोयल


प्रकृति का मिजाज वर्ष दर वर्ष बदल रहा है और इसी के साथ प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला भी बढ़ा है। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वैसे तो दुनियाभर में बड़े-बड़े अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं। 2015 में पेरिस सम्मेलन में 197 देशों ने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए अपने-अपने देश में कार्बन उत्सर्जन कम करने और 2030 तक वैश्विक तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने का संकल्प लिया था किन्तु धरती का तापमान जिस प्रकार वर्ष दर वर्ष बढ़ रहा है, ऐसे में इस वास्तविकता को नहीं नकारा जा सकता कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मौसम के बिगड़ते मिजाज को लेकर चर्चाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराए जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चर्चाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की एक रिपोर्ट में वैज्ञानिकों द्वारा चेतावनी देते हुए कहा जा चुका है कि दुनिया पर वैश्विक तापमान में खतरनाक वृद्धि का संकट मंडरा रहा है और यह वृद्धि 2015 में पेरिस समझौते में संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित डेढ़ डिग्री सेल्सियस का भी रिकॉर्ड तोड़ सकती है।

पर्यावरण की सुरक्षा तथा संरक्षण के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 5 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस का वर्ष 2026 का विषय 'प्रकृति से प्रेरित। जलवायु के लिए। हमारे भविष्य के लिए।' संयुक्त राष्ट्र महासभा तथा संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) द्वारा 16 जून 1972 को स्टॉकहोम में पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने के लिए यह दिवस मनाने की घोषणा की गई थी और पहला विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 1974 को मनाया गया था। 19 नवम्बर 1986 को भारत में 'पर्यावरण संरक्षण अधिनियम' लागू किया गया। हालांकि विश्व पर्यावरण दिवस मनाए जाने का वास्तविक लाभ तभी है, जब हम इस आयोजन को केवल रस्म अदायगी तक ही सीमित न रखें बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए इस अवसर पर लिए जाने वाले संकल्पों को पूरा करने हेतु हरसंभव प्रयास भी करें। दरअसल धरती का तापमान वर्ष दर वर्ष जिस प्रकार बढ़ रहा है, उसे देखते हुए वैज्ञानिकों का कहना है कि तापमान बढ़ने से हीटवेव, अत्यधिक वर्षा, पानी की कमी जैसी समस्याएं पूरी दुनिया में विकराल रूप ले सकती हैं।

जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान का दुष्प्रभाव अब समय-समय पर भयानक चक्रवाती तूफानों के रूप में भी देखा जाने लगा है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि जलवायु संकट के साथ अरब सागर में तीव्र चक्रवाती विक्षोभ का सिलसिला चलता रहेगा। चक्रवाती तूफानों का बढ़ता सिलसिला, बाढ़, सूखा, जंगलों में लगने वाली भीषण आग तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में तेजी, ए सब जलवायु में हो रहे बदलावों का ही बड़ा असर है। फिलहाल न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का बिगड़ता मिजाज समस्त मानव जाति के लिए गंभीर चिंता का विषय बना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुता. बिक अब अरब सागर अधिकाधिक अशांत होता जा रहा है और अरब सागर में चक्रवात अपेक्षाकृत असामान्य हैं। आईएमडी सहित जलवायु वैज्ञानिकों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी की तुलना में अरब सागर में चक्रवातों की तीव्रता में ज्यादा वृद्धि हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार 1890 के दशक के बाद 2011 से 2022 के बीच अरब सागर में चक्रवातीय घटनाएं ज्यादा हुई हैं। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ किए जा रहे भयानक खिलवाड़ के ही कारण धरती लगातार गर्म हो रही है और ऐसी घटनाओं की तीव्रता बढ़ रही हैं, जिनमें अरबों-खरबों रूपए का नुकसान होता है, अनेक लोग मारे जाते हैं और ऐसी आपदाओं में लाखों लोग देखते ही देखते बेघर हो जाते हैं। महत्वपूर्ण सवाल यह है कि पृथ्वी का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं और संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से यह स्पष्ट किया है कि किस प्रकार पैट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यदि पृथ्वी का तापमान इसी प्रकार बढ़ता रहा और अगले तीन दशकों में पृथ्वी के तापमान में वृद्धि पांच डिग्री तक दर्ज की जाती है तो इससे एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा और एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे। धरती का तापमान बढ़ते जाने का ही परिणाम है कि ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है, जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है। जहां तक पर्यावरण प्रदूषण की बात है, विश्वभर में प्रदूषण के बढ़ते स्तर के कारण प्रतिवर्ष तरह-तरह की बीमारियों के कारण लोगों की मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, यहां तक कि बहुत से नवजात शिशुओं पर भी प्रदूषण के गंभीर दुष्प्रभाव अब स्पष्ट देखे जाने लगे हैं।

## श्रीमुख से...

### भ्रष्ट और टूटी हुई व्यवस्था का परिणाम



नीट पेपर लीक के कारण जान गंवाने वाली आकांक्षा की मौत आत्महत्या नहीं, बल्कि एक भ्रष्ट और टूटी हुई व्यवस्था का परिणाम है, आकांक्षा डाक्टर बनकर देश और समाज की सेवा करना चाहती थी, उसके पिता किसान हैं, जिन्होंने बेटी के सपने को पूरा करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड पर तीन लाख रुपये का कर्ज लिया और नागपुर में रसोइए की नौकरी की, ताकि वह कोचिंग कर सके, एक पिता ने अपनी ओर से हर संभव प्रयास किया, लेकिन नीट पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने के बाद पैदा हुई अनिश्चितता के बीच आकांक्षा हमें छोड़कर चली गई, यह केवल एक छात्र की त्रासदी नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की विफलता का प्रतीक है।

-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर,
पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

## समझना होगा पर्यावरण का महत्व



रोहित कौशिक

इ 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस
समझना होगा पर्यावरण का महत्व
रोहित कौशिक

इस दौर में हमारा ज्ञान लगातार बढ़ रहा है। समाज में प्रगतिशीलता भी लगातार बढ़ रही है। लेकिन आज सबसे बड़ा सवाल यह है कि पर्यावरण के मामले में क्या हमारी समझ बढ़ी है ? पर्यावरण की वर्तमान स्थिति को देखकर तो ऐसा नहीं लगता कि पर्यावरण के मामले में हमारी समझ बढ़ी है। पर्यावरण की सेहत लगातार बिगड़ती जा रही है। कुछ समय पहले आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय में हुए एक अध्ययन में बताया गया था कि लू से जुड़ी मौतें गर्मी से मरने वालों की कुल संख्या का लगभग एक तिहाई और विश्व भर में हुई कुल मौतों का एक फीसद है। पिछले तीस वर्षों के आंकड़ों के आधार पर यह बताया गया है कि हर वर्ष गर्मी में एक लाख तिरपन हजार अतिरिक्त लोगों की जान चली जाती है, जिसमें से लगभग आधी मौतें एशिया में और तीस फीसद से ज्यादा यूरोप में होती है। भारत में हर साल तीस हजार से ज्यादा लोगों की लू के कारण मृत्यु हो जाती है। कई शोधों में यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। इसके साथ ही मौसम का चक्र भी अनियमित हो गया है। कुछ समय पहले 'असेसमेंट ऑफ क्लाइमेट चेंज ओवर द इंडियन रीजन'नामक रिपोर्ट में भी बताया गया था कि अगर जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए बड़े कदम नहीं उठाए गए तो लू के थपेड़ों में तीन से चार गुना बढ़ोतरी दिखाई देगी और समुद्र का जलस्तर 30 सेंटीमीटर तक उठ सकता है। इस रिपोर्ट के अनुसार पिछले दशकों में देश ने तापमान में वृद्धि और मानसून में कमी का सामना किया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस बात के पुख्ता प्रमाण हैं कि इस बदलाव को मानव गतिविधियों ने प्रभावित किया है। पिछले दिनों हम सबने यह महसूस किया कि लॉकडाउन के दौरान वायु और जल प्रदूषण कम हुआ। इस दौर में हमें यह समझना होगा कि पर्यावरण को सम्मान देकर ही हम पृथ्वी की रक्षा कर पाएंगे। जब हम पर्यावरण का सम्मान नहीं करते हैं तो वह प्रत्यक्ष रूप से तो हमें हानि पहुंच. ाता ही है, परोक्ष रूप से भी हमारे सामने कई समस्याएं खड़ी करता है।

पिछले दिनों इंटरनेशनल यूनियन फॉर द कंजर्वेशन ऑफ नेचर द्धआईयूसीएनऋ द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया था कि जलवायु परिवर्तन के कारण महिलाओं और लड़कियों के प्रति होने वाली हिंसा में इजाफा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार गरीब देशों में जलवायु परिवर्तन को रोकने में सरकारें विफल हो रही हैं। इसके कारण संसाधन बर्बाद हो रहे हैं। इसका असर बढ़ती हुई लैंगिक असमानता के रूप में दिखाई दे रहा है। जलवायु परिवर्तन से जूझ रहे इलाकों में संसाधनों पर काबिज होने के लिए वर्ग संघर्ष जारी है। इसमें जीत पुरुषों की होती है और महिलाएं दोयम दर्जे का जीवन जीने के लिए मजबूर हो जाती हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि इस दौर में कई तौर-तरीकों से समाज पर जलवायु परिवर्तन का असर पड़ रहा है। मौसम का समस्त चक्र अनियमित हो गया है। सम्पन्न लोग एसी में बैठकर पर्यावरण पर भाषण दे रहे हैं। प्रकृति और पर्यावरण को लेकर बड़ी-बड़ी बातें हो रही हैं लेकिन पर्यावरण बचाने के लिए जमीन पर काम नहीं हो रहा है। यह सब इसलिए हो रहा है कि हम अभी तक भी प्रकृति का महत्व नहीं समझ पाए हैं।

प्रकृति हमें एक नया सौन्दर्यबोध प्रदान करती है। धरती को सौन्दर्य प्रदान करने में प्रकृति ने अतुलनीय योगदान दिया है। पेड़-पौधे, फूल-पत्तियां, झरने और पहाड़ धरती के आभूषण ही हैं। कल्पना कीजिए कि इन आभूषणों से रहित धरती हमें कैसी दिखाई देगी। यह हम सबका कर्तव्य है कि हम धरती के इन आभूषणों की चमक फीकी न पड़ने दें। जब धरती के इन आभूषणों की चमक फीकी पड़ती है तो धरती का ताप बढ़ने लगता है। हमें यह समझना होगा कि यह धरती सुन्दर रहेगी तो हमारा जीवन भी सुन्दर रहेगा। कभी हम प्रकृति के विभिन्न अवयवों का क्षरण कर प्रदूषण बढ़ाते हैं तो कभी जलवायु परिवर्तन के लिए स्वयं जिम्मेदार होते हुए भी प्रकृति को कोसते हैं। यह दुखद ही है कि कभी धरती का बढ़ता हुआ ताप पर्यावरण को जख्म दे रहा है तो कभी हमारा व्यवहार पर्यावरण के जख्मों को कुरेद रहा है। कुल मिलाकर हम उसी प्रकृति से बेवफाई कर रहे हैं जो हमें हमेशा वफा की सीख देती है। विभिन्न अध्ययनों के माध्यम से यह बात सामने आ रही है कि प्रदूषण और धरती का ताप बढ़ने के कारण सम्पूर्ण विश्व को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। इन समस्याओं में सूखा, बाढ़, तापमान बढ़ना, ग्लेशियरों का पिघलना, समुद्र का स्तर बढ़ना, अनेक जीव-जन्तुओं और पेड़-पौधों का विलुप्त होना आदि शामिल हैं। विचारणीय प्रश्न यह है कि जब हम इन प्राकृतिक समस्याओं से जूझने में व्यस्त होंगे तो प्यार के बारे में सोचने की फुर्सत किसे होगी ? हालांकि प्राचीन समय में हमने प्रकृति से कई रिश्ते जोड़े। प्रकृति के विभिन्न अवयवों को हमने अपने परिवार की तरह माना। प्रकृति के इन अवयवों को हमने ईश्वर का दर्जा भी दिया। तभी तो हम आज तक धरती को धरती माता, तुलसी को तुलसी माता, गाय को गाय माता सांप को नाग देवता, गंगा को गंगा मैया, चांद को चंदा मामा तथा सूरज को सूर्य देवता कह रहे हैं। क्यों न हम इस दौर में इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए प्रकृति से प्यार का एक नया रिश्ता जोड़ें। जैसे एक स्त्री मां, बहन, पत्नी और बेटी- किसी भी रूप में हमारे सामने हो सकती है, उसी तरह प्रकृति भी विभिन्न रूपों में हमारे सामने हो सकती है।

## दिन-प्रतिदिन भारतीय पर्यटकों की खराब होती छवि



रजनीश कपूर

हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर भारतीय पर्यटकों से जुड़ी वायरल वीडियो एक बार फिर विवादों का केंद्र बन गई हैं। गुजरात के गरबा नृत्य को विदेशी एयरपोर्टों, चीन की महान दीवार और अन्य वैश्विक स्थलों पर करते हुए दिखाए गए भारतीय पर्यटक न केवल चर्चा में हैं, बल्कि भारत की छवि को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नुकसान पहुंचा रहे हैं। सवाल है कि क्या भारतीय पर्यटक वाकई बदतमीज हैं या दुनिया हमें अनुचित रूप से स्टिरियोटाइप कर रही है? यह मुद्दा वायरल हुए सिर्फ कुछ वीडियो का नहीं, बल्कि लाखों भारतीयों के विद. ेश यात्रा के बढ़ते रुझान और सांस्कृतिक-नागरिकता की समझ का है।

भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता पर्यटन स्रोत बाजार है। कोविड महामारी के बाद विदेश यात्रा पर जाने वाले भारतीयों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। 2025-26 में लाखों भारतीय यूरोप, अमेरिका, एशिया और मध्य पूर्व के देशों में घूम रहे हैं। लेकिन ऐसी कुछ घटनाएं पूरे राष्ट्र की प्रतिष्ठा धूमिल कर रही हैं। एयरपोर्ट पर गरबा, चीन की ग्रेट वॉल पर नाचते हुए, कतार तोड़ते हुए या शोर मचाते हुए दिखाए गए पर्यटकों के वीडियो तेजी से वायरल हो जाते हैं। इनमें से कई में संदर्भ की कमी हो सकती है, लेकिन बार-बार दोहराई जाने वाली घटनाएं एक पैटर्न बनाती दिखती हैं।

सबसे पहले, यह स्वीकार करना जरूरी है कि हर राष्ट्र के कुछ पर्यटक समस्या पैदा करते हैं। चीनी पर्यटक भी भीड़ और शोर के लिए आलोचित होते रहे हैं, अमेरिकी पर्यटक अक्सर अहंकारी माने जाते हैं। लेकिन भारतीय मामले में समस्या की गहराई अलग है। भारत में घरेलू स्तर पर ही नागरिक भावना द्धबपअपब. ेमदेमऋ की कमी एक बड़ी चुनौती है। सड़कों पर कूड़ा फेंकना, कतार में धक्का-मुक्की करना, सार्वजनिक स्थानों पर जोर-जोर से बात करना, दूसरों की निजता का सम्मान न करना, ये घर की वो आदतें हैं, जो विदेश ले जाई जाती हैं। जिससे भारत और भारतीयों का नाम खघ्राब होता है। कई भारतीय पर्यटक पहली बार विदेश जाते हैं। वे उत्साह में संस्कृति का प्रदर्शन करना चाहते हैं, लेकिन स्थानीय नियमों और माहौल को नजरअंदाज कर देते हैं। गरबा एक जीवंत त्योहार नृत्य है, लेकिन एयरपोर्ट जैसे संवेदनशील स्थान पर इसे करना सुरक्षा और अनुशासन का उल्लंघन लगता है। इसी तरह, ऐतिहासिक स्मारकों पर चढ़ना, कूड़ा फेंकना या स्थानीय लोगों की असुविधा पैदा करना सांस्कृतिक असंवेदनशीलता दर्शाता है। सोशल मीडिया का प्रभाव भी कम नहीं। एक वीडियो वायरल होने पर पूरा समुदाय टारगेट हो जाता है। कुछ मामलों में नस्लवाद या पूर्वाग्रह भी काम करता है, लेकिन इसे बहाना बनाकर अपनी गलतियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आंकड़ों की बात करें तो भारत से विदेश यात्रा करने वालों की संख्या 2019 के मुकाबले दोगुनी हो गई है। लेकिन यात्रा एजेंसियां और सरकारें पर्यटकों को पूर्व-प्रशिक्षण देने में पिछड़ रही हैं। कई ग्रुप टूर में पर्यटक एक-दूसरे को उत्साहित करते हुए सीमा लांघ जाते हैं। नतीजा, विदेशी होटल, एयरलाइंस और टूर ऑपरेटर्स भारतीयों को 'समस्या समूह' के रूप में देखने लगे हैं।

कुछ देशों में भारतीय पर्यटकों के लिए अनौपचारिक रूप से अतिरिक्त सतर्कता बरती जाती है। यह भारत के लिए शर्मनाक है, क्योंकि हम एक प्राचीन सभ्यता वाले देश हैं जहां अतिथि देवो भव: की परंपरा है। कुछ लोग तर्क देते हैं कि वायरल वीडियो संदर्भहीन हैं और भारतीयों को निशाना बनाया जा रहा है। यह आंशिक रूप से सही भी हो सकता है, लेकिन जब भारतीय ही कमेंट करते हैं कि हमारे यहां नागरिक भावना शून्य है, तो समस्या नकारने लायक नहीं रह जाती। घर पर स्वच्छता अभियान, स्मार्ट सिटी, स्वच्छ भारत मिशन आदि चल रहे हैं, फिर भी व्यवहार में बदलाव धीमा है। शिक्षा प्रणाली में नागरिकता और नैतिक मूल्यों पर जोर कम है। परिवारों में 'जब तक कोई पकड़ा न जाए तो जो मन आए वो करो' की मानसिकता प्रबल है। विदेश में भारतीय समुदाय अक्सर सफल, मेहनती और विविधतापूर्ण के रूप में जाना जाता है, लेकिन पर्यटन में आने वाले निचले और मध्यम वर्ग के कुछ हिस्से इस छवि को खराब कर देते हैं। यह वर्ग पहले कम यात्रा करता था, लेकिन अब सस्ती उड़ानों और पैकेज टूर के कारण इनका आंकड़ा भी बढ़ा है। उत्साह अच्छा है, लेकिन इसके साथ-साथ जागरूकता भी जरूरी है। भारत नाम फिर से खराब न हो इसके लिए बहुआयामी रणनीति अपनानी होगी। सरकार विदेश जाने वाले पर्यटकों के लिए अनिवार्य ऑनलाइन/ऑफलाइन वर्कशॉप शुरू करें। यात्रा एजेंसियां स्थानीय रीति-रिवाज, कानून और नियम सिखाएं। वीजा आवेदन के साथ छोटा कोर्स भी अनिवार्य किया जाए। विदेश मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय मिलकर 'जिम्मेदार भारतीय यात्री' अभियान चलाएं। सोशल मीडिया, यूट्यूब और एयरपोर्ट स्क्रीनों पर जागरूकता के वीडियो प्रसारित करें। भारतीय दूतावासों को स्थानीय शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करने का अधिकार दें। स्कूलों में पर्यटन नैतिकता को समझाया जाए, जिससे कि बच्चे अपने-अपने घरों में जागरूकता फैलाएं। स्वच्छता, सम्मान और अनुशासन पर जोर दें। युवा पीढ़ी को वैश्विक नागरिक बनाने की जरूरत है। ऐसे में अच्छे व्यवहार करने वाले पर्यटकों को पुरस्कृत करें और गंभीर उल्लंघन करने वालों पर ब्लैकलिस्टिंग या पासपोर्ट प्रतिबंध जैसे कड़े कदम उठाएं। इसके साथ ही सबसे अहम भूमिका ग्रुप टूर लीडर्स की होनी चाहिए, उनको प्रशिक्षित किया जाए कि वे पर्यटकों को नियंत्रित रखें और विदेशी शहरों के प्रति संवेदनशील रहें। विदेशी पार्टनर्स के साथ फीडबैक सिस्टम बनाएं।गरबा जैसे नृत्यों को सही मंच पर प्रदर्शित करें, जैसे कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों, फेस्टिवल आदि में। व्यक्तिगत उत्साह को अनुशासित तरीके से व्यक्त करना सिखाएं। वहीं सेलिब्रिटी और इन्फ्लुएंसर्स जिम्मेदारी से यात्रा दिखाएं। वायरल होने वाली अच्छी कहानियां, जैसे भारतीयों द्वारा पर्यावरण संरक्षण या स्थानीय मदद आदि को प्रचारित करें।




**गुवाहाटी। प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और प्रश्न पत्र लीक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब और उनके समर्थक।**

## रूस ने वित्तीय आत्मनिर्भरता पूरी तरह हासिल की: एंटोन सिलुआनोव सेंट

**पीटर्सबर्ग।** रूस के वित्त मंत्री एंटोन सिलुआनोव ने गुरुवार को 'सेंट पीटर्सबर्ग अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मंच' के दौरान कहा कि उनके देश ने वित्तीय आत्मनिर्भरता पूरी तरह हासिल कर ली है और अब वह बाहरी धन या विदेशी सरकारों के फैसलों पर निर्भर नहीं है। सिलुआनोव ने आर्थिक मंच पर कहा कि दुनिया बदल रही है और हमारे सामने कई मुश्किलें भी आई हैं, इसके बावजूद वित्तीय नजरिए से मुझे लगता है कि हम पूरी तरह से एक संप्रभु और मजबूत स्थिति में पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि रूस इस बात पर बिल्कुल निर्भर नहीं है कि तीसरे देश उसे धन देंगे या नहीं।

# भारत व वेनेजुएला द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत बनाएंगे

## मोदी और रोड्रिगेज ने ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज और व्यापार क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर व्यापक चर्चा की

**नई दिल्ली।** भारत और वेनेजुएला ने विशेष रूप से ऊर्जा और उसके साथ-साथ, महत्वपूर्ण खिनज, व्यापार, निवेश, फार्मास्यूटिकल, स्वास्थ्य सेवा तथा ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त करते हुए द्विपक्षीय साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

मोदी ने भारत यात्रा पर आई वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के साथ बुधवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की। उन्होंने वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा के साथ-साथ विकासशील देशों के हितों को बढ़ावा देने पर बात की। पश्चिम एशिया संकट के कारण दुनिया भर में ऊर्जा आपूर्ति की अनिश्चित स्थिति के बीच हुई इस वार्ता को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पांच दिन की यात्रा पर आई रोड्रिगेज के साथ विदेश, आर्थिक और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे विभागों के मंत्रियों का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया हुआ



**■ पीएम ने वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा के साथ-साथ विकासशील देशों के हितों को बढ़ावा देने पर बात की**

है। विदेश मंत्रालय ने दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद कहा कि दोनों के बीच बातचीत काफी व्यापक रही और इसमें विशेष रूप से ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों का पता लगाने पर विस्तार से बात हुई। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मोदी और रोड्रिगेज ने विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के पूरे दायरे की समीक्षा के साथ ऊर्जा, व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य सेवा और ऑटोमोबाइल आदि क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसरों का पता लगाने पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने आपसी हित के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने तथा 'ग्लोबल साउथ' के हितों को आगे बढ़ाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बाद में विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) रूदेन्द्र टंडन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोनों पक्षों के बीच ऊर्जा सहित विभिन्न विषयों पर सार्थक और अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला ने भारत के साथ लंबे समय से चले आ रहे संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों देश भविष्य में भी पसंदीदा साझेदार बने रहेंगे।

टंडन ने कहा कि वेनेजुएला बदलाव के दौर से गुजर रहा है लेकिन यह संसाधनों से समृद्ध देश है और अब वहां विकास यात्रा के शुरुआती संकेत दिखाई दे रहे हैं। वेनेजुएला में केवल ऊर्जा क्षेत्रा ही नहीं बल्कि पशुपालन, परिवहन, खनन, कृषि, ऑटोमोटिव क्षेत्रा और फार्मास्यूटिकल जैसे क्षेत्रों में भी अनेक संभावनाएं हैं। टंडन ने कहा कि दोनों पक्षों ने इन क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की जिसका उद्देश्य उन तरीकों का पता लगाना था जिनसे भारतीय व्यापारी वेनेजुएला के बाजार में अपनी जगह बना सकें जिससे दोनों देशों के बीच नई साझेदारी हो सके। उन्होंने सवालों के जवाब में कहा कि बातचीत के दौरान ऊर्जा के क्षेत्रा में कोई बड़ी घोषणा नहीं की गई है लेकिन विभिन्न क्षेत्रों में इसकी संभावनाओं का पता लगाने पर बात हुई है। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला के पास बड़ा तेल भंडार है और भारत बड़ी मात्रा में तेल का आयात करता है। दोनों देशों के बीच खरीदार और विक्रेता के रूप में दीर्घावधि संबंधों की संभावना है।

# अमेरिका-ईरान बातचीत में आई अड़चन

## ईरान की दो टूक अरबों डॉलर की जब्त की गई उसकी धनराशि को तुरंत जारी किया जाए



**■ डोनाल्ड ट्रम्प और उनका प्रशासन ईरान को कोई बड़ी रियायत दिए बिना बड़े पैमाने पर धन जारी करने को मंजूरी देने में आनाकानी कर रहा है**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत में ईरान के जब्त धन को तुरंत जारी करने की मांग सबसे बड़ी अड़चन बन गई है। ईरान इस बात पर जोर दे रहा है कि किसी संभावित समझौते के तहत कोई भी ठोस कदम उठाने से पहले उसकी अरबों डॉलर की जब्त की गई धनराशि को तुरंत जारी किया जाए। इस मांग को मानने में ट्रम्प प्रशासन हिचकिचा रहा है।

अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनका प्रशासन ईरान को कोई बड़ी रियायत दिए बिना बड़े पैमाने पर धन जारी करने को मंजूरी देने में आनाकानी कर रहा है। खासकर ईरान के संवर्धित यूरेनियम के भंडार, परमाणु गतिविधियों और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने को लेकर वह कड़ा रूख अपना रहा है। जेरूसलम पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार ईरानी वार्ताकार चाहते हैं कि जैसे ही दोनों पक्ष शुरुआती सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर करें, उन्हें जब्त हुए धन से 'नकद धनराशि' तुरंत मिल जाए और इसमें किसी तरह की कोई देरी नहीं होनी चाहिए। अमेरिकी अधिकारियों का रुख साफ है कि प्रतिबंधों में राहत तभी मिलेगी जब ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर कोई ठोस आश्वासन देगा। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में चिंता सिर्फ दिखावे तक सीमित नहीं है। अगर धनराशि को जल्दी जारी कर दिया गया, तो इससे ईरान को एक आर्थिक सहारा मिल जाएगा, जबकि अमेरिका के हाथ से उसका सबसे ताकतवर मोलभाव का हथियार, आर्थिक दबाव, जिसे बनाने में उसने कई वर्ष लगाए हैं, वह उसके हाथ से निकल जाएगा। वरिष्ठ अधिकारियों ने क्षेत्रीय मध्यस्थों को साफ कर दिया है कि जब तक ईरान पहले कोई ठोस और कारगर कदम नहीं उठाता है खासकर अपनी परमाणु गतिविधियों और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर,तब तक कोई बड़ी रकम जारी नहीं की जाएगी। ट्रम्प ने अपने सलाहकारों से साफ-साफ कह दिया है कि वह ऐसे किसी भी समझौते पर दस्तखत नहीं करेंगे जो ओबामा के 2015 के समझौते जैसा हो, जिसके तहत ईरान के लिए 1.7 अरब डॉलर का फंड जारी किया गया था। रिपोर्टों के मुताबिक ईरान अब करीब 12 अरब डॉलर की मांग कर रहा है, और ट्रम्प की ऐसी कोई मंशा नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सलाहकारों ने ऐसे इंतजामों पर विचार किया है, जिनके तहत कोई तीसरा देश जैसे कि कतर ईरान को फंड जारी करेगा, ताकि अमेरिका किसी भी सीधे भुगतान से दूर रहे। मध्यस्थों ने बीच का रास्ता निकालने के लिए कुछ प्रस्ताव रखे हैं, जिनमें कई अरब डॉलर का एक 'मानवीय फंड' बनाना भी शामिल है।

## ईरान के दुश्मनों ने 'हाइब्रिड युद्ध' की चालें चलीं: मोजतबा खामेनेई

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने कहा है कि अमेरिका और इजरा. इल जैसे दुश्मनों ने युद्ध के मैदान में निर्णायक हार और गहरी बेइज्जती का सामना करने के बाद ईरान के खिलाफ 'हाइब्रिड युद्ध' की रणनीति अपनाते हुए अब अपना ध्यान हमारे देश को अंदर से अस्थिर करने पर केंद्रित कर दिया है। खामनेई ने इस्लामिक गणराज्य के संस्थापक इमाम खुमैनी की पुण्यतिथि की 37वीं वर्षगांठ के मौके पर गुरुवार को जारी एक संदेश में बोलते हुए घोषणा की कि ईरान के दुश्मनों को युद्ध के मैदान में 'गहरी शर्मिंदगी' झेलनी पड़ी है और अब उन्होंने उन चालों का सहारा लेना शुरू किया है जिन्हें हाईब्रिड युद्ध की चालें कही जाती हैं। उन्होंने कहा कि दुष्ट दुश्मन, सशस्त्र बलों में आपके बहादुर बेटों के साथ टकराव में हारने के बाद-अपने प्रयासों को दो लक्ष्यों पर कें. द्रित कर रहा है-लोगों के मनोबल को तोड़ना और देश के अधिकारियों के बीच गलतफहमियां पैदा करना। खामेनेई ने एक लिखित संदेश में कहा कि अमेरिका के नेतृत्व वाला 'दमनकारी तंत्र' एक मजबूत और स्वतंत्र ईरान को स्वीकार नहीं कर सकता और उन्होंने इजराइल को उस तंत्र की एक 'सैन्य चौकी' बताया।

## जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास हुए हमले पर आईएईए चिंतित

**मॉस्को।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने गुरुवार को यूक्रेन में रूस के कब्जे वाले जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (जेडएनपीपी) के पास हुए एक भारी हमले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इन हमलों को तुरंत रोकने का आग्रह किया है। एजेंसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि उन्हें जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (जेडएनपीपी) प्रशासन की ओर से यह जानकारी मिली है कि पास ही स्थित 'जापोरिज्जिया थर्मल पावर प्लांट' (जेटीपीपी) पर आज सुबह भारी हमला हुआ है। गौरतलब है कि इस थर्मल पावर प्लांट का स्विचयार्ड ही मुख्य परमाणु संयंत्र को बिजली की आपूर्ति करने में मदद करता है। परमाणु संयंत्र में मौजूद आईएईए की विशेषज्ञ टीम ने भी थर्मल पावर प्लांट की दिशा से हल्का धुआं निकलते देखा और वहां सैन्य गति. विधियों की आवाजें सुनीं। आईएईए ने चेतावनी दी है कि इस नए हमले ने जेडएनपीपी की एकमात्र बची हुई बाहरी बिजली लाइन की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं।

# तुर्की-सऊदी अरब ने की होर्मुज के विकल्प के रूप में रेल मार्ग पर चर्चा

**इस्तांबुल।** तुर्की और सऊदी अरब एक ऐसे रेल मार्ग को लेकर बातचीत कर रहे हैं, जिसे आगे चलकर ओमान तक बढ़ाने की योजना है और जो होर्मुज जलडमरूध्य के विकल्प के रूप में काम करेगी। तुर्की के परिवहन और बुनियादी ढांचा मंत्री अब्दुलकादिर उरालोग्लू ने एक समाचार एजेंसी को बताया कि यह रेल मार्ग काफी हद तक हिजाज रेलवे के रास्ते पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि पहले चरण में तुर्की की सीमा से सीरिया के अलेप्पो तक रेल पटरी का निर्माण करना जरूरी है। वहां से दमिश्क तक का एक हिस्सा पहले से ही बना हुआ है-जॉर्डन और सऊदी अरब की सीमा वाले हिस्से पर कोई रेलवे नहीं है, हम अभी सऊदी अरब के साथ इसके रास्ते पर चर्चा कर रहे हैं कि यह रास्ता रियाद की ओर मुड़ेगा या इसे हिजाज तक लाया जाएगा। हमारा अंतिम लक्ष्य ओमान तक रेल मार्ग बनाना है। वास्तव में, हम होर्मुज जलडमरूमध्य से बचे रहकर निकलने वाले रास्ते की बात कर रहे हैं। गौरतलब है कि सऊदी अरब के हिजाज क्षेत्र में मक्का और मदीना के बीच पहले से ही एक तेज गति वाली रेल लाइन मौजूद है। उरालोग्लू ने मार्च में कहा था कि तुर्की ऐतिहासिक हिजाज रेलवे के उस हिस्से को फिर से चालू करने के लिए दमिश्क सीरिया के साथ बातचीत कर रहा था जो कभी इन देशों को आपस में जोड़ता था।



**■ प्रस्तावित रेल मार्ग काफी हद तक हिजाज रेलवे के रास्ते पर आधारित है: अब्दुलकादिर उरालोग्लू**

## यूरोप में तीन सालों में 80000 नए एचआईवी मामलों की आशंका

**ब्रुसेल्स।** यूरोप में अगले तीन वर्षों में लगभग 80,000 नए एचआईवी संक्रमण के मामले सामने आने और टीबी के कारण 9,000 से अधिक मौतें होने की आशंका है। यूरोपीय रोग निवारण एवं नियंत्रण केंद्र (ईसीडीसी) की निदेशक पामेला रेंडी-वैगनर ने यह जानकारी दी है। गत 21 मई को ईसीडीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया कि 2024 में यूरोप में एक दशक से ज्यादा समय में यौन संचारित संक्रमणों की सबसे ज्यादा दरें देखी गई, जिसमें सिफलिस और गोनोरिया शामिल हैं। ईयू ऑब्जर्वर न्यूज एजेंसी ने बुधवार को रेंडी-वैगनर के हवाले से कहा कि हम यूरोप में आने वाले तीन सालों में 80,000 नए एचआईवी संक्रमण और टीबी से 9000 से ज्यादा मौतें देखेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईयू रेगुलेटर का अनुमान है कि टीबी और यौन संचारित संक्रमणों में तेजी से बढ़ोतरी होगी। साथ ही, इन बीमारियों की वजह से ईयू, आइसलैंड, लिकटेंस्टीन और नॉर्वे में हर साल 59000 मौतें होती हैं। ईयू, आइसलैंड, लिकटेंस्टीन और नॉर्वे में अभी लगभग 800000 लोग एचआईवी के साथ जी रहे हैं।

## अमेरिका का रूस के साथ संबंध बनाए रखना जरूरी: रुबियो

**■ हमारे द्विपक्षीय संबंधों में ऐसे मुद्दे हैं, जिनका यूक्रेन से कोई लेना-देना नहीं है: विदेश मंत्री**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि यूक्रेन में जारी संघर्ष के बावजूद अमेरिका को रूस के साथ संबंध और बातचीत बनाए रखनी चाहिए। रुबियो ने संसद की विदेश मामलों की समिति की सुनवाई में कहा कि कम से कम हमें रूसियों के साथ संबंध और बातचीत जारी रखनी ही होगी।

हमारे द्विपक्षीय संबंधों में ऐसे मुद्दे हैं, जिनका यूक्रेन से कोई लेना-देना नहीं है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने विश्वास जताया कि यूक्रेन संघर्ष का समाधान होने के बाद अमेरिका-रूस संबंध अधिक दोस्ताना और संभालने में आसान हो जाएंगे। उन्होंने बुधवार को दावा किया कि अमेरिका-यूक्रेन संघर्ष पर मध्यस्थता के प्रयासों को फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। रुबियो से जब पूछा गया कि क्या मध्यस्थता में ट्रम्प प्रशासन फिर से शामिल होने के लिए तैयार है, तो उन्होंने जवाब दिया कि हम ऐसा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने हालांकि इस बात पर भी जोर दिया कि अमे. रिका के अब तक के प्रयास 'कम फलदाई' रहे हैं।

## डीआरसी से यात्रा प्रतिबंध को हटाया जाए: टेड्रोस

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महा. निदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेएसस ने कई देशों से अपील की है कि वे कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में फैली इबोला महामारी के कारण लगाए गए यात्र प्रतिबंधों को हटाएं।







# इजरायल-लेबनान सशर्त संघर्ष विराम पर सहमत

## वॉशिंगटन डीसी में हुई इस अहम कूटनीतिक वार्ता में हिजबुल्ला को शामिल नहीं किया गया

**वाशिंगटन।** इजरायल और लेबनान अमे. रिका की मध्यस्थता में हुई बातचीत के बाद संघर्ष विराम लागू करने पर सहमत हो गए हैं। अल जजीरा के रिपोर्ट के अनुसार, दोनों देशों ने हालांकि स्पष्ट किया है कि इस शांति समझौते का भविष्य पूरी तरह से 'हिजबुल्ला के हमलों को पूर्णत: बंद करने' और दक्षिणी लेबनान से अपने लड़ाकों को हटाने पर निर्भर करेगा। उल्लेखनीय है कि वाशिंगटन डीसी में बुधवार को हुई इस अहम कूटनीतिक वार्ता में हिजबुल्ला को शामिल नहीं किया गया था।

आधिकारिक तौर पर आपस में कोई राजनयिक संबंध न रखने वाले दोनों पड़ोसी देशों ने इस बैठक में सीमावर्ती इलाकों में कुछ सुरक्षित क्षेत्र (पायलट जोन) बनाने पर भी सहमति जताई। इन विशेष क्षेत्रें में किसी भी गैर-सरकारी हथियारबंद संगठन या बाहरी तत्व के प्रवेश पर पूरी तरह रोक होगी और पूरे क्षेत्र का नियंत्रण विशेष रूप से लेबनान की सरकारी सेना के हाथों में सौंप दिया जाएगा। यह कूटनीतिक प्रगति ऐसे समय में हुई है जब बुधवार को दिन भर सीमा पर दोनों ओर से भारी गोलाबारी जारी रही। हिजबुल्लाह ने जहां इजरायली सैनिकों को निशाना बनाकर हमले किए, वहीं इजरायल की ओर से दक्षिणी लेबनान में की गई बमबारी में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। इस शांति समझौते की घोषणा के कुछ ही समय बाद उत्तरी इजरायल में संभावित हवाई हमले के सायरन भी सुने गए, जिससे स्थिति की संवेदनशीलता साफ दिखाई देती है। कूटनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार, यह समझौता कोई नया संघर्ष विराम नहीं है, बल्कि मई महीने में तय हुए 45 दिनों के पुराने संघर्ष विराम विस्तार को ही आगे बढ़ाने और उसका सम्मान करने की एक साझा प्रतिबद्धता है। युद्धरत पक्ष हिजबुल्लाह के इस वार्ता की मेज पर मौजूद न होने के कारण जमीन पर इस समझौते के पूरी तरह अमल में आने को लेकर अंतर्राष्ट्रीय हलकों में अभी भी कई तरह की आशंकाएं और सवाल बने हुए हैं। दोनों पक्ष इस अस्थाई व्यवस्था को एक स्थाई और 'व्यापक समझौते' का रूप देने के उद्देश्य से आगामी 22 जून और उसके बाद एक बार फिर उच्च स्तरीय बैठक करेंगे। दूसरी ओर, इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने गुरुवार को एक कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि सीजफायर के ऐलान के बावजूद इजरायली सेना फिलहाल लेबनान में अपनी सैन्य कार्रवाइयां बंद नहीं करेगी और न ही वह वहां से पीछे हटेगी।



**■ यह कूटनीतिक प्रगति ऐसे समय में हुई है जब दिन भर सीमा पर दोनों ओर से भारी गोलाबारी जारी रही**







